# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, रविवार 9 जून 2024

CHHATTISGARH EDUCATION AND CAREER GUIDANCE

CHHATTISGARH EDUCATION AND CAREER GUIDANCE
श्रेष्ठानी विद्या दानानि सर्वदा।

Get 100% Confirm Admission

Now IN MBBS

MD MS/BAMS/BDS

- MBBS@CHHATTISGARH
- MBBS@MAHARASHTRA
- MBBS@UTTAR PRADESH
- MBBS@KARNATAKA
- MBBS@TAMILNADU
- MBBS@WEST BANGAL
- MBBS@RAJASTHAN
- MBBS@KERALA



DEEMED UNIVERSITY PACKAGES : OBC/ST/SC - 129 + MARKS, OPEN - 164 + MARKS

GET ADMISSION IN MBBS STARTING @ 85 LACS

PACKAGE PAYABLE IN EQUAL INSTALLMENTS OVER 4.5 YEARS.

- BAMS@CHHATTISGARH/MP/ODISHA/UP/KARNATAKA

WHYTO MOVE OUTSIDE INDIA

Qualified Neet or Not Qualified 2024?

Don't Worry About Medical Admission

GET SPOT ADMISSION IN MBBS & STUDY IN INDIA

@35 LACS PACKAGE


INSTALLMENTS FOR 5 YEARS

Vibrant Campus with 150 Bed Multi speciality Hospital, Lush Green Campus in Main City with all required amenities at Bengaluru Karnataka

Address. : Shyam Nagar Road, Opp. Gali No. 4, Telibandha, Raipur (C.G.)

Email : cgeducationcareer@gmail.com

9981066733, 9522730733, 8109965448, 8871530433, 07714338442, 9179950577



# सुशासन और
# समग्र विकास

**निर्भीक, अनवरत, अनथक और उदार नेतृत्व के साथ विकसित भारत के संकल्प के पूर्णता की शपथ**



**श्री विष्णु देव साय**
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

**सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास**

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


मौसम विभाग ने किया ऐलान



# न गरजा... न चमका, चुपके से सुकमा पहुंचा मानसून

## दिनभर वर्षा नहीं, प्रदेश को करना होगा इंतजार

*मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ में मानसून की इंट्री का ऐलान कर दिया। विभाग के अनुनसार सामान्य तारीख से पांच दिन पहले सुकमा के माध्यम से दक्षिण-पश्चिम मानसून ने छत्तीसगढ़ में प्रवेश कर लिया है। हालांकि आज दिनभर सुकमा में बारिश नहीं हुई। इसके आगे बढ़कर रायपुर समेत पूरे प्रदेश में सक्रिय होने के लिए अभी कुछ दिनों तक इंतजार करना होगा। केरल के ऊपर बने चक्रवात की वजह से बारिश की गतिविधि और मानसून की रफ्तार 13 जून के आसपास ही जोर पकड़ेगी।*

**हरिभूमि न्यूज/रायपुर।** मौसम विज्ञान केंद्र की विशेषज्ञ गायत्री कांची भोथला ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसून ने आगे बढ़ते हुए दक्षिण महाराष्ट्र, तेलंगाना दक्षिण छत्तीसगढ़ के कुछ भाग दक्षिण, ओडिशा के कुछ भाग, तटीय आंध्रप्रदेश के कुछ भाग पर आठ जून को दस्तक दे दी है। पहली बार मानसून का शेष पेज 3 पर



### कब माना जाता है मानसून

- जब पश्चिमी हवा प्रबल हो
- सार्थक नमी हो और बादल छाए रहें
- लगातार बारिश की संभावना बनी रहनी चाहिए

### गर्मी बढ़ेगी

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक पिछले कुछ दिनों से गर्मी से राहत महसूस की जा रही थी, मगर वातावरण में शुष्कता बढ़ने की वजह से गर्मी बढ़ने के आसार बन रहे हैं। अभी राज्य का सर्वाधिक तापमान 42-43 डिग्री दर्ज किया जा रहा है, जिसमें एक से दो डिग्री की बढ़ोतरी होने के आसार बन रहे हैं।

### फैक्ट फाइल

*चक्रवात का असर, 13 के आसपास बढ़ेगी वर्षा की गतिविधि*

### रायपुर में झमाझम के लिए इंतजार

मौसम विशेषज्ञों की मानें, तो रायपुर में मानसून आने की सामान्य तिथि 16 जून है। इस बार भी दक्षिण-पश्चिम मानसून की रफ्तार और एक्टिविटी को देखते हुए उसके सामान्य तिथि के आसपास ही रायपुर पहुंचने के आसार हैं। पिछले साल रायपुर में मानसून की इंट्री 23 जून को हुई थी।

### हल्की वर्षा के आसार

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अगले चौबीस घंटे में राज्य के कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चल सकती है। अधिकतम तापमान में अगले दो दिनों तक कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है, उसके बाद मामूली वृद्धि होने के आसार बन रहे हैं।

---

शपथ ग्रहण समारोह की तैयारी पूरी, आज शाम 7:15 बजे समारोह

# तीसरी बार पीएम बनेंगे मोदी, बिहार-आंध्र को मिलेंगे ज्यादा मंत्री, यूपी से होंगे कम, मप्र-छग को 'उम्मीद'

**प्रधानमंत्री पद के लिए नामित नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार रविवार को शपथ लेंगे। वह प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरे राजनेता होंगे। शपथ ग्रहण समारोह में सात देशों के नेता शामिल होने की संभावना है। इधर, केंद्रीय मंत्रिमंडल को लेकर शनिवार को दिनभर बैठकों का दौर जारी रहा। ऐसी चर्चा है कि गृह, वित्त, रक्षा और विदेश जैसे विभाग भाजपा के पास रहेंगे। अन्य सहयोगी दलों को पांच से आठ विभाग मिल सकता है। इस बीच शपथ ग्रहण समारोह में छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय, नवनिर्वाचित सांसद समेत करीब 150 लोग शामिल होंगे।**

हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली

नई सरकार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के विभिन्न घटकों के लिए मंत्रिपरिषद में हिस्सेदारी को लेकर भाजपा नेतृत्व और सहयोगी दलों के बीच गुरुवार को गहन विचार-विमर्श किया गया। अमित शाह और राजनाथ सिंह के अलावा पार्टी अध्यक्ष जे.पी. नड्डा जैसे वरिष्ठ भाजपा नेता सरकार में प्रतिनिधित्व को लेकर तेलुगु देशम पार्टी के एन. चंद्रबाबू नायडू, जेडी(यू) के नीतीश कुमार और शिवसेना के एकनाथ शिंदे शेष पेज 3 पर

- पीएम हाउस में नड्डा और शाह की मौजूदगी में हुई भाजपा बैठक





### बिहार और यूपी के फॉर्मूले को समझें

बिहार से भारतीय जनता पार्टी के जितने सांसद मंत्री बनेंगे, उतने सांसद ही जदयू के भी मंत्री बनेंगे। जेडीयू और भाजपा अलग-अलग जातीय समीकरण के हिसाब से सांसदों के नाम को आगे बढ़ाएंगे। उत्तर प्रदेश से मोदी की टीम में इस बार क्षेत्रीय और सामाजिक समीकरण साधने के साथ ही नए और पुराने चेहरों में संतुलन बिठाने की चुनौती पार्टी नेतृत्व के सामने होगी। शाहजहांपुर के सांसद अरुण सागर की भी लॉटरी लग सकती है। महेंद्र नाथ पांडे के हारने के बाद ब्राह्मण चेहरे के रूप में जितिन प्रसाद, दिनेश शर्मा, महेश शर्मा और लक्ष्मीकांत वाजपेयी में से किसी एक को शामिल किया जा सकता है।



सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अफीक भारत पहुंचे



बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना का स्वागत

### गृह, वित्त, रक्षा और विदेश रहेगा भाजपा के पास!

ऐसा माना जा रहा है कि गृह, वित्त, रक्षा और विदेश जैसे महत्वपूर्ण विभागों के अलावा शिक्षा और संस्कृति जैसे दो मजबूत वैचारिक पहलुओं वाले मंत्रालय बीजेपी के पास रहेंगे। उसके सहयोगियों को पांच से आठ कैबिनेट पद मिल सकते हैं। पार्टी के भीतर जहां शाह और सिंह जैसे नेताओं का नए मंत्रिमंडल में शामिल होना तय माना जा रहा है, वहीं लोकसभा चुनाव जीतने वाले पूर्व मुख्यमंत्री जैसे शिवराज सिंह चौहान, बसवराज बोम्मई, मनोहर लाल खट्टर और सर्बानंद सोनोवाल सरकार में शामिल होने के प्रबल दावेदार हैं।

---

प्रधानमंत्री मोदी पर साधा निशाना

# सोनिया गांधी फिर कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख



हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को शनिवार को एक बार फिर से पार्टी संसदीय दल (सीपीपी) का प्रमुख चुना गया। इस मौके पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर करारा प्रहार किया और कहा कि लोकसभा चुनाव में मोदी की 'राजनीतिक और नैतिक हार' हुई है। उन्होंने नेतृत्व करने का अधिकार खो दिया है।

कांग्रेस नेताओं ने बताया कि संविधान सदन (पुराने संसद भवन) के केंद्रीय कक्ष में हुई कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन शेष पेज 3 पर


- खड़गे ने सोनिया के नाम का रखा प्रस्ताव

### 2014 से लोकसभा में विपक्ष का नेता नहीं

2014 से लोकसभा विपक्ष के नेता के बिना ही चल रही है, क्योंकि कोई भी पार्टी इस भूमिका को संभालने के लिए जरूरी सीटें नहीं जीत पाया। हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनावों के दौरान कांग्रेस उम्मीदवारों ने विश्लेषकों की उम्मीदों को धता बताते हुए 99 सीटें हासिल कीं। 2014 के बाद पहली बार विपक्ष के नेता की भूमिका निभाने के योग्य बने। इस पद के लिए पात्र होने के लिए किसी विपक्षी दल को सदन में कुल सीटों का कम से कम 10 फीसदी सुरक्षित करना जरूरी है।




**लोकसभा चुनावों के परिणाम उम्मीदों के विपरीत हैं। भाजपा 370 पार नहीं कर सकी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) भी 400 आंकड़ा पार नहीं कर पाया। नतीजे ने ऐसे चौंकाया कि भाजपा अपने दम पर 273 का सामान्य बहुमत का आंकड़ा भी हासिल नहीं कर सकी, 240 पर अटक गई। भाजपा नीत राजग ने जरूर स्पष्ट बहुमत हासिल किया। सभी एग्जिट पोल्स ध्वस्त हो गए। विपक्षी गठबंधन इंडिया ने आशा से अधिक प्रदर्शन किया और 234 सीटें प्राप्त कीं, लेकिन इंडिया का सरकार बनाने का सपना पूरा नहीं हो सका। कांग्रेस शतक भी नहीं लगा सकी, 99 पर रह गई। इंडिया में सहयोगी दल सपा और डीएमके ने अच्छा प्रदर्शन किया। टीएमसी ने भी पश्चिम बंगाल में अधिक सीटें जीतीं। इस चुनाव में जहां राजग को स्पष्ट बहुमत मिला और नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। पंडित जवाहर लाल नेहरू के बाद वे दूसरे ऐसे नेता होंगे। विपक्षी गठबंधन इंडिया विपक्ष में रहेगा। राहुल गांधी का नेता के तौर पर कद बढ़ा है। इस बार के नतीजे में सबके लिए संतोष है, सभी दलों व नेताओं को अपनी-अपनी जनशक्ति का पता चला है और डराने-भ्रमित करने वाले नेता भी खारिज हो गए हैं। चुनाव नतीजों व गठबंधन सरकार की चुनौतियों का विश्लेषण करता आजकल का यह अंक...**



# चुनाव परिणामों में सबके लिए संतोष



**विश्लेषण**

अवधेश कुमार

वरिष्ठ पत्रकार

**लोकसभा का चुनाव परिणाम ऐसा है जिसमें ज्यादातर पार्टियों के पास सार्वजनिक स्तर पर संतोष और प्रसन्नता व्यक्त करने के अनेक आधार हैं। हालांकि कोई भी विश्लेषण करने के साथ ही यह भी ध्यान रखना चाहिए कि लगातार दो बार सरकार में रहते हुए तीसरी बार गठबंधन के साथ सरकार बनाना साधारण परिघटना नहीं है। दूसरी ओर विपक्ष की सम्मिलित सीटों का भाजपा के पीछे रहना भी परिणाम का एक बड़ा पहलू है, लेकिन सच यह भी है कि भाजपा की पिछले लोकसभा चुनाव से 63 सीटें और 80 प्रतिशत मत घटे, लेकिन राजग के साथ उसे बहुमत प्राप्त हुआ। कांग्रेस की सीटें 52 से बढ़कर 99 हो गई, मत प्रतिशत में भी लगभग 1.7% का की वृद्धि हुई।**

अठारहवीं लोकसभा का चुनाव परिणाम ऐसा है जिसमें ज्यादातर पार्टियों के पास सार्वजनिक स्तर पर संतोष और प्रसन्नता व्यक्त करने के अनेक आधार हैं। हालांकि कोई भी विश्लेषण करने के साथ ही यह भी ध्यान रखना चाहिए कि लगातार दो बार सरकार में रहते हुए तीसरी बार गठबंधन के साथ सरकार बनाना साधारण परिघटना नहीं है। दूसरी ओर विपक्ष की सम्मिलित सीटों का भाजपा के पीछे रहना भी परिणाम का एक बड़ा पहलू है। लेकिन सच यह भी है कि भाजपा की पिछले लोकसभा चुनाव से 63 सीटें और 80 प्रतिशत मत घटे, लेकिन राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के साथ उसे बहुमत प्राप्त हुआ। कांग्रेस की सीटें 52 से बढ़कर 99 हो गई, मत प्रतिशत में भी लगभग 1.7% का की वृद्धि हुई। इसके साथ तृणमूल कांग्रेस ने 29 और सपा ने 37 सीटों के साथ अपेक्षा से बेहतर प्रदर्शन किया। महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे को नौ एवं शरद पवार को आठ सीटें ऐसी हैं कि वह भी दुखी नहीं। विपक्ष की ओर से उम्मीद से बुरा प्रदर्शन बिहार में राजद का चार सीटें पाना है। इसी तरह जगनमोहन रेड्डी की वाईएसआर कांग्रेस चार सीटों के साथ बुरी पराजय को प्राप्त हुई। विपक्ष में निराशाजनक प्रदर्शन अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी का भी है, जो कांग्रेस से गठबंधन करने के बावजूद दिल्ली में फिर शून्य पर रही और पंजाब ने भी उसे निराश किया। वह केवल तीन सीटों तक सीमित रही है। भाजपा की ओर देखें तो इसके मुख्य साथियों तेलुगू देशम एवं जनता दल यूनाइटेड का प्रदर्शन अच्छा रहा और निश्चित रूप से इन पार्टियों के अंदर उत्साह का भाव है। चंद्रबाबू नायडू लंबे समय बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री बन रहे हैं और विधानसभा में विपक्ष न के बराबर है तथा लोकसभा में भी तेलुगु देशम, भाजपा और जनसेना का ही वर्चस्व है।

## निराशा का वातावरण नहीं

वास्तव में इस चुनाव परिणाम के साथ जिस ढंग से विश्लेषण आने शुरू हुए उनमें ज्यादातर एकपक्षीय थे। कांग्रेस, सपा या दूसरी पार्टियां भले कहें कि जनता ने भाजपा को हरा दिया लेकिन आरंभिक विजय उल्लास का शोर मचाने के दो-तीन दिनों बाद उन्हें भी भान हुआ कि इस परिणाम से उनके लिए सत्ता तक पहुंचना मुश्किल है, इसलिए आईएनडीआईए की बैठक में सरकार गठित करने के प्रयासों का फैसला नहीं हुआ। यह इस चुनाव परिणाम पर बहुत बड़ी टिप्पणी है। दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजग तथा भाजपा संसदीय दल की बैठक हुई और सबमें सार्वजनिक तौर पर उम्मीद और उत्साह का वातावरण देखा गया। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक 4 जून के परिणाम के साथ उत्पन्न सत्तारूढ़ पक्ष के अंदर निराशा का वातावरण कम से कम सतह पर नहीं दिख रहा और आईएनडीआईए के विजय का शोर भी रुका हुआ है। मतों के हिसाब से देखें तो भाजपा अभी भी 36.5 प्रतिशत के साथ सबसे ऊपर है और कांग्रेस 21.19 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर लेकिन दोनों के बीच लगभग 15% का अंतर बताता है कि भारत की राजनीति नरेंद्र मोदी के 10 वर्षों के शासन के बावजूद अभी भी दोनों पार्टियों के लिए कहां-कहां हैं। विपक्ष में सपा को 4.58 प्रतिशत, तृणमूल कांग्रेस को 4.3 प्रतिशत मत मिले हैं। इसके बाद किसी का भी मत प्रतिशत संतोषजनक नहीं है। आप को केवल 1.11 %, तो राजद को 1.57% मत मिला है। वाम दलों में माकपा को 1.76 % मिला।



## तीन बहुत बड़े आघात

भाजपा के लिए निश्चित रूप से उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र तीन बहुत बड़े आघात हैं। अगर उत्तर प्रदेश में ही उसे 32 स्थान और मिल गए होते तो उसे बहुमत प्राप्त हो जाता। उसे 41.37 प्रतिशत वोट मिले हैं जो पिछली बार से करीब 8 प्रतिशत कम है। इस पर गहराई से विचार करने की आवश्यकता है कि ऐसा क्यों हुआ सपा को 33.59 प्रतिशत मत मिले जो आज तक का सबसे बेहतर प्रदर्शन है। कांग्रेस का वोट 6.4 प्रतिशत से बढ़कर 9.46 प्रतिशत हो गया और बसपा का मत 12.8 प्रतिशत से घटकर 9.39 हो गया। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस को 45.76 प्रतिशत तो भाजपा को 38.73 प्रतिशत मत मिला है। दोनों के मतों में पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में यह बहुत बड़ा अंतर है। कम्युनिस्ट पार्टियों ने भी कुल मिलाकर लगभग 6.5 प्रतिशत के आसपास मत प्राप्त किया है जिसमें माकपा 5.67 प्रतिशत है। इसके अलावा कांग्रेस का मत घटकर 4.68 प्रतिशत रह गया है। अगर इन दोनों राज्यों का विश्लेषण करें तो साफ हो जाएगा कि भाजपा के विरुद्ध थोड़े बहुत ही मत बंटे और मुख्य गोलबंदी उत्तर प्रदेश में सपा व कांग्रेस एवं बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के पक्ष में हुआ। महाराष्ट्र में 13 सीटों के साथ कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी है, लेकिन वोट के मामले में भाजपा को 26.18 प्रतिशत तो कांग्रेस को 16.92 प्रतिशत वोट मिले हैं। राकांपा शरद को 10.27 प्रतिशत वोट मिला है तो शिवसेना उद्धव ठाकरे को 16.72 प्रतिशत मिले हैं। इसके परे देखें तो अजित पवार की राकांपा को केवल 3.60 प्रतिशत वोट तथा शिवसेना शिंदे को 12.95 प्रतिशत वोट मिले हैं।


## व्यापक असंतोष कहीं नहीं

इन मतों का हम अपने अनुसार विश्लेषण कर सकते हैं। सच यह है कि इस चुनाव में तीन चार पहलू बहुत साफ दिख रहे थे। एक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के विरुद्ध व्यापक असंतोष कहीं नहीं दिखता था और यह स्थिति नहीं थी कि लोग सरकार को उखाड़ फेंकना चाहते थे। दूसरी ओर विपक्ष को सत्ता में लाना है ऐसा भी मुखर वातावरण नहीं था। इसके साथ भाजपा और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजग के उम्मीदवारों को हर हाल में जिताना ही है यह वातावरण भी ज्यादातर जगह नहीं था, किंतु एक बात अनेक जगह थी जहां भाजपा के कार्यकर्ता, स्थानीय नेता और प्रतिबद्ध समर्थक या तो उदासीन होकर निष्क्रिय थे या फिर मन से काम नहीं कर रहे थे या विरोध में थे। 500 वर्षों के बाद अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण हुआ, रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई, पूरे देश में अभूतपूर्व वातावरण बना, दुनिया भर में भारत विरोधी आतंकवादी मारे जा रहे हैं, भारत विश्व स्तर पर प्रभावशाली भूमिका में है, अर्थव्यवस्था विश्व में सबसे तेज गति से बढ़ रही है, भविष्य की तस्वीरें शानदार हैं। बावजूद अगर भाजपा के लोगों और समर्थकों में सरकार को पूरे देश में हर जगह भारी बहुमत से जीतने के लिए उत्साह से काम करने की प्रेरणा नहीं है और अनेक जगह वे विरोध में है तो यह बहुत बड़ी बीमारी का ही परिणाम हो सकता है जिसकी गहराई से समीक्षा नहीं करने पर भाजपा के लिए आगे बड़ा संकट हो सकता है। गठबंधन सरकार चलाने की मजबूरी में पार्टी का जनाधार घटने का जोखिम रहता है, खासकर भाजपा जैसी विचारधारा और बहुमत में भावुकता से काम करने वाले कार्यकर्ताओं वाली पार्टी को। वैसे प्रधानमंत्री मोदी एवं गठबंधन नेताओं के भाषणों से संतुलन व समन्वय का संदेश निकला है। बावजूद ओडिसा, मप्र, गुजरात, बिहार, दिल्ली, हिमाचल, उत्तराखंड, तेलंगाना आदि में भाजपा का शानदार प्रदर्शन बताता है कि नरेंद्र मोदी नाम, विचार और कार्य व्यवहार का प्रभाव काफी हद तक कायम है। हालांकि कांग्रेस के लिए यह चुनाव विजय उत्सव जैसा नहीं है, क्योंकि लगातार तीन चुनावों में भी वह 100 सीटों के नीचे है तो सत्ता में आने योग्य सीट पाने में उसे कितने वर्ष लगेंगे। यह भी ध्यान रखिए कि भाजपा के साथ जिन 215 सीटों पर उसका सीधा मुकाबला हुआ उनमें 153 पर वह पराजित हुई। पिछली बार 190 सीटों की सीधी टक्कर में भाजपा ने 175 सीट हासिल की थी। भाजपा ने 441 सीटों पर उम्मीदवार उतारे और उसके जीत का दर 55 प्रतिशत से ज्यादा रहा जबकि कांग्रेस ने 328 में केवल 30 प्रतिशत उम्मीदवारों को सफलता दिलाई। इसके विपरीत सपा ने 62 सीटों पर उम्मीदवार उतारे और 37 सीट का अर्थ है कि 60 प्रतिशत विजय।

## चुनाव परिणाम के डरावने पक्ष भी

इस चुनाव परिणाम के डरावने पक्ष भी है। पंजाब से इंदिरा गांधी की हत्या करने वाले सुरक्षाकर्मी बेअंत सिंह के बेटे सरबजीत सिंह, आतंकवाद के आरोपों में जेल में बंद अमृतपाल सिंह और कश्मीर से शेख अब्दुल रशीद उर्फ इंजीनियर रशीद का चुनाव जीतना क्या हमें डराता नहीं है? अमृतपाल खजूर साहब से और राशिद जम्मू कश्मीर की बारामूला सीट से जीत गया है। वह आतंकवाद के वित्त पोषण के आरोप में 9 अगस्त, 2019 से तिहाड़ जेल में बंद है। अमृतपाल को अप्रैल 2023 में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के अंतर्गत गिरफ्तार कर असम की डिब्रूगढ़ जेल भेज दिया गया था। दोनों जेल में हैं, लेकिन चुनाव जीत गए। सरबजीत सिंह खालसा पूरे चुनाव में यही कहता रहा कि जिस प्रधानमंत्री ने श्री अकाल तख्त साहब को उठाया यदि उसका पोता सांसद बन सकता है तो इस अपमान का बदला लेने वाले बेअंत सिंह का बेटा संसद में क्यों नहीं जा सकता। इसके अनुसार अगर लोगों ने मतदान किया तो यह मतदाताओं के सामान्य मनोविज्ञान का परिचायक नहीं है। इसी तरह चुनाव में जाति का बोलबाला और उसके अनुसार आए परिणाम भी बहुत कुछ सोचने को विवश करता है। अभी चुनौतियां और भी हैं।

# वैश्विक पटल पर मुखर रहेगा भारत



**कूटनीति**

प्रभात कुमार रॉय

विदेश मामलों के जानकार

वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में सशक्त नेता की छवि वाले नरेन्द्र मोदी को राजनीतिक तौर पर अपेक्षित सफलता नहीं मिली, जिसकी चाह थी। मोदी की पूरी ताकत झोंकने के बावजूद उनकी अपनी ही पार्टी भाजपा को अपने दम पर लोकसभा में पूर्ण बहुमत हासिल नहीं हुआ। नेशनल डेमोक्रेटिक एलाइंस (एनडीए) भी पिछली दफा 2019 के चुनाव में हासिल 353 सीटों की तुलना में इस बार केवल 293 सीटों पर सिमट गया। एनडीए को बहुमत जरूर मिला है और नरेन्द्र मोदी ही एनडीए सरकार के मुखिया होंगे, पर इस बीच यक्ष प्रश्न है कि मोदी के राजनीतिक तौर पर कमजोर होने पर दुनिया के पटल पर भारत की स्थिति कैसी और क्या होगी? विशेष तौर पर अमेरिका और पश्चिमी देशों में भारत की विराट छवि पर क्या कुछ असर पड़ेगा अथवा नहीं? तो जवाब है कि विदेश नीति के मोर्चे पर चाहे कोई प्रधानमंत्री ताकतवर जनादेश से सत्ता में आए अथवा कमजोर जनादेश से, विश्व पटल पर भारत की हैसियत कदाचित कम नहीं होगी। पूंजी निवेश के लिए भारत आकर्षक गंतव्य बना है और बना रहेगा। भाजपा के घोषणा पत्र में भारत को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने का वादा है और अगले पांच वर्ष के दौरान इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए समुचित प्रयास किया जाएगा। अगले पांच वर्ष में भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था निर्मित करने का लक्ष्य प्राप्त करने की कोशिश भी होगी।

## भारत पश्चिम के लिए महत्वपूर्ण

भारत वस्तुतः अमेरिका और पश्चिम देशों के लिए सदैव एक अत्यंत महत्वपूर्ण देश रहा है। भारत को लेकर तो अमेरिका की कूटनीतिक सोच एकदम स्पष्ट है कि वह विश्व पटल पर चीन की विकट शक्ति को संतुलित करने के लिए भारत को एक बहुत ही महत्वपूर्ण देश स्वीकार करता आया है। अमेरिका के अनेक वरिष्ठ राजनेता व्यक्तिगत रूप से नरेंद्र मोदी को पसंद नहीं करते, तो कुछ अमेरिकी राजनेता मोदी के बेहद निकट भी माने जाते हैं। भविष्य में भारत अगर चीन के विरुद्ध अमेरिका के पक्ष में सन्नद्ध हो जाता है तो पश्चिम और अमेरिका का दबदबा यक़ीनन बढ़ जाएगा और 21वीं सदी में काफी दिनों तक दबदबा कायम भी रह सकता है। दूसरा पहलू यह भी है कि यदि भारत अमेरिका के विरुद्ध रूस के साथ प्रतिबद्धता के साथ खड़ा हो जाए तो फिर पश्चिम का प्रभुत्व इसी सदी में जल्द ही खत्म हो जाएगा। नरेंद्र मोदी का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना अमेरिका और पश्चिमी देशों के लिए बड़ी उम्मीद और सावधानी को लेकर आया है। अंतरराष्ट्रीय मामलात के जानकार फरमाते हैं कि प्रधानमंत्री के तौर पर नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत की विदेश नीति और अधिक शक्तिशाली होकर उभरेगी। निरंतर कमजोर होता हुआ अमेरिका, विस्तारवादी चीन और युद्धरत रूस वैश्विक पटल पर भारत की केंद्रीय भूमिका को और अधिक बढ़ा देंगे। खासकर मददगार देश के रूप में। अंतरराष्ट्रीय राजनीति के अनेक विश्लेषकों का कहना है कि अगले 5 वर्षों में चीन के विरुद्ध सुरक्षा कवच के तौर पर अमेरिका के साथ भारत की रणनीतिक साझेदारी और अधिक शक्तिशाली बन जाएगी। अमेरिका और पश्चिमी देशों के साथ भारत के कूटनीतिक अंतरराष्ट्रीय संबंधों के निरंतर ताकतवर होने के साथ ही भारत में लोकतांत्रिक मूल्यों में कथित गिरावट के विषय में भी गहन चिताएं पश्चिमी देशों में विद्यमान रही हैं। उल्लेखनीय है कि एक वर्ष पूर्व जब मोदी अमेरिका की ऐतिहासिक यात्रा पर गए थे तो अमेरिका के 70 से अधिक सांसदों ने अपने राष्ट्रपति को एक पत्र लिखा था। इस पत्र में आग्रह किया



गया था कि राष्ट्रपति जो बाइडेन भारत में लोकतंत्र के अधोपतन और प्रेस की आजादी को बाधित करने पर अपनी गहन चिंता व्यक्त करें। पश्चिमी देशों में मोदी के आलोचक सवाल उठाते रहे हैं कि भारत में लोकतांत्रिक उदारता में गिरावट आई है, जबकि चुनावी लोकतंत्र शक्तिशाली हुआ है। पश्चिमी देशों का नजरिया है कि भारत की विदेश नीति काफी कुछ आक्रामक हो चुकी है। अमेरिका और कनाडा में अनेक खालिस्तानी आतंकवादियों की हत्याओं को लेकर पश्चिम में काफी नाराजगी प्रकट की जा रही है। मोदी के राजनीतिक तौर पर कमजोर हो जाने से उनके पश्चिमी आलोचक खुश हैं, क्योंकि अमेरिका और कनाडा में ऐसा माना जा रहा है कि भारत की खुफिया एजेंसी का खालिस्तानियों की हत्याओं में हाथ हो सकता है। अमेरिका और यूरोप में भारतीय समुदाय को इस बात की खुशी है कि मोदी तीसरी बार भारत की कमान संभाल रहे हैं, हालांकि इस दफा वे गठबंधन के साथ हैं। भारतीय प्रधानमंत्री के रूप में हैट्रिक कायम करने वाले नरेंद्र मोदी को लेकर पाकिस्तान में अधिक रुचि देखने को मिलती है। पाकिस्तानी जनता भारत के चुनाव के प्रति कदाचित उदासीन नहीं है जैसा कि आमतौर पर समझा जाता है। विगत वर्षों में मोदी ने पाकिस्तान के प्रति आक्रामक रणनीति को अपनाया है। पाकिस्तान का सोचना है कि मोदी के नेतृत्व में भारत और पाकिस्तान के बहुत बिगड़े हुए रिश्ते के सुधारने की कोई उम्मीद नहीं की जा सकती है। इसके बावजूद पाकिस्तान का सोशल मीडिया मोदी के शासन काल में भारत के आर्थिक विकास और इंफ्रास्ट्रक्चर और निर्माण क्षेत्र के विकास की भरपूर प्रशंसा भी करता रहा है। पाकिस्तान के नीति नियंता सैन्य जनरल और राजनेताओं का कहना है कि नरेंद्र मोदी इस्लामीफोबिया के पैरोकारों में शामिल हैं। भारत-पाक के मध्य कश्मीर विवाद को लेकर और अधिक तनाव बढ़ सकता है। ऐसा प्रतीत होता है है कि भारत विश्व पटल पर पाकिस्तान को लगातार अलग-थलग रखने की अंतरराष्ट्रीय कोशिशें जारी रखेगा।

## बांग्लादेश में स्वागत

बांग्लादेश में नरेंद्र मोदी के तीसरी दफा प्रधानमंत्री बनने काफी गर्मजोशी से स्वागत किया गया है। वर्ष 2014 में जब से नरेंद्र मोदी की सरकार हिंदुस्तान में आई दोनों देशों के बीच रिश्ते काफी घनिष्ठ और गर्मजोशी वाले बने रहे हैं। इसी दौरान दोनों देशों के बीच दशकों से चल रहे हैं अनेक विवाद सुलझाए गए हैं। शेख हसीना ने हमेशा ही फरमाया है कि बांग्लादेश किसी पार्टी विशेष के स्थान पर भारत सरकार के साथ संबंधों को शक्तिशाली बनाए रखने को प्राथमिकता देता है।

## नेपाल में उत्सुकता

भारत के आम चुनाव को लेकर नेपाल में भी बहुत ज्यादा उत्सुकता बनी रही। प्रायः देखा गया कि दिल्ली में किसी भी राजनीतिक दल की सत्ता रहे दोनों देशों के बीच आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संबंधों पर बहुत अधिक असर नहीं पड़ता। भारत में हिंदुत्व के एजेंडे से जुड़ी पार्टी के सत्तासीन होने का नेपाल में हिंदू राज की पुरानी विरासत को फिर से पुनर्जीवित करने में रुचि रखने वाले राजनेताओं की सक्रियता बढ़ जाती है। 2014 में पहली बार नरेंद्र मोदी के सत्तासीन होने के पश्चात नेपाल में भूकंप में भारत द्वारा नेपाल की जबरदस्त मदद की गई। नेपाल में अंजाम दी गई आर्थिक नाकाबंदी के बाद भारत और नेपाल के संबंधों में खटास आई। अग्निवीर योजना के कारण भारतीय सैन्य सेवा में गोरखा सैनिकों की भर्ती बाधित हुई है। चिंता का विषय है कि साम्यवादियों के नेतृत्व में नेपाल का झुकाव चीन की तरफ निरंतर बढ़ रहा है। नेपाल के सेंट्रल बैंक में अभी पांच करोड़ मूल्य के पुराने भारतीय नोट पड़े हैं, जिन्हें 2016 में अंजाम दी गई नोटबंदी के कारण भारत सरकार द्वारा स्वीकार करने से इंकार कर दिया था। वर्तमान भारत की विदेश नीति विश्व मैत्री और विश्व शांति पर आधारित है यह पूर्वाग्रह से पूर्णतः मुक्त है और सैन्य गुटबंदियों से भी से भी एकदम मुक्त है। **शक्ति संतुलन :** अपनी तीसरी पारी में नरेन्द्र मोदी बहुध्रुवीय विश्व के सभी शक्ति केंद्रों के साथ संतुलन बनाकर रखेंगे, वैश्विक शांति के प्रयास करते रहेंगे,मदद का हाथ बढ़ाते रहेंगे और भारतीय हितों के अनुरूप ट्रेड व सामरिक संबंधों को मजबूत करते रहेंगे।

# जनादेश में पक्ष-विपक्ष दोनों को संदेश



**चुनाव परिणाम**

अंजलि मिश्रा

राजनीतिक विश्लेषक

लोकसभा चुनाव के परिणामों की पक्ष-विपक्ष अपनी-अपनी तरह से व्याख्या कर रहा है। मगर नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता के सर्वोच्च शिखर रथ पर सवार होने के बावजूद भाजपा अपने दम पर जिस तरह बहुमत से पिछड़ गई उसका संदेश है कि जनादेश केवल गठबंधन सरकार बनाने का ही नहीं है, बल्कि मजबूत विपक्ष का भी है। लोकसभा में सत्ताधारी एनडीए और विपक्षी गठबंधन इंडिया को मिले सीटों के आंकड़े इस आशय की तस्दीक भी करते हैं कि जनता देश में लोकतंत्र की मजबूती हर हाल में सुनिश्चित करना चाहती है और प्रचंड बहुमत की सत्ता के खतरों को लेकर वह सजग ही नहीं बेहद सतर्क भी है।

देश के संविधान की आत्मा के अनुरूप सत्ता-संचालन के स्पष्ट संदेश का यह जनादेश मोदी और भाजपा के लिए बदली परिस्थितियों में नई तरह की राजनीति के दौर शुरू करने के लिए है। जिसमें सत्ता टकराव की जगह समभाव रखते हुए व्यापक आम सहमति की राजनीति की राह पर चले, जहां पक्ष-विपक्ष एक दूसरे के दुश्मन नहीं बल्कि राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी होते हुए भी राष्ट्र की लोकतांत्रिक प्रगति और विकास के दो अटूट पहिए के रूप में दिखाई पड़ें। विभाजनकारी राजनीति के ज्वर से देश के सामाजिक और लोकतांत्रिक ताने-बाने को होने वाले गंभीर नुकसान को लेकर जनता ने ध्रुवीकरण की राजनीति को खारिज करते हुए लाल झंडी दिखा दी है। राम जन्म भूमि मंदिर निर्माण की नगरी अयोध्या, प्रयागराज, रामटेक, रामेश्वरम-कन्याकुमारी से लेकर हमारे ऐतिहासिक धार्मिक नगरों के चुनावी नतीजों में भाजपा की पराजय से बड़ा इसका कोई दूसरा सबूत नहीं हो सकता कि लोगों की आस्थाओं को सत्ता-सियासत का औजार बनाने के उपक्रम को जनता बखूबी समझ जाती है। जनता के समर्थन से सिंहासन पर आसीन होने के बाद जनता की सेवा ही सरकार का दायित्व है। यह बात राजनेताओं और राजनीतिक पार्टियों को समझने की जरूरत है।

लोकसभा चुनाव के नतीजों ने जहां भाजपा को देश की वास्तविकता के स्वरूप से रूबरू कराया है वहीं इंडिया गठबंधन की अगुवाई कर रही विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस को इसने राहत दी है। पिछली दो लोकसभा में मुख्य विपक्षी दल का आधिकारिक दर्जा हासिल करने लायक सीटें जुटाने में असफल रही कांग्रेस ने 2024 में 99 सीटों के साथ शतक की दहलीज पर पहुंच गई है। चुनाव अभियान के दौरान जब पीएम मोदी और अमित शाह से लेकर भाजपा के तमाम शीर्ष नेता उनके 400 सीटों के दावे के मुकाबले में कांग्रेस को 40 सीटें भी नहीं मिलने की भविष्यवाणी कर रहे थे, तब मुख्यधारा की मीडिया से लेकर तमाम चुनावी विशेषज्ञ इसमें छौंक लगाते हुए देश के कांग्रेस मुक्त होने की टीका-टिप्पणी करने से भी गुरेज नहीं कर रहे थे। मगर नतीजों ने



साबित कर दिया है कि कांग्रेस पार्टी देश में भाजपा के मजबूत विकल्प के रूप में न केवल कायम है बल्कि उसकी वैचारिक धारा को समाप्त करने के प्रयासों को जनता स्वीकार नहीं करेगी। इसमें दो राय नहीं कि कांग्रेस व इंडिया की सफलता में राहुल गांधी की भूमिका अहम है। कन्याकुमारी से कश्मीर और मणिपुर से मुंबई तक की उनकी भारत जोड़ो तथा भारत जोड़ो न्याय यात्राओं ने कांग्रेस की कायापलट की इस कहानी का सियासी आधार तैयार करने में अहम भूमिका निभाई है। इसका एक अर्थ यह भी है कि देश की राजनीति में आने वाले समय में जनता राहुल गांधी की ज्यादा व्यापक और बड़ी भूमिकाओं में निरंतर सक्रिय देखना चाहती है। कांग्रेस कार्यसमिति की शनिवार को हुई बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर राहुल गांधी से लोकसभा में नेता विपक्ष बनने का किया गया आग्रह जनता की ऐसी ही आकांक्षाओं के अनुरूप है। कार्यसमिति के प्रस्ताव का संदेश साफ है कि राहुल गांधी 18वीं लोकसभा में नेता विपक्ष की जिम्मेदारी संभालने जा रहे हैं। चुनाव में अपनी राजनीतिक क्षमता का दमखम दिखाने के बाद राहुल नेता विपक्ष का पद संभालते हैं तो इसका दोहरा संदेश जाना तय है। पहला जहां इसके जरिए वे विपक्षी गठबंधन के भविष्य में प्रधानमंत्री पद के स्वाभाविक चेहरा होंगे। दूसरा भाजपा-संघ के वैचारिक तंत्र की ओर से बार-बार उनको एक अनिच्छुक राजनेता बताने के दुष्प्रचार पर संपूर्ण विराम लग जाएगा। लोकसभा चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने सीधे-सीधे प्रधानमंत्री मोदी की सरकार पर जिस तरह आक्रामक हमले कर उनके अभेद्य-अपराजेय होने की धारणा को लगभग तोड़ा है उसे देखते हुए संसद के भीतर नेता विपक्ष के रूप में वे 'इंडिया' के लिए अहम साबित हो सकते हैं। हालांकि इस क्रम में राहुल को तृणमूल कांग्रेस तथा आम आदमी पार्टी जैसे इंडिया के कुछ घटक दलों के साथ रिश्ते सहज रखने की चुनौती होगी, क्योंकि ये दोनों दल विपक्षी गठबंधन का हिस्सा होते हुए भी कांग्रेस का वर्चस्व स्वीकार करने से हिचकते रहे हैं।

कांग्रेस इंडिया गठबंधन लोकसभा में अपनी ताकत के सहारे जहां सरकार को मनमाने फैसले लेने से रोकने में सक्षम है। वहीं यह भी तय है कि देश के विकास व राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों और सवालों पर विपक्ष सकारात्मक भूमिका निभाएगा, क्योंकि कम से कम कांग्रेस और राहुल राष्ट्रहित और राजनीतिक हित को अलग-अलग रखने की अहमियत को जानते हैं।

नई लोकसभा के स्वरूप से यह भी सुनिश्चित हो गया है कि राजनीति पाला बदल के प्रयासों की आशंका हमेशा बनी रहेगी। पक्ष और विपक्ष दोनों इसको लेकर सतर्क रहेगा। भाजपा अपने चेहरे को एनडीए के सहारे लोकसभा अध्यक्ष बनाने के लिए हर दांव चलेगी। वहीं इंडिया गठबंधन गैर भाजपा दल से स्पीकर बने इसका प्रयास करेगा, ताकि सांसदों को तोड़कर सदन में बहुमत का आंकड़ा जुटाने जैसे खेल के खतरों को कम किया जा सके। भाजपा के लिए इसमें चुनौती होगी, क्योंकि उसके दो एनडीए सहयोगी तेलुगु देशम और जदयू दोनों पार्टियों में तोड़-फोड़ की सियासत से लेकर ध्रुवीकरण को हवा देने वाले एजेंडे को सहज रूप में स्वीकार्य नहीं करेंगे। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी के लिए तीसरा कार्यकाल उनके राजनीतिक कौशल की असल परीक्षा का दौर होगा। वे अपने राजनीतिक जीवन में पहली बार असल में गठबंधन की चुनौतियों से रूबरू होंगे। मोदी के नेतृत्व में निस्संदेह देश आगे बढ़ेगा।

रायपुर, रविवार 9 जून 2024 | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष तृतीया | वर्ष : 22, अंक : 321 | पृष्ठ : 14+8 = 22, मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

ग्राउंड रिपोर्ट- 1, सरगुजा संभाग

स्कूल जतन योजना का सरगुजा में बुरा हाल



# सैकड़ों स्कूल भवनों की मरम्मत अधूरी

## जर्जर भवनों को ढहाने के बाद नहीं हुआ नवीन भवनों का निर्माण





### निर्माण के नाम पर खोद दी नींव

योजना के तहत विकासखण्ड बतौली अंतर्गत कोरवापारा एवं तुरकापारा स्थित जर्जर प्राथमिक शाला भवन को ढहाकर नवीन भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई थी। ठेकेदार ने दोनों भवनों को ढहाने के बाद भवन निर्माण के लिए नींव खोदकर छोड़ दी है। इसी तरह विकासखण्ड मैनपाट अंतर्गत मिडिल स्कूल जामडीह, महारानीपुर, कदनई एवं प्राथमिक शाला जामडीह, सपनादर, रजखेता का नया भवन बनाने के लिए जर्जर भवन को अभी ढहाया तक नहीं गया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरगुजा/कोरिया

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

एक सप्ताह बाद नया शिक्षा सत्र प्रारंभ होने वाला है लेकिन सरगुजा के सैकड़ों स्कूल भवनों की मरम्मत अब तक पूरी नहीं हो सकी है। शासन ने सैकड़ों जर्जर एवं खतरनाक स्कूल भवनों को ध्वस्त कर नया भवन बनाने की स्वीकृति प्रदान की है लेकिन नए भवन का निर्माण तो दूर अभी तक लगभग एक दर्जन भवनों को तोड़ा भी नहीं जा सका है। ठेकेदारों ने कहीं नींव खोदकर तो कहीं स्कूल भवन की छत उखाड़कर छोड़ दिया है। इन भवनों में नए शिक्षा सत्र का शाला प्रवेश उत्सव कैसे मनेगा इसको लेकर शिक्षक काफी चिंतित हैं। तत्कालीन कांग्रेस शासन ने स्कूल जतन योजना के तहत सरगुजा सहित पूरे प्रदेशभर के जर्जर स्कूल भवनों की मरम्मत ▶▶|शेष पेज 3 पर

### करेंगे पूछताछ

सरगुजा संभाग में स्कूल जतन योजना में अपूर्ण स्कूल भवनों की इतनी अधिक संख्या नहीं है। आपको जानकारी है तो हमें उपलब्ध कराएं। हम जिला शिक्षा अधिकारियों से पूछताछ करेंगे।

**- संजय गुप्ता**
संयुक्त संचालक शिक्षा, सरगुजा

### ईई से हुई है चर्चा

सुखरी हाईस्कूल भवन की छत उखाड़कर अब तक निर्माण शुरू नहीं करने के संबंध में आरईएस के ईई से चर्चा हुई है। उन्होंने शिक्षा सत्र प्रारम्भ होने के पूर्व छत ढलवाने का आश्वासन दिया है। सभी भवनों का निरीक्षण करने के बाद ही भुगतान जारी किया जाएगा।

**- एके सिन्हा,** डीईओ

## यूपीएससी के पूर्व चेयरमैन की अगुवाई में कमेटी करेगी जांच

# नीट में कृपांक पाने वाले 1500 से अधिक अभ्यर्थियों के परिणामों की होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

शिक्षा मंत्रालय ने 'नीट-यूजी' मेडिकल प्रवेश परीक्षा में कृपांक पाने वाले 1,500 से अधिक अभ्यर्थियों के परिणामों की पुनः जांच करने के लिए एक समिति गठित की है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। आरोप लग रहे हैं कि अभ्यर्थियों के अंक बढ़ाए गए हैं जिससे परीक्षा में 67 अभ्यर्थियों ने पहला स्थान प्राप्त कर लिया है। इसके बाद यह कदम उठाया गया है। एनटीए के महानिदेशक सुबोध सिंह ने बताया, यूपीएससी के पूर्व अध्यक्ष की अध्यक्षता वाली समिति एक हफ्ते में अपनी सिफारिश देगी और इन अभ्यर्थियों के परिणाम संशोधित किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा, कृपांक दिए जाने से परीक्षा के योग्यता मानदंड पर कोई प्रभाव ▶▶|शेष पेज 3 पर

> मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट के रिजल्ट में कथित गड़बड़ी के बाद मचे हंगामे और सीबीआई जांच की मांग के बीच नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। एनटीए के महानिदेशक सुबोध सिंह ने बताया कि शिक्षा मंत्रालय ने ग्रेस मार्क्स मामले की जांच के लिए एक चार सदस्यीय कमेटी बनाई है। यूपीएससी के पूर्व चेयरमैन की अगुवाई में यह कमेटी एक सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

### क्या है मामला

गौरतलब है कि नीट में 67 छात्रों के 720 में से 720 अंक पाने और कटऑफ के अचानक आसमान छूने के बाद हजारों छात्र, पेरेंट्स और कोचिंग संचालक पेपर लीक का आरोप लगा रहे हैं। कांग्रेस ने भी नीट मामले की न्यायिक जांच कराने की मांग कर डाली है। बहुत से नीट अभ्यर्थियों का आरोप है कि नीट का पेपर लीक होने की वजह से रैंक और नंबर को बुरी तरह प्रभावित किया है। पेपर लीक होने की वजह से रैंक में इनफ्लेशन हुआ है।

एक सप्ताह के भीतर सौंपेगी रिपोर्ट



### छत्तीसगढ़, पंजाब दिल्ली में याचिकाएं

एनटीए का कहना है कि एनईईटी (यूजी) 2024 के उम्मीदवारों द्वारा पंजाब और हरियाणा, दिल्ली और छत्तीसगढ़ के उच्च न्यायालय के समक्ष रिट याचिकाएं दायर की गई थीं। इसमें एनईईटी (यूजी) के आयोजन के दौरान परीक्षा के समय के नुकसान की चिंता जताई गई थी। 5 मई 2024 को कुछ परीक्षा केंद्रों के अभ्यर्थियों ने कहा था कि उन्हें इन केंद्रों पर परीक्षा पूरी करने के लिए पूरे 3 घंटे और 20 मिनट नहीं मिले, जिनमें प्रश्न पत्रों का गलत वितरण, कुछ मामलों में फटे हुए ओएमआर आदि शामिल थे।

# छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं से भरी बस पलटी, तीन की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर हादसा

उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में शनिवार तड़के साढ़े तीन बजे आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर हादसा हो गया। यहां छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं से भरी बस पलट गई। इस हादसे में दो बच्चों समेत तीन लोगों की मौत हो गई और 30 से ज्यादा ▶▶|शेष पेज 3 पर

### पलटने वाली बस पाटन की शर्मा ट्रैवल्स की

बताया जा रहा है कि पाटन के शर्मा ट्रैवल्स से दुर्ग जिला के लोगों को बस माता वैष्णो देवी दर्शन करके लौटते समय फिरोजाबाद के पास पलट गई। धमधा निवासी कुमारी आरती और अन्नपूर्णा की मौत हो गई। हादसे में ग्राम पतोरा निवासी भूषण कुमार साहू, ग्राम थनौद बालोद नूतन साहू, दुर्ग भाग्य लक्ष्मी, आमालोरी दुर्ग कांति यादव, ▶▶|शेष पेज 3 पर

### दिल्ली में रहकर घायलों की सुध ली साय ने, बेहतर उपचार के लिए भेजी टीम



रायपुर। वैष्णो देवी का दर्शन कर लौट रहे पाटन जिला दुर्ग के भक्तों की बस उत्तरप्रदेश के फिरोजाबाद में एक्सप्रेस वे पर हादसे का शिकार हो गई। बस पलटने से 3 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हुए हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इस वक्त दिल्ली में हैं। उन्होंने तत्काल छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, सांसद विजय बघेल, विधायक प्रबोध मिंज और आवासीय ▶▶|शेष पेज 3 पर

- सांसद विजय बघेल, स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल, विधायक प्रबोध मिंज सहित अन्य विधायक फिरोजाबाद पहुंचे

# खारुन ग्रीन के मकान से मिला दो भाइयों का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई/कुम्हारी

दो सगे भाइयों की लाश एक कमरे में मिलने से सनसनी फैल गई। घटना कुम्हारी थाना क्षेत्र का है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि नेशनल हाइवे किनारे पर बने खारुन ग्रीन के ▶▶|शेष पेज 3 पर



- कुम्हारी थाना क्षेत्र की घटना दो दिन से नहीं दिखाई दे रहे थे शराब पीने के आदी थे

### पुलिस को ऐसा संदेह

दोनों भाई शराब पीने के आदी थे। पुलिस को संदेह है कि अधिक शराब पीने से युवकों की मौत हुई होगी। लेकिन पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का खुलासा हो पाएगा। मामले में पुलिस हर एंगल में जांच कर रही है। आसपास के लोगों व परिजनों से भी पूछताछ कर सकती है।

## बम्लेश्वरी ट्रस्ट अध्यक्ष के घर ईडी का छापा



डोंगरगढ़/राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ में बीते दो साल से जारी ईडी की कार्रवाई का दायरा अब राजनांदगांव और डोंगरगढ़ तक पहुंच गया है। ईडी की टीम डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष और राइस मिल संचालक मनोज अग्रवाल एवं राजनांदगांव में एक राइस मिलर के घर दस्तक दी। इस दौरान दस्तावेज खंगाले गए। प्रदेश में ▶▶|शेष पेज 3 पर




अफगानिस्तान 159/6 VS न्यूजीलैंड 75/10

84 रन से जीता अफगानिस्तान

80 रन : रहमानुल्लाह गुरबाज
प्लेयर ऑफ द मैच

श्रीलंका 124/9 VS बांग्लादेश 125/8

2 विकेट से जीता बांग्लादेश

3 विकेट : रिसहद हुसैन
प्लेयर ऑफ द मैच

**आज के मैच**

वेस्टइंडीज VS युगांडा
सुबह : 6 बजे

भारत VS पाकिस्तान
समय : रात 8 बजे

ओमान VS स्कॉटलैंड
समय : रात 10.30 बजे

### टी-20 वर्ल्डकप में भारत पाक की आज भिड़ंत

नई दिल्ली। टी20 वर्ल्ड कप 2024 का सबसे हाई वोल्टेज मैच रविवार को न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। भारतीय समयानुसार रात 8 बजे (यूएसए में सुबह 10.30 बजे) होगा। टी20 वर्ल्ड कप में आठवीं बार दोनों का आमना-सामना होगा। सात बार भारतीय टीम जीती है। एक बार पाकिस्तान को जीत मिली है।






## तरकश

-संजय के. दीक्षित

### अफसरों का रफ्तार और नीयत

छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार ने आचार संहिता समाप्त होने के दूसरे ही दिन कांकेर कलेक्टर अभिजीत सिंह को हटा दिया मगर खबर है कि सरकार स्पीड और साफ नीयत से काम करने वाले अफसरों को प्रोटेक्शन देगी। वैसे भी, ब्यूरोक्रेसी का थंब रुल है कि अफसरों को जब तक संरक्षण नहीं दिया जाएगा, तब तक वे रिस्क लेकर काम नहीं करेंगे। जब आदमी दौड़ता है, तो उसमें गिरने के भी खतरे होते हैं। कई बार अच्छे अफसरों से कुछ चीजें चूकवश हो जाती है। सो, अभी होने वाले आईएएस, आईपीएस के ट्रांसफर में इस बात का ध्यान रखा जाएगा। दरअसल, सरकार स्पीड पर काफी जोर दे रही है। अफसर ईमानदार हों मगर कामकाज की गति धीमी हो तो न तो उससे राज्य को कोई फायदा होता और न ही सरकार को। ऐसे में, दो-एक अच्छे कलेक्टरों की छुट्टी की चर्चाएं, चर्चाएं तक रह जाए, तो आश्चर्य नहीं।

### अफसरों और नेताओं को झटका

छत्तीसगढ़ के वित्त विभाग ने एक बड़ा फैसला लेते हुए किराये की गाड़ियां लेने पर ब्रेक लगा दिया है। विभाग ने आदेश जारी कर कहा है कि अगर बहुत आवश्यक हो तो वित्त से अनुमति लेने के बाद ही गाड़ियां हायर किया जाए। यह आदेश सरकार के साथ ही बोर्ड और निगमों में भी लागू होगा। इस आदेश से अफसरों के साथ ही बीजेपी नेताओं के चेहरे की रंगत भी बदली होगी। क्योंकि, गाड़ियां अफसरों की गुरूर होती है। ब्यूरोक्रेसी का सीधा सा फंडा है...जितने बड़े ठसन वाले अफसर, उतनी लग्जरी गाड़ियां। आईएएस की किसी विभाग में पोस्टिंग होती है तो ज्वाईन करते ही तस्दीक शुरू हो जाती है...सरकारी पुल के अलावा बोर्ड और निगमों से कितनी गाड़ियां मिल सकती है। खुद के अलावा एक वीबी और एक चुनमुन के लिए तो चाहिए ही। यही हाल नेताओं का भी है। मंत्रियों के बंगले में दर्जन भर गाड़ियां खड़ी नहीं तो फिर काहे का मंत्री। बीजेपी राज के कई नेताओं को लोग जानते हैं कि बोर्ड और निगमों में पोस्टिंग के बाद खुद के इस्तेमाल के लिए गाड़ी खरीदकर लगा दिए और बोर्ड से मुंहमांगा किराया भी वसूले। अपनों को उपकृत करने का भी यह बढ़ियां माध्यम है। नेता अपने करीबी समर्थकों की दो-चार गाड़ियां आफिसों में लगवा देते हैं ताकि उसके मौज-मस्ती का इंतजाम हो जाए। मगर जीएडी सिकरेट्री मुकेश बंसल ने आदेश जारी कर अफसरों और नेताओं पर बड़ा वज्रपात कर दिया।

### अविभाजित एमपी, सबसे बड़े नेता

अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह से लेकर कमलनाथ के बेटे और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तक अपनी सीट नहीं बचा सके मगर चरणदास महंत ने पत्नी ज्योत्सना को चुनाव जीतवाकर अपनी रणनीति का झंडा गाड़ दिया। जाहिर है, इन दोंनों राज्यों में सिर्फ एक सीट कांग्रेस की झोली में आई, वह कोरबा से। साढे तीन दशक से एमपी और छत्तीसगढ़ की सियासत में सक्रिय महंत ने स्थानीय, छत्तीसगढ़िया और ओबीसी का ऐसा चक्रव्यूह बनाया, जिसे बीजेपी की सरोज पाण्डेय जैसी तेज-तर्रार नेत्री भी वेध नहीं पाईं। प्रधानमंत्री के सिर पर लाठी मारने वाले बयान से भी उन्हें फायदा ही मिला। उनके खिलाफ बीजेपी का गुस्सा भड़का...चुनाव आयोग ने एफआईआर कराई। महंत ने यह कहते हुए मामले को छत्तीसगढ़ियावाद तरफ मोड़ दिया कि बाहरी लोगों को छत्तीसगढ़ी आती नहीं, मेरे बोलने का मतलब ये नहीं था। लास्ट में तो ये रहा कि बीजेपी के बड़े-बड़े नेता देखते रह गए और महंत ने बीजेपी के वोट बैंक में भी सेंध लगा दिया। कह सकते हैं, इस जीत से कांग्रेस पार्टी में चरणदास का रुतबा बढ़ा है।

### ब्राम्हण...बिल्कुल नहीं!

सरोज पाण्डेय को कोरबा संसदीय सीट से उतारने के समय भाजपा इतना ओवरकांफिडेंस में रही कि उसे ये सनद नहीं रहा कि मुकाबला जांजगीर और कोरबा इलाके से 35 बरस से सतत संपर्क रखने वाले चरणदास महंत से है। और यह भी कि, 2009 में कोरबा लोकसभा सीट बनने के बाद बीजेपी का ब्राम्हण कंडिडेट कभी जीता नहीं। 2009 में करुणा शुक्ला हारी और 2019 में ज्योतिनंद दुबे। 2014 में ओबीसी से वंशीलाल महतो को बीजेपी ने टिकिट दिया और वे जीते भी। दरअसल, कोरबा लोकसभा इलाके में आठ में से छह विधानसभा बीजेपी के पास है, इसी में वह गच्चा खा गई। बहरहाल, बीजेपी के तीसरे ब्राम्हण उम्मीदवार की हार के बाद कोरबा में कोई भी पार्टी अब ब्राम्हण पर दांव नहीं लगाएगी।

### आईएएस का पुनर्वास केंद्र

दिल्ली में रेजिडेंट कमिश्नर की अपनी अहमियत होती हैं। भारत सरकार में स्टेट का काम फास्ट और स्मूथली हो, रेजिडेट कमिश्नर की ड्यूटी होती है। यही वजह है कि दीगर राज्यों में सीनियर अफसरों को पोस्ट किया जाता है, जिसका दिल्ली में अपना प्रभाव हो। मगर छत्तीसगढ़ में कुछेक बार ही सीनियर अफसर पोस्टेड रहे, बाकी समय यह पोस्टिंग आईएएस का पुनर्वास केंद्र रहा। जिन आईएएस अफसरों को दिल्ली नहीं छोड़ना, वे जोर-जुगाड़ लगाकर अपनी पोस्टिंग करा लेते हैं। इस समय कई आईएएस अफसरों की नजरें इस पोस्ट पर टिकी है। कुछ छत्तीसगढ़ में हैं और कुछ ऐसे हैं, जिनका सेंट्रल डेपुटेशन कंप्लीट होने वाला है। रेजिडेंट कमिश्नर का मतलब यह होता है कि दिल्ली में स्टेट पुल से मकान, गाड़ी, ड्राईवर, असिमित नौकर-चाकर समेत और भी कई सुविधाएं। काम इतना ही कि सीएम दिल्ली गए तो एयरपोर्ट जाकर रिसीव कर ले और सीएम के लौटने के बाद फिर फुरसत। बहरहाल, रेजिडेंट कमिश्नर का पद एक अनार सौ बीमार वाला बन गया है।

### पोस्टिंग और किस्मत

नौकरशाहों की पोस्टिंग में किस्मत का बड़ा रोल रहता है। नीलेश श्रीरसागर के केस में आपने देखा ही। विधानसभा चुनाव से पहले उन्हें महासमुंद कलेक्टर से बुलाकर निर्वाचन में पोस्ट किया गया और लोकसभा चुनाव का कोड ऑफ कंडक्ट समाप्त होने के अगले ही दिन उन्हें कांकेर कलेक्टर बनाने का आदेश निकल गया। जशपुर, गरियाबंद और महासमुंद के बाद नीलेश का यह चौथा जिला होगा। नीलेश का लक रहा कि कांकेर जैसा बढ़ियां जिला मिल गया और अभिजीत का हार्ड लक देखिए कि पूरा चुनाव संपन्न करा दिया। काउंटिंग के आखिरी समय में वे हिट विकेट होकर अपना विकेट गंवा बैठे। इसे ही कहते हैं किस्मत अपनी-अपनी। न वे अभिजीत आउट होते और न नीलेश की इतनी जल्दी पोस्टिंग मिलती। ऐसा तो नीलेश ने सोचा भी नहीं होगा।

### कांकेर, चुनाव और विवाद

कांकेर ऐसा जिला है, जहां आमतौर पर चुनाव के दौरान कोई सियासी बवाल खड़ा होता है या फिर अधिकारी की छुट्टी हो जाती है। 2009 के लोकसभा चुनाव में तत्कालीन एसडीएम भुवनेश यादव का बीजेपी के सांसद प्रत्याशी सोहन पोटाई से भीड़ लेकर कलेक्ट्रेट में आने पर नोंकझोंक हो गई थी। इसके बाद भुवनेश को भोपालपटनम भेज दिया गया। 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान कलेक्टर डोमन सिंह हटा दिए गए थे। इस बार पूरे चुनाव पीरियड के दौरान कुछ नहीं हुआ। मगर आखिरी क्षणों में ऐसा कुछ हुआ कि कलेक्टर अभिजीत सिंह की छुट्टी हो गई। इसी कांकेर में मंतूराम पवार ने अपने ही कांग्रेस पार्टी को गच्चा देते हुए आखिरी समय में नाम वापिस लेकर पूरे छत्तीसगढ़ को हतप्रभ कर दिया था। पिछले साल कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर में हुए उपचुनाव में बीजेपी प्रत्याशी रेप केस के मामले में गिरफ्तार कर लिए गए थे।

### *अंत में दो सवाल आपसे*

*1. क्या सरगुजा के आईजी अंकित गर्ग अब बस्तर के नए आईजी होंगे?*

*2. लोकसभा चुनाव के नतीजों को देखकर क्या ऐसा लगता है कि छत्तीसगढ़ में पहली बार के विधायकों को नए मंत्री बनने का मौका मिलेगा?*

# रामोजी फिल्म सिटी के संस्थापक पद्म विभूषण रामोजी राव नहीं रहे

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

■ मोदी ने जताया शोक

प्रसिद्ध मीडिया दिग्गज और रामोजी फिल्म सिटी के संस्थापक रामोजी राव का शनिवार सुबह हैदराबाद में निधन हो गया। वह 87 वर्ष के थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक वह कई दिनों से बीमार चल रहे थे और उनका हैदराबाद में इलाज चल रहा था।

उनके जाने के बाद दक्षिण भारतीय सिनेमा से लेकर बॉलीवुड तक में शोक की लहर है। बता दें कि रामोजी टेलीविजन चैनलों और तेलुगु अखबार ईनाडु के भी प्रमुख थे। उनका निधन मीडिया और फिल्म जगत के लिए बहुत भारी क्षति है। तेलुगु मीडिया और पत्रकारिता में उनका योगदान सराहनीय है।

### रामोजी के निधन से बेहद दुखी हूं : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर लिखा, 'रामोजी राव के निधन से बहुत दुखी हूं. वह दूरदर्शी थे, जो भारतीय मीडिया में क्रांति लेकर आए। उनके योगदान ने पत्रकारिता और फिल्मी दुनिया पर अमिट छाप छोड़ी है। रामोजी में भारत के विकास को लेकर बहुत जज्बा था। मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे उनसे मिलने और उनसे बात करने के कई अवसर मिले। इस मुश्किल समय में उनके परिवार, दोस्तों और असंख्य प्रशंसकों के साथ मेरी संवेदनाएं हैं।



*पद्म विभूषण से सम्मानित थे रामोजी : रामोजी मीडिया के क्षेत्र में बड़ा नाम थे। उनके कई बिजनेस वेंचर और प्रोडक्शन हाउस हैं, जिनमें हैदराबाद स्थित देश का सबसे बड़ा फिल्म स्टूडियो रामोजी फिल्म सिटी, उषा किरण मूवीज, मयूरी फिल्म डिस्ट्रीब्यूटर्स, मार्गदर्शी चिट फंड और डॉल्फिन ग्रुप ऑफ होटल्स शामिल हैं। रामोजी टेलीविजन चैनलों और तेलुगु अखबार ईनाडु के भी प्रमुख थे। उन्हें पत्रकारिता, साहित्य और शिक्षा में योगदान के लिए 2016 में पद्म विभूषण से भी सम्मानित किया गया था।*

### कुछ साल पहले हुआ था कैंसर

रामोजी राव का पूरा नाम चेरुकुरी रामोजी राव था। कुछ साल पहले उन्हें कैंसर हुआ था। हालांकि, इलाज के बाद वह पूरी तरह से ठीक हो गए थे। उनका जन्म 16 नवंबर 1936 को आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले के पेडापरुपुडी गांव में एक किसान परिवार में हुआ था। रामोजी के परिवार में उनकी पत्नी रमा देवी और बेटा किरण हैं। रामोजी के छोटे बेटे चेरुकुरी सुमन की 7 सितंबर, 2012 को ल्यूकेमिया से मौत हो गई थी।

### राजनाथ सिंह ने भी जताया शोक

उधर केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर लिखा, 'रामोजी के निधन से दुखी हूं। वह तेलुगु मीडिया के दिग्गज थे, जिन्होंने मीडिया, फिल्मों और मनोरंजन जगत में अमिट छाप छोड़ी। उनका निधन मीडिया और फिल्म जगत के लिए बहुत भारी क्षति है। मेरी संवेदनाएं इस दुख की घड़ी में उनके परिवार और शुभचिंतकों के साथ हैं।' केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने लिखा, 'रामोजी राव के निधन से दुखी हूं। तेलुगु मीडिया और पत्रकारिता में उनका योगदान सराहनीय है।

■ दिल्ली में दो दिन नो फ्लाइंग जोन घोषित, तीन स्तरीय सुरक्षा के साए में रहेगी राष्ट्रीय राजधानी

## दिल्ली छावनी में तब्दील, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

# धरती से लेकर आकाश तक पुलिस के जवान कर रहे चौकसी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

**आज मोदी का शपथ ग्रहण समारोह**

पीएम नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरे शपथ ग्रहण को देखते हुए दिल्ली पुलिस ने रविवार से दो दिन (9 व 10 जून) तक राष्ट्रीय राजधानी को उड़ान प्रतिबंधित क्षेत्र (नो फ्लाइंग जोन) घोषित किया है।

इस दौरान पैराग्लाइडर, पैरा-मोटर्स, हैंग ग्लाइडर, यूएवी, यूएएस, हॉट एयर बलून, माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट और रिमोट से संचालित विमानों की उड़ान पर प्रतिबंध रहेगा। लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने निषेधाज्ञा आदेश जारी करते हुए कहा कि ऐसी सूचना है कि भारत विरोधी कुछ आपराधिक, असामाजिक तत्व या आतंकवादी आम जनता, गणमान्य व्यक्तियों और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर सकते हैं। दिल्ली क्षेत्र को नो फ्लाइंग जोन घोषित करने के साथ इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों के पास ड्रोन और लेजर बीम गतिविधियों को रोकने के लिए भी निषेधाज्ञा लागू की गई है। बड़ी संख्या में दिल्ली पुलिस व सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया जा रहा है। अनधिकृत वाहन को सुरक्षा क्षेत्रों में प्रवेश करने से रोकने गहन जांच की जा रही है।




### पुलिस ने एडवाइजरी जारी की

पूरे नई दिल्ली इलाके में धारा 144 भी लगा दी गई है। दिल्ली पुलिस की ओर से शपथ ग्रहण को देखते हुए रविवार और सोमवार के लिए कई तरह की पाबंदी भी लगा दी गई हैं। दिल्ली को नो फ्लाइंग जोन घोषित कर दिया गया है। इस दौरान पूरी दिल्ली में पैराग्लाइडर, पैरा-मोटर्स, हैंग ग्लाइडर, यूएवी, यूएएस, माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट, रिमोट से संचालित एयरक्राफ्ट जैसे उप-पारंपरिक हवाई प्लेटफार्मों की उड़ान पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसको लेकर दिल्ली पुलिस ने एक एडवाइजरी भी जारी की है।

### चप्पे-चप्पे पर पुलिस, 500 सीसीटीवी कैमरे

कार्यवाहक पीएम मोदी रविवार को राष्ट्रपति भवन में तीसरी बार पीएम पद की शपथ लेंगे। ऐसे में संसद भवन, राष्ट्रपति भवन और नार्थ साउथ ब्लॉक के चप्पे-चप्पे में सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे। सुरक्षा एजेंसियां इस पूरे इलाके की 500 सीसीटीवी कैमरों से नजर रखेंगी। कर्तव्यपथ थाने में एक कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। जहां पर पुलिस अधिकारी हर छोटी-बड़ी मूवमेंट पर अपनी नजर बनाए रखेंगे।

## मानव तस्करी की शिकार 14 लड़कियों सहित 21 बाल श्रमिकों को कराया मुक्त

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली में दो प्लेसमेंट एजेंसियों पर छापों की कार्रवाई में 14 लड़कियों सहित 21 बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराया गया। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) की अगुआई में की गई इस कार्रवाई में श्रम विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई (डीसीपीयू), मानव दुर्व्यापार (ट्रैफिकिंग) रोधी इकाई, स्थानीय एसडीएम और एसोसिएशन फॉर वालंटरी एक्शन (एवीए) ( बचपन बचाओ आंदोलन) शामिल थे।

बचपन बचाओ आंदोलन की ओर से मिली एक शिकायत पर कार्रवाई करते हुए इस संयुक्त टीम ने पश्चिमी दिल्ली और उत्तर पश्चिमी दिल्ली जिलों में 10 ठिकानों पर छापे मारे। इस दौरान 8 से 17 वर्ष के बीच के कुल 21 बच्चों को मुक्त कराया गया, जिन्हें पढ़ाई और बेहतर जीवन का झांसा देकर यहां लाया गया था। छापामार टीमों ने पाया कि बच्चों को बेहद दयनीय हालत में रखा गया था। छापों के दौरान 10.5 लाख रुपये की नकदी और सोने के आभूषणों की बरामदगी के साथ ही ऐसे हजारों और बच्चों के बारे में दस्तावेजी जानकारी मिली।



*लुभावने वादों के जाल में फंसाकर लाते हैं बच्चों को : बचपन बचाओ आंदोलन के निदेशक मनीष शर्मा ने कहा, "इस छापामार कार्रवाई से गरीब परिवारों के बच्चों की सुरक्षा और उन्हें शोषण एवं दुर्व्यापारियों से बचाने के लिए तत्काल कड़े कानूनों और उन पर सख्ती से अमल की जरूरत एक बार फिर स्पष्ट हुई है।*

### कई राज्यों के बच्चे शामिल

इन 21 बच्चों में से 5 को राजौरी गार्डेन, 3 को निहाल विहार और 13 बच्चों को शकरपुर से मुक्त कराया गया। छापामार टीम को खास तौर से शकरपुर में छापे के दौरान काफी विरोध का सामना करना पड़ा। वहां मुख्य गेट को बंद कर दिया गया था और 4 घंटे बाद दिल्ली के उपराज्यपाल से विशेष अनुमति मिलने के बाद इसे खोला जा सका। छापामार टीम अंदर दाखिल हुई तो पाया कि बच्चे बेहद डरे हुए थे। भूखे और नींद की कमी से जूझ रहे इन बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया। ये बच्चे पश्चिम बंगाल, ओडिशा, असम, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और छत्तीसगढ़ जैसे देश के विभिन्न राज्यों के थे। बचपन बचाओ आंदोलन ने एनसीपीसीआर को दो गई शिकायत में यह मुद्दा उठाया था।

## इजराइल ने चार बंधकों को छुड़ाया, हमलों में मारे गए 55 लोग

**यरूशलम।** इजराइल ने शनिवार को कहा कि उसने हमास के चंगुल से चार बंधकों को छुड़ा लिया है जिनका फलस्तीनी चरमपंथी संगठन ने सात अक्टूबर को किए गए हमले के दौरान अपहरण कर लिया था। सेना ने कहा कि उसने बंधकों को नुसीरात के मध्य में स्थित दो अलग-अलग स्थानों से बचाया गया। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, मध्य गाजा में भारी लड़ाई हुई जहां बंधकों को बचाया गया तथा शनिवार को हुए कई हमलों में बच्चों सहित कम से कम 55 लोग मारे गए। इस बीच, मध्य गाजा के एक अस्पताल के अधिकारी ने कहा कि भीषण लड़ाई के दौरान कम से कम 94 शव वहां लाए गए हैं।

जीएसटी नेटवर्क ने उठाया ये कठोर कदम

## पान मसाला-तंबाकू कारोबारी कर चोरी करेंगे तो नपेंगे, लगेगा जुर्माना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जीएसटी नेटवर्क ने टैक्स चोरी रोकने के लिए पान मसाला और तंबाकू उत्पादों के कारोबारियों के लिए एक नया फार्म जारी किया है। इसके जरिए निर्माता कच्चे माल और तैयार माल का ब्योरा कर अधिकारियों को देंगे।

यह नया फॉर्म जीएसटी एसआरएम-2 है। जीएसटीएन ने इससे पहले ऐसे निर्माताओं की मशीनों के पंजीकरण के लिए जीएसटी एसआरएम-1 फॉर्म जारी किया था। जीएसटीएन ने सात जून को अपने करदाताओं को सूचित किया कि फॉर्म जीएसटी एसआरएम-2 नामक दूसरा फॉर्म भी पोर्टल पर उपलब्ध है।




### कारोबरियों को किया सावधान


पान मसाला और तंबाकू उत्पादों के निर्माण में शामिल करदाता अब संबंधित महीने के लिए खरीदे गए और खपत किए गए कच्चे माल और तैयार माल का विवरण बता सकते हैं। मूर सिंघी के कार्यकारी निदेशक रजत मोहन ने कहा कि नए फॉर्म जीएसटी एसआरएम-2 में कच्चे माल और तैयार माल का विस्तृत मासिक विवरण देना होगा। इस फॉर्म का उद्देश्य पान मसाला और तंबाकू उत्पादों की विनिर्माण प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाना है।

# 600 रुपए में विदेशी श्रद्धालु भी कर सकेंगे दर्शन

एजेंसी ▶▶| वाराणसी

काशी विश्वनाथ धाम अब विदेशी श्रद्धालुओं के लिए भी सुगम हो गया है। विदेश से आने वाले सनातनी श्रद्धालुओं के लिए सुगम दर्शन की शुरुआत की गई है। मंदिर की वेबसाइट पर विदेशी श्रद्धालुओं के लिए दर्शन पूजन के इंतजाम की व्यवस्था को शुरू कर दिया गया है। द्वादश ज्योतिर्लिंग में प्रधान बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए देश ही नहीं विदेश से भी सनातनी काशी पहुंच रहे हैं। विदेशी श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर न्यास ने विदेशी श्रद्धालुओं के लिए सुगम दर्शन की शुरुआत की है।

इसके तहत विदेशी श्रद्धालु 600 रुपए शुल्क देकर बाबा विश्वनाथ के दर्शन पूजन कर सकेंगे। इसके लिए विदेशी श्रद्धालुओं को ओरिजिनल पासपोर्ट लेकर आना आवश्यक होगा। मंदिर की ओर से अंगवस्त्रम और प्रसाद भी प्रदान किया जाएगा। मुख्य कार्यपालक अधिकारी, काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास विश्वभूषण मिश्र ने यह जानकारी दी है।



### सनातनी श्रद्धालुओं को गर्भगृह में प्रवेश की अनुमति

खास बात यह है कि जो सनातनी हिंदू श्रद्धालु होंगे उनको ही गर्भगृह में प्रवेश की अनुमति होगी, बाकी अन्य को बाहर से ही दर्शन की व्यवस्था है। श्रद्धालु मंदिर के हेल्पडेस्क काउंटर से टिकट बुक करा सकते हैं। इस व्यवस्था को ऑनलाइन भी कर दिया जाएगा। 6 साल में 139 देशों के सनातनी श्रद्धालुओं ने बाबा वके दरबार में हाजिरी लगाई है। जनवरी 2023 से मई अप्रैल 2024 के बीच में विदेशी श्रद्धालुओं की संख्या में 5गुना से अधिक की बढ़ोतरी हुई है।

### ये पहुंचे बाबा के दर

- *06 साल में 139 देशों के श्रद्धालुओं ने किए दर्शन*
- *05 साल में विदेशी सैलानियों की संख्या 4 गुना से ज्यादा*
- *2023 से अप्रैल 2024 के बीच 5 गुना से ज्यादा विदेशी श्रद्धालु आए*
- *मार्च 2024 तक आए सबसे अधिक रूस के श्रद्धालु आए*
- *2023 में आए सबसे अधिक अमेरिकी पहुंचे*
- *202-22 में सर्वाधिक रूसी श्रद्धालु पहुंचे बाबा के धाम*

# दिल्ली एयरपोर्ट से दो आरोपी हुए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

ईओडब्ल्यू की टीम ने अनूपपुर में हुए मेडिकल उपकरण खरीदी के फर्जीवाड़े में सीआईएसएफ की मदद से दो आरोपियों को दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में एक भोपाल में मेडिकल कंपनी का डायरेक्टर है। आरोपियों को शुक्रवार को पकड़ा गया और उनको लेकर शनिवार को ईओडब्ल्यू की टीम ने अनूपपुर न्यायालय में पेश किया। रीवा ईओडब्ल्यू की टीम इस मामले में जांच कर रही थी। पूरा मामला नवंबर 2019 में अनूपपुर जिला स्वास्थ्य विभाग में जारी हुए खरीदी टेंडर से जुड़ा है। टेंडर 5 लोगों ने डाले थे और चार की निविदाएं खोली नहीं गई। इसमें एक व्यक्ति को लाभ पहुंचाया गया। वहीं, इस टेंडर में 5 करोड़ का भुगतान कर भी दिया गया। इसके बाद दिसंबर 2020 में आर्थिक अपराध शाखा भोपाल में मामले की शिकायत हुई। जांच के बाद मार्च 2021 में रीवा ईओडब्ल्यू में जीरो पर केस रजिस्टर्ड किया गया था। ईओडब्ल्यू रीवा की टीम ने अगस्त 2023 को अनूपपुर सीएमएचओ दफ्तर पहुंची फर्जीवाड़े से जुड़े दस्तावेजों को जब्त किया था। चार साल तक चली लंबी जांच के बाद ईओडब्ल्यू ने इस मामले में 27 मार्च 2024 को असल कायमी करते हुए अनूपपुर के तत्कालीन सीएमएचओ डॉ. बीडी सोनवानी सहित 13 लोगों को आरोपी बनाया है।

**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking)
CIN: U40108CT2003SGC015821
CSPGCL

No.15-06/S&P/EE-IV/W/TN-56/24 Marwa, dtd.

**NOTICE INVITING TENDER NO. TN: -56/2024**

Sealed tenders are invited for.

| S. No | Tender Spec. No. | Particulars | Last date for sale of tender documents | Due date of Submission /Opening of tender | Tender Fee. | EMD |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 15-06/S&P/EE-IV/W/T-93/24 | Deployment of 1 No. vehicle (SUV) for S.E. (Boiler) and S.E. (T&QA) for discharging their day to day official duties at 2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa. | 01.07.2024 15:30 Hrs | 02.07.2024 15:30 Hrs | Rs. 590/- (500+ GST@ 18%) | Rs. 12,570 /- |

Any Extension/ Corrigendum / amendments, if required, shall be displayed on our website www.cspc.co.in only.

//SAVE ELECTRICITY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION//

Superintending Engineer (Contract)
O/o The Addl. Chief Engineer (S&P)
ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, बोकारो**

**ई–प्रोक्युरमेंट सूचना**
**(एस0बी0डी0 आधारित अल्पकालीन ई–निविदा)**

ई–निविदा प्रसंग संख्या– RCD/BOKARO/753/2024-25(3rd Call) दिनांक–07.06.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | पथ प्रमण्डल, बोकारो अन्तर्गत "नरकी – बोकारो पथ (MDR-078) (कुल लम्बाई 11.00 कि0मी0) के राईडिंग क्वालिटी में सुधार(Improvement of Riding Quality) कार्य, वर्ष 2023–24. |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | 11,55,79,982.00 (ग्यारह करोड़ पचपन लाख उनासी हजार नौ सौ बयासी) रूपये मात्र। |
| 3. | कार्य पूर्ण होने की अवधि | 05 (पॉच) माह। |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन होने की तिथि एवं समय | 14.06.2024, 12.00 बजे दोपहर। |
| 5. | बिड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 28.06.2024, 12.00 बजे दोपहर तक। |
| 6. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यालय, कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, बोकारो |
| 7. | प्रोक्युरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 06542–265569 |
| 8. | ई–प्रोक्युरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651–2400210 |

नोट :– प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है।

विस्तृत ब्यौरा के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता,
PR 325599 Road(24-25)#D पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, बोकारो

Jharkhand tourism Nature's Hidden jewel

**Directorate of Tourism, Government of Jharkhand**
MDI Building, 2nd floor, HEC Campus, Dhurwa, Ranchi - 04
Tele Fax : 0651-2331828
Email: dirjhar handtourism@gmail.com / jtdcltd@gmail.com

Ref. No.:- 547 / 2024 Date :- 07/06/2024

**SHORT TENDER NOTICE**

**Tender Notice RFP for the Selection of an Agency for Event Management, Designing, Execution and Management of Pilgrim Facilities in Shravani Mela 2024**

The Jharkhand Tourism Development Corporation Limited (JTDCL), Government of Jharkhand (GoJ) undertaking intends to invite RFP for the Selection of an Agency for Event Management, Designing, Execution and Management of Pilgrim Facilities in Shravani Mela 2024

The detailed RFP document can be downloaded from the website https://tourism.jharkhand.gov.in and submit their Applications. The Application Due date is on 22/06/2024 at 11:00 hours.

All subsequent notifications, changes and amendments will be posted only on the above website.

Sd/-
Director

PR 325536 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs (24-25)_D

## जैकेट के शेष

### न गरजा न चमका ....

दायरा जगदलपुर के बजाए सुकमा तक ही सीमित रहा है। आने वाले दिनों में वहां वर्षा की गतिविधि बढ़ेगी, मगर इसके राज्य में आगे बढ़ने के लिए चार से पांच दिन तक इंतजार करना होगा। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार केरल के ऊपर बनने वाले ऊपरी हवा के चक्रवात की वजह से नमी उधर चली जाएगी और राज्य में शुष्कता के साथ तापमान बढ़ने से बारिश की गतिविधि में कमी आएगी। चक्रवात जब महाराष्ट्र तक पहुंचेगा, तो नमी की मात्रा बढ़ेगी और 13 जून के आसपास यहां वर्षा के साथ मानसून के आगे बढ़ने की अनुकूल स्थिति बनेगी।

### तीसरी बार पीएम ....

सहित सहयोगी दलों से परामर्श किया। ऐसा माना जा रहा है कि गृह, वित्त, रक्षा और विदेश जैसे महत्वपूर्ण विभागों के अलावा शिक्षा और संस्कृति जैसे दो मजबूत वैचारिक पहलुओं वाले मंत्रालय भाजपा के पास रहेंगे, जबकि उसके सहयोगियों को पांच से आठ कैबिनेट पद मिल सकते हैं। पार्टी के भीतर जहां शाह और सिंह जैसे नेताओं का नये मंत्रिमंडल में शामिल होना तय माना जा रहा है, वहीं लोकसभा चुनाव जीतने वाले पूर्व मुख्यमंत्री जैसे शिवराज सिंह चौहान, बसवराज बोम्मई, मनोहर लाल खट्टर और सर्बानंद सोनोवाल सरकार में शामिल होने के प्रबल दावेदार हैं। सूत्रों ने बताया कि तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के राम मोहन नायडू, जद(यू) के ललन सिंह, संजय झा और राम नाथ ठाकुर तथा लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के चिराग पासवान उन सहयोगियों में शामिल हैं जो नयी सरकार का हिस्सा हो सकते हैं। महाराष्ट्र, जहां भाजपा-शिवसेना-राकांपा गठबंधन का प्रदर्शन खराब रहा है, और बिहार, जहां विपक्ष ने वापसी के संकेत दिए हैं, सरकार गठन की कवायद के दौरान फोकस में हो सकते हैं क्योंकि महाराष्ट्र में अक्टूबर में विधानसभा चुनाव होने हैं, जबकि बिहार में अगले साल चुनाव होंगे। भाजपा के संगठन में होने वाले बदलाव भी पार्टी के मंत्रियों के नामों को अंतिम रूप देते समय चयनकर्ताओं के मन में होंगे।

### सोनिया गांधी फिर ....

खड़गे ने सोनिया गांधी को सीपीपी प्रमुख नियुक्त करने का प्रस्ताव पेश किया, जिसका पार्टी के तीन सांसदों गौरव गोगोई, तारिक अनवर और के. सुधाकरन ने अनुमोदन किया।

फिर से सीपीपी प्रमुख चुने जाने पर सोनिया ने पार्टी नेताओं का आभार जताया और कहा कि कांग्रेस ने इस चुनाव में अपनी दृढ़ता का परिचय दिया है। उन्होंने यह दावा भी किया कि लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी की राजनीतिक और नैतिक हार हुई है। ऐसे में उन्होंने न सिर्फ जनादेश बल्कि नेतृत्व करने का अधिकार भी खो दिया है। सोनिया ने कहा, देश की जनता ने विभाजन की राजनीति और तानाशाही को खारिज करने के लिए निर्णायक वोट दिया है। उन्होंने संसदीय राजनीति को मजबूत करने और संविधान की रक्षा के लिए मतदान किया।

उन्होंने कहा कि 'भारत जोड़ो यात्रा' और 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' ऐतिहासिक आंदोलन थे, जिन्होंने पार्टी में हर स्तर पर नयी जान फूंकी।

## पेज एक के शेष

### सैकड़ों स्कूल भवनों की...

एवं खतरनाक भवनों की मरम्मत निर्माण कराने का निर्णय लिया था तथा इसकी जिम्मेदारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा एवं गृह निर्माण मंडल को सौंपी थी। गृहनिर्माण मण्डल को सीमित संख्या में निर्माण एवं सुधार कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी गई थी इसके बावजूद मंडल एक भी निर्माण कार्य को पूरा नहीं कर सका। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा स्वीकृति मिलते ही ठेकेदारों को सुधार एवं निर्माण कार्यों की जिम्मेदारी सौंप दी थी। हालत यह है कि अभी तक दर्जनों बेहद खतरनाक भवनों का निर्माण शुरू होना तो दूर अभी तक इन्हें ढहाया तक नहीं गया है। चिंता की बात है कि शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को स्कूल भवनों की हालत तक की जानकारी नहीं है वहीं शिक्षक एवं निचले स्तर के अधिकारी ऐसे स्कूल भवनों में शाला प्रवेश उत्सव कैसे मनाएंगे इसको लेकर चिंतित है। ऐसे खतरनाक भवनों में नए शिक्षा सत्र की कक्षाएं संचालित कराना बड़ी चुनौती बनी हुई है। शासन द्वारा स्कूल जतन योजना के तहत सरगुजा जिला में 1252 जर्जर स्कूल भवनों का चयन किया गया है जिनमें 1064 भवनों की मरम्मत का कार्य पूरा हो गया है जबकि 101 स्कूल भवनों की मरम्मत एवं नवनिर्माण पिछले तीन महीने से कछुआ गति से चल रहा है वहीं 87 जर्जर भवनों की मरम्मत एवं नवनिर्माण का कार्य अभी तक शुरू नहीं हो सका है। इसी तरह सूरजपुर जिलान्तर्गत योजना के तहत स्वीकृत 1678 जर्जर स्कूल भवनों में से मात्र 881 भवनों की ही मरम्मत पूरी हो सकी है। शेष 797 स्कूल भवनों में से दर्जनों भवनों की मरम्मत एवं नवनिर्माण शुरू तक नहीं हो सका है। बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में योजनान्तर्गत 1352 जर्जर स्कूलों की स्वीकृति प्रदान की गई थी जिनमें 860 स्कूलों की ही मरम्मत पूरी हो पाई है। जबकि शेष बचे 492 स्कूल भवनों में से दर्जनों की मरम्मत अभी तक शुरू नहीं हो सकी है।

**मरम्मत के नाम पर सिर्फ रंग-रोगन :** प्रारंभ में आईएस ने राजनीतिक प्रभाव रखने वाले लोगों को सैकड़ों युवाओं को स्कूलों के मरम्मत की जिम्मेदारी सौंपी थी। ऐसे ठेकेदारों ने जर्जर स्कूल भवनों का रंग-रोगन करा मरम्मत की खानापूर्ति कर दी तथा प्रधानपाठक से उपयोगिता प्रमाण पत्र भी हासिल कर लिया। मरम्मत के अभाव में हाल में हुई हल्की वर्षा में भी इन स्कूलों की छत टपक रही है। मरम्मत की खानापूर्ति होने के कारण इन स्कूल भवनों में मानसून की वर्षा शुरू होते ही छत टपकने की समस्या निर्मित होगी। स्थिति से अवगत होने के बावजूद विभाग के अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं।

**छत उखाड़ने के बाद ढलाई करना भूला ठेकेदार :** ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अधिकारी किस तरह जर्जर स्कूल भवनों की मरम्मत करा रहे हैं इसका अंदाजा ग्राम पंचायत सुखरी स्थित हाईस्कूल भवन के सुधार कार्य से लगाया जा सकता है। हाईस्कूल भवन के सभी कमरों में छत का पानी टपकता था। विभाग के प्रस्ताव पर शासन ने स्कूल भवन की पूरी छत बनाने के लिए 20 लाख की स्वीकृति प्रदान की थी। ठेकेदार ने गर्मी की छुट्टी शुरू होते ही स्कूल भवन की छत को उखाड़ दिया तथा लम्बा समय गुजरने के बावजूद अभी तक निर्माण शुरू नहीं किया। अब किसी भी हाल में शिक्षा सत्र प्रारम्भ होने तक छत की ढलाई पूरी होने की संभावना नहीं है। ऐसे में नए शिक्षा सत्र में अध्यापन को लेकर अधिकारी एवं शिक्षक परेशान है। सरगुजा संभाग के सबसे बड़े एवं पुराने मल्टीपरपज हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन के शेड निर्माण का कार्य भी लम्बे समय से अधूरा पड़ा है। मल्टीपरपज हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन के शेड निर्माण के लिए 1.82 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है।

**कोरिया एमसीबी जिले के कई स्कूलों की हालत खस्ता :** कोरिया –एमसीबी जिले में कई स्कूल भवनों की हालत जर्जर है। एमसीबी जिले के जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ के अंतर्गत ग्राम पंचायत सोनहरी के मिडिल स्कूल का भवन जर्जर हो जाने की वजह से स्कूल समूह के क्रियाकलापों के लिए कई शेड निर्माण हुआ है। इसमें बैठकर बच्चे पढ़ाई करते हैं। इस क्षेत्र में मात्र आठवीं तक स्कूल है, वह भी जर्जर स्थिति में है। 12वीं की पढ़ाई के लिए यहां से करी करीब 20 किमी दूर जाना पड़ता है। इसी तरह प्राथमिक शाला कछौड़, मुक्तियारपारा, लाई, नई लेदरी आदि जगहों पर भवन की स्थिति जर्जर बनी हुई है। वहीं जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर में गायत्री मंदिर के बगल में स्थित प्राथमिक शाला की हालत जर्जर बनी हुई है, यहां अध्ययन करने वाले बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### नीट में कृपांक पाने वाले...

नहीं पड़ा है। प्रभावित अभ्यर्थियों के परिणामों की समीक्षा से प्रवेश प्रक्रिया पर कोई असर नहीं पड़ेगा। राष्ट्रीय पात्रता एवं प्रवेश परीक्षा (नीट) के कई अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया है कि अंकों को बढ़ाया गया है जिस वजह से 67 अभ्यर्थियों को पहला स्थान मिला है और इनमें से पांच एक ही केंद्र के हैं। एनटीए ने किसी भी अनियमितता का खंडन करते हुए कहा है कि एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तकों में बदलाव तथा परीक्षा केंद्र में समय खराब के लिए दिए गए कृपांक विद्यार्थियों के अधिक अंक आने की वजह हैं।

**कृपांक और टाइम लॉस की होगी जांच :** एनटीए डीजी सुबोध कुमार सिंह ने कहा, यह मसला 1500 से अधिक अभ्यर्थियों का मसला है। पेपर 23 लाख से ज्यादा बच्चों ने दिया था। 4750 सेंटर की बजाय सिर्फ 6 सेंटर का मामला है। कमेटी इन अभ्यर्थियों को दिए गए कृपांक और टाइम लॉस मामले की जांच करेगी। जरूरत पड़ेगी तो इनका रिजल्ट संशोधित किया जा सकता है। इससे नीट रिजल्ट के बाद होने वाली एमबीबीएस व बीडीएस समेत विभिन्न मेडिकल कोर्सेज की एडमिशन प्रक्रिया पर कोई असर नहीं पड़ेगा। कमिटी की जो सिफारिशें आएंगी, हम फैसला लेंगे।

### छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं से...

लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि चालक को नींद की झपकी आने की वजह से ये हादसा हुआ है। बस अनियंत्रित होकर एक्सप्रेस वे से नीचे जाकर पलट गई। सूचना के बाद घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में 7 साल और 14 साल की दो बालिकाएं भी शामिल हैं, जिनकी उपचार के दौरान मौत हो गई। दोनों की अभी शिनाख्त नहीं हुई है। जानकारी के अनुसार, हादसे का शिकार हुई बस छत्तीसगढ़ से आ रही थी। बस में 65 यात्री सवार थे, जिनमें से लगभग 30 से अधिक यात्री घायल हो गए। यह घटना नसीरपुर थाना क्षेत्र के माइलस्टोन 51 पर हुई। सभी लोग छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं, जो वैष्णो देवी से दर्शन कर वृंदावन आए थे और शुक्रवार की रात वापस छत्तीसगढ़ जा रहे थे।

**ड्राइवर को लग गई झपकी :** बस पलटने के बारे में सूचना मिलते ही एक्सप्रेस वे पर मौजूद कर्मचारी व नसीरपुर इंस्पेक्टर मौके पर पहुंचे। तुरंत घायलों को निकालकर संयुक्त चिकित्सालय व फिरोजाबाद मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। नसीरपुर इंस्पेक्टर शेर सिंह ने बताया कि बस चालक को नींद की झपकी लग गई थी, जिसकी वजह से बस पलट गई।

### पलटने वाली गाड़ी...

पुष्पेंद्र निवासी, गीता ठाकुर, मर्रा उतई परसराम, आमालोरी कारती ठाकुर, बतौरा दुर्ग प्रतिमा, आमालोरी तामेश्वरी, विनता बघेल, पूर्णिमा, चेतनलाल मटियारा, लक्ष्मी मटियारा, पतोरा लक्ष्मी साहू, गुण्डरदेही कामनी, आमालोरी जिवराखन पटेल, उतई ललिता, मर्रा दुर्ग रूपा साहू दुर्ग घायल हैं। हादसे को लेकर सांसद विजय बघेल ने मृत लोगों के प्रति अपनी गंभीर संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने जो लोग घायल है, वह जल्द स्वस्थ होकर अपने परिवार में वापस लौटने की कामना की है।

### दिल्ली में रहकर ...

आयुक्त श्रुति सिंह को वहां भेजा है। इसका समन्वय करते हुए डिप्टी सीएम विजय शर्मा हताहतों के बारे में लगातार जानकारी ले रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही सांसद विजय बघेल तुरंत फिरोजाबाद पहुंचे। घायलों से मिलने, उनका हालचाल जानने और इलाज सही से मिले, इसके लिए डाक्टरों से मिलकर इलाज की व्यवस्था में लगे हुए हैं। हादसे में 40 लोग घायल हुए हैं, जिनका इलाज वहां के जिला अस्पताल में किया जा रहा है। जिन तीन लोगों की मौत हुई है, उनमें कुमारी आरती 19 वर्ष धमधा, धर्मेंद्र धीवर उम्र 6 साल, अन्नपूर्णा उम्र 12 साल के नाम शामिल हैं। सांसद विजय बघेल ने दुर्ग कलेक्टर को निर्देश दिया है कि मृतकों के शवों को सम्मान सहित उनके परिवार के पास पहुंचाने का जल्द इंतजाम करें।

### खारुन ग्रीन के ...

मकान से बदबू आने की सूचना पुलिस को मिली थी। टीम मौके पर पहुंची तो दो सगे भाई सुधांशु शर्मा और हिमांशु शर्मा का शव सड़े-गले हालत में मिला। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर दोनों के शव को पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस पूछताछ में कॉलोनी के लोगों ने बताया कि दोनों भाइयों को पिछले 2 दिन से किसी ने नहीं देखा था। जब आसपास के लोगों को मकान से बदबू आने पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने सुधांशु और हिमांशु के परिजनों को बुलाया है। कॉलोनी में उनके कुछ परिवार के लोग भी रहते है।

### बम्लेश्वरी ट्रस्ट अध्यक्ष..

चल रही कस्टम मिलिंग घोटाले की जांच के तहत ही यह कार्रवाई की गई है। अग्रवाल प्रोपेस राईस मिल के संचालक एवं मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल के घर शनिवार सुबह 8 बजे ईडी की टीम द्वारा छापामार कार्रवाई किए जाने की जानकारी सामने आई है। महाराष्ट्र एवं छग प्रदेश की दो गाड़ियों में लगभग 4 से 5 अधिकारियों की टीम समाचार लिखे जाने तक दोपहर ढाई बजे तक उनके खंडूपारा स्थित मकान में विधिवत कार्रवाई करती रही। उल्लेखनीय है कि मनोज अग्रवाल लगातार जिला राईस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर भी मनोनीत रहे हैं। वर्तमान में मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट के अध्यक्ष होने के कारण इस छापामार कार्रवाई की खबर के बाद शहर में चर्चा का माहौल भी गर्म हो गया। छापामार कार्रवाई में ईडी की ही टीम है, न तो इसका खुलासा हो पाया न ही 7 घंटे से चल रही इस कार्रवाई में किस प्रकार की जांच की जा रही है, इसका भी अभी खुलासा नहीं हो पाया। घर के अंदर चल रही कार्रवाई को लेकर तरह-तरह की चर्चा एवं अफवाह का माहौल देखने एवं सुनने को मिला। शहर में चर्चा थी कि उक्त ईडी का छापा आय से अधिक संपत्ति, कांग्रेस शासन काल में नॉन घोटाला, राईस मिलिंग से संबंधित होना बताया जा रहा है।


**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर व जिला रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क./202406114900011
/ब–121/2023–2024
रायपुर, दिनांक 07/06/2024

ग्राम टिकरापारा प.ह.नं. 70

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती बबीता आर्य पति श्री बहादुर आर्य निवासी–न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ०ग०) द्वारा इस न्यायालय में नवीन ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम टिकरापारा प०ह०नं० 70 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा क्रमशः 386/11, 386/38 (शामिल 386/12, 386/13, 386/14, 386/15, 386/16, 386/17, 386/18, 386/19, 386/20, 386/21) का रकबा क्रमशः 0.1230 हे., 0.0740 हे. भूमि कुल खसरा–02 कुल रकबा 0.1970 हे. भूमि आवेदिका के नाम भूमिस्वामी हक में दर्ज है। उक्त भूमि आवेदिका के हक वो भूमिस्वामी हक की भूमि है। उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका अप्राप्त है। अतः आवेदिका द्वारा नवीन ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 20/06/2024 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
रायपुर



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**विविध कार्य हेतु निविदा सूचना**

क्रमांकः निविदा-क्रमांकः सी.ई.सी/बी.एस.पी./24-25/04, दिनांकः 01.06.2024 (ओपेन ई-आर.ए.टेंडर) (टू-पैकेट सिस्टम)

**कार्यः** ''दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर डिविजन के किलोमीटर 941.80 से 942.80 स्पैन 27x30.5 मीटर (उदलकछार-नागपुर रोड) एवं मेजर ब्रिज नंबर - 96 (1x12.2 मी.+ 1x18.30 मी.) किमी. 955.7 से 956.7 (दारीटोला - नगर) के मध्य रेलवे वाया-डक्ट का निर्माण एवं बोरिडांड से सूरजपुर सेक्शन के मध्य दोहरीकरण के निर्माण कार्य सहित संबन्धित विभिन्न कार्यों के क्रियान्वयन हेतु''।

**निविदा मूल्यः** रू. 205,29,73,085.47, **अमानत राशिः** रू. 100,00,000.00, **निविदा दस्तावेज की लागतः** शून्य, **कार्य पूरा होने की अवधि :** 24 (चौबीस) महीना, स्वीकृति पत्र प्राप्त होने की तिथि से। **निविदा बंद होने का समय एवं दिनांकः** 03.07.2024 को 15:00 बजे तक । **निविदा खोलने का समय एवं दिनांकः** 03.07.2024 को 15:30 बजे ।

विस्तृत जानकारी/निविदा दस्तावेज का पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण)/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर -पिन 495004 अथवा उपमुख्य इंजीनियर (निर्माण), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर - पिन 495004 अथवा सी.पी.एम/नॉर्थ निर्माण/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर- पिन 495004 के कार्यालय में संपर्क करे अथवा निविदा कागजात जो हमारी बेवसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है, उसे डाउनलोड कर/देख सकते है।

उप-मुख्य अभियंता/निर्माण/कार्य/।।
सीपीआर/10/85 द.पू.म.रेलवे बिलासपुर
South East Central Railway @secrail



**कार्यालय- कार्यपालन यंत्री नगर संभाग पूर्व रायपुर छ.ग.**
**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड**
**(छत्तीसगढ शासन का एक उपक्रम)**

**-:: विद्युत अवरोध की आवश्यक सूचना ::-**

समस्त सम्माननीय उपभोक्ताओं को सविनम्र सूचित किया जाता है कि नगर संभाग पूर्व रायपुर के अंतर्गत 11 के.व्ही. फीडरों में संचारण / संधारण (मेंटेनेन्स) कार्य हेतु निम्नानुसार विद्युत आपूर्ति समय प्रातः 09.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक निम्नानुसार बंद रहेगी।

| क्र | फीडर का नाम | लाईन बंद रहने का दिनांक व दिन | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 1 | 11 के.व्ही. जलविहार फीडर | 10.06.2024 दिन सोमवार | जलविहार कॉलोनी, आनंद नगर, आनंद विहार, मरीन ड्राईव एवं आस पास के क्षेत्र |
| 2 | 11 के.व्ही. सड्डू फीडर | 11.06.2024 दिन मंगलवार | सड्डू (चांदनी चौक, गांधी चौक, सांईस सेंटर के सामने एवं आस पास के क्षेत्र) |
| 3 | 11 के.व्ही. गोरखा कॉलोनी फीडर | 11.06.2024 दिन मंगलवार | गोरखा कॉलोनी, न्यू शांति नगर, गांधी नगर, जगन्नाथ नगर, शंकर नगर एवं आस पास के क्षेत्र |
| 4 | 11 के. व्ही. शताब्दी नगर फीडर | 12.06.2024 दिन बुधवार | शताब्दी नगर, तेलीबांध गली नं.- 6 एवं 7, देवा प्रोविजन स्टोर्स, हिमांचल आईसक्रीम तेलीबांधा एवं आस पास के क्षेत्र |
| 5 | 11 के.व्ही. इंद्रावती फीडर | 13.06.2024 दिन गुरूवार | इंद्रावती कॉलोनी, यादव पारा, राजपूत ट्यूटोरियल एवं आस पास के क्षेत्र |
| 6 | 11 के.व्ही. सांईस सेंटर फीडर | 13.06.2024 दिन गुरूवार | सड्डू सेक्टर-8, हाउसिंग बोर्ड, अविनाश कैपिटल होम फेस-1 एवं फेस-2, वृंदावन कॉलोनी एवं आस पास का क्षेत्र |
| 7 | 11 के.व्ही. जीवन विहार फीडर | 13.06.2024 दिन गुरूवार | जीवन विहार, मैग्नेटो सिग्नेचर फेस-1 एवं फेस-2, खुशी रेसीडेंसी, मित्तल एवेन्यू, सौभाग्य तिलक, वुड कैस्टल, आर.डी.सी.ए. एवं भसीन मोटर के आस पास के क्षेत्र |

जिसके समय में आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया जा सकता है। अतः सम्माननीय उपभोक्ताओं को इस दौरान होने वाली असुविधा के लिये खेद है।

**नोटः- बिजली को बचाना है, आने वाले कल को खुशियों से सजाना है।**

(विनय चन्द्राकर-9511031)
कार्यपालन यंत्री, न.सं. पूर्व
छ.स्टे. पॉ.डि.कं.लिमि., रायपुर



**कार्यालय नगर पंचायत गीदम, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)**
दूरभाष एवं फैक्स 07856-244910 Email-cmogeedam@gmail.com

क्रमांक /413/लो.नि.वि./ न.पं./2024-25 गीदम, दिनांक 7/06/2024

**// मेनुअल पद्वति से निविदा आमंत्रण सूचना //**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु उपर्युक्त श्रेणी मे पंजीकृत फर्म से निविदायें अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। अमानत राशि मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर पंचायत गीदम के नाम से एफ.डी.आर./टी.डी.आर. द्वारा प्रस्तुत करना होगा । निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से निर्धारित तिथि व समय में आवेदन प्रस्तुत कर प्राप्त कर सकते हैं.-

1 निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :- 27.06.2024 समय 5.30 बजे
2 निविदा प्रपत्र प्रदान करने की अंतिम तिथि एवं समय :- 28.06.2024 समय 5.00 बजे
3 निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :- 05.07.2024 समय 3.00 बजे
4 निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि एवं समय :- 05.07.2024 समय 4.00 बजे

**कार्य का विवरण निम्नानुसार है:-**

| क्रं | विवरण | लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि रू.में | निविदा प्रपत्र शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सीसी सड़क निर्माण कार्य मुकेश घर से चुन्ना गुप्ता तक | 2.91 | 3000.00 | 750.00 |
| 2 | बस स्टैण्ड में स्थित सुलभ शौचालय का मरम्मत कार्य | 5.13 | 5100.00 | 750.00 |
| 3 | बस स्टैण्ड में नवीनीकरण कार्य | 5.16 | 5100.00 | 750.00 |
| 4 | सी.सी. सड़क निर्माण कार्य सुशीला बघेल घर से कला मंच तक | 14.28 | 10750.00 | 750.00 |

**टीपः-** निविदा से संबंधित समस्त नियम एवं शर्त अन्य आवश्यक जानकारियां कार्यालयीन दिवस में कार्यालय नगर पंचायत गीदम से प्राप्त की जा सकती है। तथा विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत गीदम,
जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)



**कार्यालय तहसीलदार एवं व्यवस्थापक राजगामी सम्पदा राजनांदगांव**

**निविदा सूचना**

क्रमांक /124/ रा.स./ 2024 राजनांदगांव, दिनांक 05.06.2024

श्रीमति सूर्यमुखी देवी राजगामी सम्पदा न्यास राजनांदगांव का निम्नांकित भूमि को दिनांक, 01.06.2024 से 15.05.2025 तक की अवधि के लिए लायसेंस पर दिये जाने बाबत मोहरबंद निविदा दिनांक 19.06.2024 को दोपहर 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा व्यवस्थापक राजगामी सम्पदा, तहसील परिसर राजनांदगांव के कार्यालय में प्रस्तुत की जावे। निविदा उसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे खोली जावेगी। निविदादाता चाहे तो उपस्थित रह सकते है।

| क्र. | ग्राम का नाम | रकबा एकड़ में | निविदा के साथ डी.डी. | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मोहड़ "अ" | 116.48 | 3,60,000.00 | 50,000.00 | 300.00 रूपये |
| | मोहड़ "ब" | 63.74 | 5,15,000.00 | 50,000.00 | 300.00 रूपये |
| 2 | बरगांव- 1 | 43.94 | 70,000.00 | 14,000.00 | 300.00 रूपये |
| | बरगांव-2 | 27.74 | 64,000.00 | 13,000.00 | 300.00 रूपये |
| | बरगांव-3 | 77.63 | 2,80,000.00 | 50,000.00 | 300.00 रूपये |
| 3 | सोमनी | 46.29 | 1,30,000.00 | 26,000.00 | 300.00 रूपये |
| 4 | ककरेल | 114.43 | 2,00,000.00 | 40,000.00 | 300.00 रूपये |
| 5 | खपरीकला | 76.63 | 2,75,000.00 | 50,000.00 | 300.00 रूपये |
| 6 | गोपालपुर | 149.11 | 6,30,000.00 | 50,000.00 | 300.00 रूपये |
| 7 | छुरिया | 63.79 | 1,65,000.00 | 33,000.00 | 300.00 रूपये |
| 8 | घुपसाल | 142.52 | 1,75,000.00 | 35,000.00 | 300.00 रूपये |
| 9 | पाण्डादाह | 98.06 | 6,15,000.00 | 50,000.00 | 300.00 रूपये |
| 10 | पिपलाकछार | 120.73 | 8,70,000.00 | 50,000.00 | 300.00 रूपये |
| 11 | रौनाभाठा | 7.70 | 28,000.00 | 6,000.00 | 300.00 रूपये |
| 12 | चांदगढी | 5.70 | 6,000.00 | 1500.00 | 300.00 रूपये |
| 13 | बेलगांव चक नं 1 | 101.00 | 7,50,000.00 | 50,000.00 | 300.00 रूपये |
| 14 | चिरचारीकला | 53.43 | 2,30,000.00 | 46,000.00 | 300.00 रूपये |
| 15 | बांकल | 65.53 | 3,25,000.00 | 50,000.00 | 300.00 रूपये |
| 16 | जंगलपुर | 130.36 | 7,85,000.00 | 50,000.00 | 300.00 रूपये |

निविदा की शर्ते, कृषि भूमि के चक की विस्तृत जानकारी एवं अन्य जानकारी कार्यालय व्यवस्थापक राजगामी सम्पदा राजनांदगांव में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर प्राप्त कर सकते है।

सही
तहसीलदार एवं व्यवस्थापक राजगामी सम्पदा राजनांदगांव



**सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया** Central Bank of India
शाखा- दुर्ग (छत्तीसगढ़) Branch: Durg (Chattisgarh)

**चल / अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना**

**ईएमडी और दस्तावेजों को जमा करने की अंतिम तिथि और समय 14.07.2024 को या उससे पहले अपराह्न 04:00 बजे तक**
**(दस्तावेजों के अनुमोदन में 2-3 कार्य दिवस लग सकते हैं)**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली के नियम 8(6) एवं 6(2) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत चल/अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी सूचना, 2002. एतद्द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से ऋणी और गारंटर (ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार को गिरवी/चार्ज की गई है, जिसका **रचनात्मक/भौतिक कब्जा** लिया गया है सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के अधिकृत अधिकारी द्वारा - सुरक्षित लेनदार, देय राशि की वसूली के लिए, **'जहाँ है जहाँ है'**, **'जैसा है जो है'**, और **'जो कुछ भी है'** पर नीचे निर्दिष्ट तिथि और समय पर बेचा जाएगा। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया को - उधारकर्ता (ओं) और गारंटर (ओं) से सुरक्षित लेनदार। संबंधित संपत्तियों का आरक्षित मूल्य और बयाना राशि नीचे उल्लिखित हैः

| स. क्र. | उधारकर्ताओं/ शाखा का नाम | संपत्ति / सुरक्षित संपत्ति का विवरण और संपत्ति के मालिक | मांग सूचना की तिथि / बकाया राशि | | आरक्षित मूल्य / धरोहर जमा राशि / बाली वृद्धि राशि | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ऋणी- (1) मेसर्स श्री देव ट्रेडर्स (प्रोप श्री सुखदेव सिंह), पताः - मकान नं. 2358 छ.ग. हाउसिंग बोर्ड, तह.+जिला- दुर्ग, 491001 छ.ग. (2) प्रोप श्री सुखदेव सिंह पुत्र- श्री इकबाल सिंह, पताः - मकान नं. 2358 छ.ग. हाउसिंग बोर्ड, तह.+जिला- दुर्ग, 491001 छ.ग. | (1) श्री सुखदेव सिंह पुत्र- श्री इकबाल सिंह के नाम पर खसरा नं. 492/5, प.ह. नं. 65, मौजा- सांकरा, आरएनएम कौरिनभाटा जिला- राजनांदगांव, ग्राम पंचायत सांकरा, तहसील+जिला- राजनांदगांव की सीमा के अंतर्गत स्थित बेसन प्लांट एवं चक्की का प्लांट व मशीनरी । (2) श्री सुखदेव सिंह पुत्र- श्री इकबाल सिंह के नाम पर खसरा नं. 492/5 (क्षेत्रफल 10454 वर्गफीट), प.ह.नं. 65, मौजा- सांकरा, आरएनएम- राजनांदगांव, ग्राम पंचायत सांकरा, तहसील+जिला- राजनांदगांव की सीमा के अंतर्गत स्थित फैक्ट्री भूमि व भवन । चौहद्दीः उत्तर- शासकीय भूमि, दक्षिण- टीकम चंद की भूमि, पूर्व- हरिदास की भूमि, पश्चिम- मेसर्स ओम साई मैन्युफैक्चरिंग । (3) श्री सुखदेव सिंह पुत्र- श्री इकबाल सिंह के नाम पर खसरा नं. 888/2 (क्षेत्रफल 6534 वर्गफीट), प.ह.नं. 65, मौजा- सांकरा, आरएनएम- राजनांदगांव, ग्राम पंचायत सांकरा, तहसील+जिला- राजनांदगांव की सीमा के अंतर्गत स्थित डायवर्टेड भूमि । चौहद्दीः उत्तर- शम्बती की भूमि, दक्षिण- परमराम की भूमि, पूर्व- विक्रांत देवांगन की भूमि, पश्चिम- हरीश साहू की भूमि । | 30.12.2023 / ₹ 1,07,48,877.00 एवं उस पर 30.12.2023 तक होने वाले व्यय / कब्जा सूचना तिथि 13.03.2024 | Property-1 | ₹ 49,75,000.00 / ₹ 4,97,500.00 / ₹ 10,000.00 | 15.07.2024 FROM 11:00 AM TO 04:00 PM |
| | | | | Property-2 | ₹ 14,80,000.00 / ₹ 1,48,000.00 / ₹ 10,000.00 | |
| | | | | Property-3 | ₹ 2,13,000.00 / ₹ 21,300.00 / ₹ 10,000.00 | |

ई-नीलामी ''जैसी है जहां है'', ''जैसी है जो है'' और ''जो कुछ है आधार'' पर आयोजित की जा रही है।

1. प्राधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और सूचना के अनुसार, संपत्ति पर कोई भार नहीं है। हालांकि, इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले ऋणभार, नीलामी में रखी गई संपत्ति के शीर्षक और दावों/अधिकारों/बकाया/संपत्ति को प्रभावित करने के संबंध में अपनी स्वतंत्र जांच करनी चाहिए।
2. बोलीदाताओं को निम्नलिखित औपचारिकताएं पहले ही पूरी करनी होंगीः **चरण 1-** बोलीदाता/क्रेता पंजीकरणः बोलीदाता को अपने मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी का उपयोग करके ई-नीलामी पोर्टल https://www.mstcecommerce.com/actionhome/bapi/indx.jsp पर पंजीकरण करना होगा। **चरण 2-** केवाईसी सत्यापनरू बोलीदाता को अपेक्षित केवाईसी दस्तावेज अपलोड करने होंगे। केवाईसी दस्तावेजों को ई-नीलामी सेवा प्रदाता द्वारा सत्यापित किया जाएगा (इसमें दो कार्य दिवस लग सकते हैं)। **चरण 3-** ईएमडी राशि का उसके ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में स्थानांतरणः ई-नीलामी पोर्टल पर उत्पन्न चालान का उपयोग करके एनईएफटी / ट्रांसफर का उपयोग करके फंड का ऑनलाइन /ऑफ-लाइन हस्तांतरण । **चरण 1** से **चरण 3** बोलीदाता द्वारा ई-नीलामी तिथि से पहले काफी पहले ही पूरा कर लिया जाना चाहिए। पते के प्रमाण की प्रति, जिसके बिना बोली अस्वीकृत की जा सकती है। अनुलग्नक- II और III (निविदा सूचना में उल्लिखित) की स्कैन कॉपी को विधिवत भरकर और हस्ताक्षर करने के बाद अपलोड करना ।
3. ई-नीलामी के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया अपनी बोलियां जमा करने और इसमें भाग लेने से पहले https://www.mstcecommerce.com/actionhome/bapi/ index.jsp और सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी lwwTs://SSS-egwraRaagOnfX°Xa-En-Xg देखें। ई-नीलामी । **संपत्ति निरीक्षण का समय एवं दिनांकः 12.07.2024, सुबह 10 से 4 बजे तक ।**

**नोटः** नीलामी में रखी गई संपत्ति/संपत्तियों के निरीक्षण की अनुमति कार्य दिवसों के दौरान शाखा प्रबंधक/प्राधिकृत अधिकारी के साथ पूर्व नियुक्ति और परामर्श के दौरान कार्य दिवसों के दौरान **दोपहर 2.00 बजे से शाम 4.00 बजे** के बीच दी जाएगी। किसी भी प्रश्न के लिए, बोलीदाता **श्री समीर गुप्ता, शाखा प्रबंधक, मोबाइल नंबर- 9712669562, 9429709094**, ई-मेल आईडीः **ecvambiro@centralbank.co.in** से कार्यालय समय के दौरान किसी भी कार्य दिवस में संपर्क कर सकते हैं।

**सरफेसी अधिनियम, 2002 के तहत वैधानिक 30 दिनों की बिक्री**

उधारकर्ताओं/गारंटरों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वे ई-नीलामी की तारीख से पहले अद्यतन ब्याज और सहायक खर्चों के साथ ऊपर उल्लिखित राशि का भुगतान करें, ऐसा न करने पर संपत्ति की ई-नीलामी/बिक्री की जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई हो, ब्याज और लागत की वसूली की जाएगी।

दिनांक : 08.06.2024 स्थानः दुर्ग (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी / सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया


## राशिफल

**मेष** – कारोबार के कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** – मन परेशान हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है।

**मिथुन** – परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में सफलता मिलेगी।

**सिंह** – बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा।

**कन्या** – नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** – भाग–दौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। शैक्षिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** – जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। व्यर्थ की चिंताओं से मन विचलित रहेगा।

**धनु** – व्यर्थ के वाद–विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**मकर** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। धन प्राप्ति के मार्ग बनेंगे।

**कुंभ** – मन प्रसन्न रहेगा। फिर भी आत्मसंयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मीन** – तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

## शब्द पहेली - 5536

**बाएँ से दाए**

1.उम्मीद,आशा-2
3.जी,चित्त-2
5.भस्म,खाक-2
7.जाल,फंदा-2
9.चिंतन,सोचना-3
11.ठाठ-बाट-2
13.क्रिकेट में बनते हैं-2
15.एक राशि-3
17.काया,बदन-2
19.एक विदेशी शराब-2
22.बोलने का तरीका-3
24.शालीन,सभ्य-2
26.बल,ताकत-2
28.भैंस जैसा एक पशु-2
30.पुत्री की पुत्री-3
32.कोर्ट में प्रस्तुत दावा-2
34.मोटा आटा-2
36.जुड़वा-3
38.आनंदित-2
41.नौकर,गुलाम-2
43.बूंद-3
45.लक्ष्मी,विष्णुप्रिया -2
47.जंगल,कानन-2
49.मेहंदी -2
51.दृष्टि,निगाह-3
53.बुरी आदत -2
55.बुढ़ापा -2
57.नमस्कार,प्रणाम -3
60.खुमार,सरूर -2
62.भीगा हुआ -2
64.पक्षाघात-3
66.चुनौती-2
67.ऋण,उधार -2
68.भूमि,जमीन-2
69.चस्का,बुरी आदत-2

**ऊपर से नीचे**

1.फलों का राजा-2
2.साजन,बलमा-3
4.खुमार-2
6.खच्चर,गधा-2
8.वहम,संदेह-2
10.अनुकृति-3
12.झुका हुआ-2
14.आदमी-2
16.वास करना-3
18.आकाश-2
20.घमंड-2
21.बदन-2
23.जातिवाद-3
25.पिघले पत्थर-2
27.रोग,-2
29.हाथ,टैक्स-2
31.लवण-3
33.ताकत-2
35.वचन-2
37.प्रयत्न-3
39.स्थिति -2
40.नवीन-2
42.सच्चा-2
44.राजा-3
46.हार-2
48.टौंटी-2
50.गुमान-2
52.पासों का खेल-3
54.काया-2
56.रात्रि-2
58.हुबहू-3
59. समय-2
61.सब्जी-2
63.गाड़ी-2
65.गैस-2

**शब्द पहेली- 5535 का हल**

## सूडोकु नवताल - 5547

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5546 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |



# बॉलीवुड में डेब्यू करने को तैयार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

साउथ अभिनेत्री श्रीलीला ने महेश बाबू, पवन कल्याण और बालकृष्ण जैसे कई बड़े सितारों के साथ फिल्मों में काम किया है। अब वे बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली हैं। श्रीलीला साउथ की उभरती हुई अभिनेत्री हैं। अब वे मुख्य नायिका के तौर पर भी अभिनय का जादू चला रही हैं। श्रीलीला ने लगातार कई प्रोजेक्ट्स के साथ टॉलीवुड में अपना दबदबा बना लिया। कई फिल्मों में वे मुख्य भूमिका निभाते हुए साउथ के कई सुपरस्टार्स के साथ काम करने के लिए तैयार हैं। वहीं, इस बीच अब उनकी सफलता के आसमान पर एक और सितारा चमकने वाला है। साउथ सिनेमा के अलावा श्रीलीला अब जल्द ही हिंदी सिनेमा में भी अपनी अदाकारी का जलवा बिखेरने वाली हैं। खबर है कि श्रीलीला सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान के साथ फिल्म 'दिलेर' में नजर आएंगी, जिसका निर्देशन कुणाल देशमुख करेंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्होंने इब्राहिम के साथ अभिनय करने के लिए सहमति दे दी है। खबर है कि यह फिल्म एक रोमांटिक-ड्रामा फिल्म होगी, जिसकी शूटिंग अगस्त 2024 में शुरू होने वाली है। हालांकि, फिल्म की आधिकारिक घोषणा जल्द ही होने की उम्मीद है।

# नए सुपरनैचुरल थ्रिलर शो '10:29 आख़िरी दस्तक' की घोषणा...

**मुंबई।** स्टार भारत अपने नए अपकमिंग शो '10:29 की आख़िरी दस्तक' की घोषणा के साथ ही दर्शकों को रोमांचित करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। सुपरनैचुरल थ्रिलर शैली में बना यह शो फ़ुल फ़ोकस एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित है। 10 जून को रात 10:29 बजे प्रीमियर होने वाला यह शो सस्पेंस, ड्रामा और अलौकिक तत्वों का मिश्रण है, जिसे देखना दर्शकों के लिए बहुत ही दिलचस्प होने वाला है। '10:29 की आख़िरी दस्तक' शो की कहानी चमकिया नामक गांव के इर्द-गिर्द घूमती है। इस गांव में पुरुषों की रहस्यमयी मौतें हो रही हैं और माना जाता है, कि यह काम किसी डायन (चुड़ैल) द्वारा किया जा रहा है, जो रात 10:29 बजे के बाद पुरुषों पर हमला करती है। इतना ही नहीं, घटनास्थल पर लाल साड़ी छोड़ने के लिए मशहूर यह डायन, पुरुषों के सिर मोड़कर उन्हें दर्दनाक मौत देती है, जिससे गांव में डर का माहौल है और अंधविश्वास को बढ़ावा मिल रहा है। इसी बीच चमकिया गांव में इंस्पेक्टर अभिमन्यु सिन्हा (अभिनेता राजवीर सिंह द्वारा अभिनीत किरदार) का आगमन होता है, जो अंधविश्वास वाली बातों से पूरी तरह परे है और वो गांववालों के डर को खारिज करते हुए, इन घटनाओं को एक अलग रूप से देखता है।



epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## एजूकेशन स्पेशल

प्रवेश प्रारंभ
श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, पैरामेडिकल एवं फार्मेसी

| Nursing Course | Duration |
|---|---|
| B.Sc. Nursing | 4 Years |
| P.B.B.Sc. Nsg | 2 Years |
| M.Sc. | 2 Years |
| Paramedical Course | |
| Lab tech, OT tech, X-Ray tech & Ortho tech-30 Seats Each Course | |
| Pharmacy Course | Duration |
| D Pharmacy | 2 Years |

Eligibility- B.Sc. Nursing-Biology (PBCE), P.B.B.Sc. Nursing-GNM Pass
M.Sc. Nursing-BSc., P.B.B.Sc. Pass,
Paramedical Course - 12th pass (Bio)
Pharmarcy - 12th pass , Maths, Bio
HOSTEL FACILITY AVAILABLE FOR GIRLS & BOYS
क्लीनिकल सुविधा
श्री बालाजी हॉस्पिटल
1500 बिस्तरों का एडवांस्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं 150 सीटो का मेडिकल कॉलेज
नर्सिंग प्रवेश हेतु : 7694016816, 6266631615
पैरामेडिकल एंड फार्मेसी प्रवेश हेतु 9691825978, 8435018884

कोटा पर सर्कल मोनो आवश्य देखें।
कोटा स्टडी सर्कल
भिलाई/रायपुर
Priyansh Class Xii 94.4%
NEET, IIT-JEE PET/PAT
विशेषताएं
- कोटा ट्रेन्ड टीचर्स
- हिन्दी तथा अंग्रेजी माध्यम के प्रथक प्रथक बैचस
- गर्ल्स एवं बॉयस के लिए अलग होस्टल

रायपुर कोटा सेंटर
राजकुमार कॉलेज के सामने जीई रोड रायपुर
9301547784
भिलाई कोटा सेंटर
बिल्डिंग नं. 150
न्यू सिविक सेंटर, भिलाई
9098534927

## Appointment आवश्यकता

### टीचर

**आवश्यकता है-** Raipur Convent Hr.Sec. School Required Trained Teachers to teach English, Maths, Physics, Chemistry, Bio, SST, Science, Commerce & Primary teachers also Required (In English Medium), Interview on 10.06.2024, 10.00am at Gudhiyari, Janta Colony- 8109077721, 8109077723, Shivanand Nagar, Near Neem Dabri Talab- 8109077730. (RO-7482)

**आवश्यकता है-** उप प्राचार्य, गणित, भौतिकी, रसायन, कॉमर्स, विज्ञान, हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, सामाजिक अध्ययन (सभी दो पद) रिसेप्शनिस्ट, ड्राइवर की आवश्यकता है पूर्ण बायोडाटा के साथ **संपर्क कीजिए शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल, चंगोराभाटा रायपुर**(RO-6268)

**शीघ्र आवश्यकता है-** सरस्वती शिशु मंदिर कसारीडीह दुर्ग व्याख्याता रसायन शैक्षणिक योग्यता M.Sc.Chem. व्याख्याता अंग्रेजी M.A.English व्याख्याता भौतिकी M.Sc.Physics व्याख्याता जीवविज्ञान M.Sc.(Bot-Zoology) शिक्षक कम्प्यूटर B.E.,B.Tech.,M.Sc. शिक्षक-म्यूजिक शिक्षक-प्री प्रायमरी **नोट :-B.Ed. डिग्रीधारी को प्राथमिकता साक्षात्कार तिथि 15-06-2024 प्रात:10बजे से 01बजे तक।** Email:ssm-durg@gmail.com **प्राचार्य 94077-35088, 96694-59115.**(Ro -506)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**आवश्यकता है-** Uday Convent school kumhari & C.P S. School kumhari, Teacher Requirement for maths And English Subject. Qualification : Post Graduation, B.Ed. Contact, mo.- **96910-28777, 94062-17841.**(Ro -503)

**आवश्यकता है-** इंग्लिश ,गणित ,विज्ञान, संस्कृत, कंप्यूटर टीचर ,क्लर्क व आया बाई महिला स्टाफ की आवश्यकता है । **संपर्क करें - प्रकाश पब्लिक हाई. स्कूल इंग्लिश मीडियम, सेक्टर - 11 जोन-1, खुर्सीपार नियर शासकीय ITI, मो.- 93991-47944.**(Ro -502)

### कुली/हेमाली

**आवश्यकता है-** दाल मिल में अनुभवी कर्मचारी 2 पद वेतन 12000, से प्रारंभ 5 कुली दाल मिल में, कुली एवं हमाली कार्य हेतु रोजी या ठेके पर आवश्यकता है। **कन्हैयालाल संतोष कुमार दाल बंजर पारा सड्डू रायपुर 9826141178, 7725800600.** (RO-6267)

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** अल्फा सिक्योरिटी में 12 घंटे ड्यूटी करने के हेतु 100 गार्ड की आवश्यकता है । **संपर्क करें मो -70447-10812, 80550-17111** (D-560)

**आवश्यकता है-** सुरक्षा गार्ड की सुबह और रात की शिफ्ट के लिए। इच्छुक व्यक्ति नीचे दिए गए पते पर **संपर्क करें- श्री वासू लॉजिस्टिक्स लिमिटेड, तेंदुआ रिंग रोड नं-4, रायपुर। समय सुबह 10 से शाम 5 बजे तक। इंटरव्यू दिनांक- 06 जून 2024। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें- 7000681513.**(RO-2793)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**आवश्यकता है**
कॉलोनी में कार्य करने हेतु
सिक्युरिटी गार्ड
पुरुष -2 पद की
वेतन 10,000 रू. प्रतिमाह
समय सुबह 8 से रात 8 बजे तक
संपर्क करें: अवीवा प्राइड, कांदुल रोड, बोरीयाखुर्द रायपुर
मो.9303389000
Aditya Advt.

**आवश्यकता है-** बंगलो एवं ऑफिस मे कार्य करने हेतु गार्ड की आवश्यकता है अनुभव- 5 से 10वर्ष उम्र 30 से 40 वर्ष वेतन योग्यतानुसार कृपया अनुभवी ही **संपर्क करें:- 9109222000.** (RO-2800)

**आवश्यकता है-** मालोदे विलास बसंत राव सिक्योरिटी एजेंसी में भूतपूर्व सैनिकों की आवश्यकता है सिक्योरिटी गार्ड के लिए डीजीआर रेट पर लोकेशन रायगढ़ कोरबा एवं बिलासपुर **संपर्क करें 8839 683 742.**(RO-6269)

### डाटा एंट्री/फिल्ड वर्क

**आवश्यकता है-** अकाउंटिंग, डाटा एंट्री , टैली कॉलिंग , फिल्ड वर्क एवं अनुभवी सेल्स ऑफिसर के लिए लडके लड़कियो की आवश्यकता है इच्छुक कडिडेट संपर्क करें...। M TRUCKY **लॉजिस्टिक्स एंड ट्रांसपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड एड्रेस- 109 फर्स्ट फ्लोर प्रोगेसिव प्वाइंट लालपुर रायपुर ऑफिस नंबर- 07713517244, 9109813063.**(RO-6268)

### टीचर/माली/कलर्क

**शीघ्र आवश्यकता है-** कॉलेज/स्कूल के लिए शिक्षक/शिक्षिका एवं बाबू (कलर्क)/ रिसेप्सनिस्ट/ ड्राईवर/ माली/ सफाई कर्मचारी की आवश्यकता है, **इच्छूक शीघ्र सम्पर्क करे उदय ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट जामुल भिलाई -74709-84997.**(Ro -505)

क्लासीफाईड

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** अनुभवी ड्राइवर की तुरंत आवश्यकता है अनुभव- 10वर्ष लग्जरी कार चलाने का अनुभवी हो सेठजी के साथ चलने वाले को प्राथमिकता दी जाएगी उम्र 30 से 40 वर्ष वेतन योग्यतानुसार कृपया अनुभवी ही **संपर्क करें:- 9109222000.**(RO-2799)

### मार्केटिंग/सेल्सगर्ल

**आवश्यकता है-** RS ट्रेडर्स एंड पावर टूल्स हेतु कंप्यूटर कर्मी जिसे टैली का अनुभव हो एवं मार्केटिंग सेल्समैन की वेतन योग्यतानुसार **संपर्क:- रिंगरोड नं.1, प्रकाश स्विमिंग पूल के पास छत्तीसगढ़ नगर मोबाइल नंबर:- 9300297203.**(RO-2798)

**आवश्यकता है-** मार्केटिंग हेतु लड़कों की आवश्यकता है जो पैदल घूम सकें शाम को, समय शाम 4 से रात 10 बजे, वेतन 300 रुपये रोज। भुगतान साप्ताहिक रहेगा। **सम्पर्क करें- 9340600776.**(RO-34410)

### केयर टेकर

**आवश्यकता है-** रायपुर में पुरुष कोमा पेसेंट हेतु केयर टेकर की। रहने की व्यवस्था प्रदान की जावेगी। वेतन योग्यतानुसार। **संपर्क:- राकेश अग्रवाल, 73 लविस्ता कॉलोनी VIP रोड अमलीडीह रायपुर 9575042804 मिलने का समय सुबह 9 से 11 तक.**(RO-2790)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** दुकान में काम करने हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है, वेतन योग्यता अनुसार, **संपर्क करें- राधा इंटरप्राइजेस, संजय गांधी चौक, स्टेशन रोड, रायपुर, मोबाइल नंबर- 9425504853.**(RO-4424)

**आवश्यकता है-** होलसेल दवाई दुकान में काम करने के लिए लड़के की आवश्यकता है **सम्पर्क करें- किरण सेल्स गली नम्बर-2 माता गैरेज के पास पंडरी, रायपुर** (RO-3150)

**आवश्यकता है-** दवाई लाइन के 1 वर्ष अनुभवी लड़के/ लड़कियां पैकिंग कार्य एवं ऑफिस कार्य हेतु, जिनके पास गाड़ी एवं ड्राइविंग लाइसेंस हो। नोट- सोमवार 12:00 मिले **8959884849.**(RO-6270)

### डिजाइनर

**आवश्यकता है-** इंटीरियर डिजाईनर के लिए सेल्स हेतु युवक की आवश्यकता है। फ्रेशर एवं 1वर्ष अनुभवी, वेतन योग्यतानुसार इंटरव्यू 12/6/24 से 15/6/24 मिलने का समय 11से 2बजे तक पता- 236, 1th , फ्लोर ढिल्लन कॉम्प्लेक्स सुपेला भिलाई मो.-81092-06034, 89626-28740.(Ro - 501)

### गोडाऊन/ड्रायवर

**आवश्यकता है-** डाबर की एजेंसी के गोडाउन एवं कम्पुटर पर कार्य करने हेतु लडके एवम टाटा एस चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है । **सम्पर्क करें किसन मार्केटिंग, महेश कालोनी, श्रीनगर रोड गुढियारी, रायपुर फोन 4092158.**(RO-111)

### वेल्डर/हेल्पर

**आवश्यकता है-** पाइप लाइन में कार्य करने हेतु अतिशीघ्र वेल्डर, हेल्पर, की आवश्यकता है। **संपर्क-14, रविशंकर शुक्लामार्केट पावर हाऊस भिलाई मो.- 97551-40787, 93290-11025.** (Ro -504)

### ऑफिस बॉय

**आवश्यकता है-** रायपुर आफिस के लिए आफिस ब्वाय चाहिए, मेहनती, इमानदार , वेतन 6000-7000 तक **फोन 9399463415.**(RO-3988)

### आवश्यकता

**आवश्यकता है-** मुख्यालय छत्तीसगढ़ और ओडिशा सब एरिया सी.एस.डी. कैंटीन रायपुर, एक्सटेंशन काउंटर बिलासपुर, दुर्ग और नया रायपुर में विभिन्न पदों पर संविदा के तहत ग्यारह महीने के लिए नियुक्तियाँ की जाएगी। भर्ती के लिए आवेदन ऑफिशियल email id- hqcosaurc1985@gmail.com पर करें। अधिक जानकारी के लिए https://www.hqcosaraipururc.in/ पर विजिट करें। (RO-2791)

### मशीन फीटर

**आवश्यकता है-** आस्था हॉस्पिटल के पास सेजबहार रायपुर स्थित फिश फीड प्लांट हेतु एक अनुभवी मशीन फीटर की आवश्यकता है । **संपर्क- अनुराग दत्ता मो.7587323876.**(RO-1403)

### सुपरवाइजर/अकाउन्टेंट

**आवश्यकता है-** प्लांट सुपरवाइजर, डिस्पैच सुपरवाइजर, जूनियर अकाउंट की आवश्कता है मिलें. **कविता पॉलीमर्स, यूनिट-2, भनपुरी, उरकुरा स्टेशन के पास, मो - 7999660480.**(RO-1487)

**आवश्यकता है-** रायपुर में कंस्ट्रक्शन कंपनी में (1) एक चार्टर्ड अकाउंटेंट (2) अकाउंटेंट (3) ऑफिस कार्य हेतु लड़का लड़की (4) खाना बनाने, साफ सफाई का काम करने वाली महिला कर्मचारी चाहिए **संपर्क करें- निक्कू 9755177152 स्वर्णभूमि, रायपुर**(RO-34375)

### मैनेजर

**आवश्यकता है-** दुर्ग भिलाई- सर्वे कार्य में मैनेजर की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। वेतन योग्यतानुसार- **मो.-62682-79954.**(आरो न.-207)

### टेक्नीशियन

**आवश्यकता है-** यूरेका फॉर्ब्स लिमिटेड प्रोडक्ट हेतु आवश्यकता है ऑफिस असिस्टेंट -02 सेल्स रिप्रेजेंटेटिव 4 सर्विस टेक्निशियन 2 टेलीकॉलर- 2 (अनुभव आवश्यक नहीं) **संपर्क करें:- दीपिका सर्विसेज कर्मचारी कॉलोनी कुशालपुर रायपुर 9826652461.** (RO-2797)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

क्या आपको अपनी लाडली के लिए अच्छा वर चाहिए...
तो हमसे जुड़िए... या आपको तलाश है... एक अच्छी बहु की...
हरिभूमि वैवाहिकी

### वर चाहिए

**वर चाहिए**
रंग गोरा अकेली सुन्दर विडो महिला हेतु 29/12/1976/ 5'-6" बीकॉम,डिप्लोमा/बेकरी व्यवसायी मंथली इनकम 2 लाख जरूरतमंद सभी मान्य टाइम पास करने वाले क्षमा करें जाति बंधन नहीं
सम्पर्क करें 9179472796 9754918238

### वर चाहिए

**वर चाहिए**
उम्र 27 वर्षीय कन्या के विवाह के लिए वर चाहिए। (कन्या का माँ के अलावा कोई नहीं है) मैरिज ब्यूरो क्षमा करें। घर जमाई, तलाकशुदा, विधुर, नौकरी, पेशा, व्यवसायी मान्य।
संपर्क करें- 8085804873

### वर चाहिए

**वधु चाहिए**
39 वर्षीय सरदार (व्यवसाय प्रॉपर्टी डीलिंग, मोबाइल शोरूम) हेतु एजुकेटेड एवं नॉनएजुकेटेड अविवाहित, तलाकशुदा, सुयोग्य वधु चाहिए। बच्चे वाली नहीं।
संपर्क करें- 9171237472 8818862951

### वर/वधु चाहिए

**वर/वधु चाहिए**
जीवन साथी चाहिए जाति बंधन नही है जिस किसी व्यक्ति को रिश्ता करना है वहीं
सम्पर्क करें 7770841423

### इंटीरियर वर्क

**आवश्यकता है-** एक नवयुवक - एक नवयुवती की आवश्यकता है।। श्री ट्रेडर्स, इंटीरियर वर्ल्ड, दुकान हेतु।। जल गृह मार्ग, भाटागांव, बीकानेर मिठाई वाला के बगल में।। सम्पर्क **दिनेश अठवानी, 7879311110.** (RO-2796)

### लाज कार्य

**आवश्यकता है-** नीलमलाज पावरहाऊस बसस्टेन्ड भिलाई कर्मचारी 10 वी पास रात्री लाज में सोये, रहे। समय शाम 7.30 से सुबह 11 बजे तक। वेतन 8000 प्रतिमाह। **सम्पर्क:- 98271-93084, 07884216610.**(आरो न.-6344)

### लेबर

**आवश्यकता है-** लेबरों की, समय 9से 6बजे तक, 1 घंटा लंच, वेतन पांच अंकों में तीस दिन का। रुपये 200 का फ्री मोबाइल रीचार्ज। **संपर्क:- रुटेक इंडिया, 15/एफ हथखोज, निरोज इस्पात के गेट नम्बर 2 के सामने भिलाई ( छ.ग.) मो.- 70001-39818, 96308-71711, 99073-33370.**(आरो न.-6343)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** कटनी, ग्वालियर में रहकर ऑफिस में कार्य करने हेतु 18 से 28वर्ष के 10वीं, 12वीं पास अविवाहित लड़कों की वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस, रहना फ्री शीघ्र **सम्पर्क करें- 6264375417, 8965876358.**(RO-34415)

### अन्य

**आवश्यकता है-** Fraud कॉल से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए (15000-45000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS **करें- 7003467406, 8961256017.**(RO-256)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**आवश्यकता है-** जरूरतमंद लोग की आयुवेदिक कंपनी में दवा पैक करने के लिए संपर्क करें शिक्षित/ बेरोजगार जरूरतमंद लड़कें-लड़कियाँ हाउसवाइफ घर बैठे दवाई पैकिंग करके पार्टटाइम/ फुलटाइम 30,500/- से 45,500/- महीना कमाएं ( जरुरतमंद लोग WHATSAPP या कॉल करें) NOC -2150/- +91 62673 24667. (RO-1322)

## Business व्यापार

**व्यापार-** अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट **संपर्क:-APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़- 7869755871.**(Ro-2741)

## Medical चिकित्सा

**आयुर्वेदिक-** बैगा द्वारा छत्तीसगढ़िया उपचार जैसे चर्म रोग थायराईड, लीवर, किडनी, पथरी, जोड़ों का दर्द शुगर, बवासीर, लकवा, माइग्रेन, खून की कमी स्त्री रोग, साइटिका, एलर्जी, नसों की कमजोरी पेट रोग सभी प्रकार के पुराने व असाध्य रोगों का आयुर्वेदिक दवाई द्वारा किया जाता है साथ ही ज्योतिष विचार देखा जाता है **मोबाइल नंबर 8461886239** (RO-995)

## Property प्रापर्टी

### वाहन

**वाहन बेचना है-** टाटा 207 पिकअप मॉडल 2007 कलर व्हाईट टिपटॉप रनिंग कंडीशन में बेचना है। **संपर्क करे:-मो.- 96177-76501, 98261-67227.**(Ro-500)

हरिभूमि क्लासीफाईड

## For Rent किराया

**बेचना है/किराये से -** परसुलीडीह LIG मकान बेचना है एवं कबीर नगर में 2 BHK फ्लैट किराए से देना है **संपर्क करें मोबाइल नंबर:- 9425511176.**(RO-2803)

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेंवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## हरिभूमि क्लासीफाईड एजेंसी

विज्ञापन हेतु संपर्क करें...

| एजेंसी | पता | संपर्क नं. |
|---|---|---|
| अतुल पब्लिसिटी | सदर बाजार | 94062-00210 |
| ओम विज्ञापन एजेंसी | न्यू राजेन्द्र नगर | 93036-90016 |
| मितनिशा एड | रियो कॉम्पलेक्स देवपुरी | 93298-46567 |
| नाईस पब्लिसिटी | शारदा चौक | 93002-19536 |
| महेश्वरी पब्लिसिटी | देवेन्द्र नगर | 0771-2234113 |
| प्रेमप्रकाश मध्यानी | श्याम नगर/कटोरा तालाब | 93294-07988 |
| माँ एड एजेंसी | पी.एस. सिटी | 93005-12211 |
| राजेश पब्लिसिटी | समता कालोनी | 99263-08899 |
| विजय घोष | पुरानी बस्ती | 98261-16051 |
| आदित्य एड एजेंसी | टिकरापारा | 93010-51757 |
| देव एड एजेंसी | जयस्तंभ चौक | 98268-77609 |
| खन्ना एड एजेंसी | स्टेशन रोड़ | 93001-60001 |
| छत्तीसगढ़ डेल्टा | सुन्दर नगर | 92294-96081 |
| सुमीत एड एजेंसी | शहीद स्मारक | 98261-61116 |
| शिवम एड एजेंसी | बुढ़ातालाब | 93291-00263 |
| ए.के. एड एजेंसी | तात्यापारा चौक | 98261-45558 |
| किशोर पब्लिसिटी | छोटापारा | 98271-62038 |
| एम्बेसी कार्पोरेट | देवेन्द्र नगर | 98267-06506 |
| शांति विजय एड | पचपेढ़ी नाका | 93001-61001 |
| ए.एस.ए. एड एजेंसी | गुरूनानक चौक | 98271-62101 |
| प्रयास एड एजेंसी | श्याम प्लाजा | 94062-36209 |

हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, पुजारी पार्क के सामने रायपुर
फोन- 0771-4242242, 90981-38778

सब कुछ है यहां
पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड

## Healthcare

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
शादी से घबराहट गुप्त रोग
- शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
- शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
- लिंग में ढीलापन, छोटापन, पतलापन
- लिंग में टेढ़ापन
- वीर्य में शुक्राणु की कमी
- बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
- पेशाब में धातु जाना
- शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी

मशीनों द्वारा जांच
अचूक दवाओं का सम्पूर्ण मिश्रण आपकी परेशानी का मात्र 1 दिन में सम्पूर्ण ईलाज
संपर्क डॉ. अहमद
अहमद हॉस्पिटल
सरकारी आई.टी.आई. पॉवर हाउस अंबेडकर चौक, सी मार्ट के सामने, बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिन: सुबह 9 से शाम 7 बजे रविवार 9 से 4 बजे तक
9098889899

हेपाटाईटिस,एच.आई.वी. हर्पिस रोग एवं यौन समस्या
हेपाटाइटिस, हर्पिस, एवं एच.आई.वी. रोग अत्यंत घातक एवं खतरनाक वायरस हैं इसे किसी के कहने पर सुनी सुनाई अन्दाज से दवा खाकर समय की बर्बादी एवं जीवन से खिलवाड़ मत कीजिए , क्या आप गोली दवा ईलाज करके इस भ्रम में हैं कि रोग मुक्त हो गये अतः खून की जाँच कराएं तो पता चलेगा कि आप जड़ से रोग मुक्त हुए या नहीं । समझ में न आये तो स्वयं आकर मिले। स्त्री-पुरुष के गुप्तांग (योनि एवं इन्द्रिय) मे दाने छाले फुन्सी, लाल होना फटना, जलन व दर्द योनि मे खुजली एवं सफेद लाल व बदबूदार पानी, बुखार जैसा लगते रहना मुँह में छाले, शरीर में पानी भरे फफोले दर्द एवं जलन, गुप्तांग से पीप (पस) जाना शरीर में खुजली होते हो तो यह हर्पिस रोग होने की संभावना है । **यौन समस्या :** इन्द्रीय का शिथिल होना वीर्य का पतलापन या नहीं बनना मधुमेय जन्य नपुंसकता, नसों की सिकुड़न, इरेक्टाइल डीसफंक्शन, लिंग का लकवा (पेनाइल पैरालाइस) शीघ्र पतन, स्वप्न दोष, उत्तेजना की कमी, हस्तमैथुनजन्य नपुंसकता, मूत्र मार्ग से सफेदी जाना, यूरेथ्रा स्ट्रेक्चर अर्थात (पेशाब में रुकावट बूंद बूंद या नहीं उतरना) जलन ऐसे होते हो तो ध्यान रहें उपरोक्त बीमारियों का स्थाई ईलाज केवल आयुर्वेद के रस रसायन में ही है।
बायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर सेंटर आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.)
डॉ. बी. के. अग्रवाल (बीएएमएस, आयुर्वेद विज्ञान विशेषज्ञ)
निशांत अग्रवाल फार्मा साईटिस्ट
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरुप टाकीज के सामने, बजाज(गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग,।
मोबा.: 9425555659, 9617789223, 9303948500, 9303242200
समय शाम 4 -7 बजे तक।
अपाईटमेंट फोन से (गुरुवार अवकाश)

सक्सेस मंत्र / रजनी अरोड़ा

सक्सेस पाने के लिए सिर्फ हार्ड वर्क ही नहीं प्रोडक्टिव होना भी बहुत जरूरी है। कुछ बातों का ध्यान रखकर आप भी अपनी प्रोडक्टिविटी बढ़ा सकते हैं।

# सफलता के लिए प्रोडक्टिव होना है जरूरी

दुनिया के 'मोस्ट सक्सेसफुल पीपल' की लिस्ट में शुमार फोर्ड कंपनी के मालिक हेनरी फोर्ड का मानना था कि अपनी प्रोडक्टिविटी को इंप्रूव करने का मतलब है कि पसीना कम बहाओ, लेकिन रिजल्ट बेहतरीन होने चाहिए। यानी लगातार बस मेहनत करते रहना प्रोडक्टिव होना नहीं होता। प्रोडक्टिव होने का सीधा मतलब है-स्मार्टली वर्क करना। अपना टाइम और एनर्जी सही तरह से और स्मार्टली यूज करना। अपनी प्रोडक्टिविटी को बूस्ट करते रहना और आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य को हासिल करना।

**बढ़ा सकते हैं प्रोडक्टिविटी :** जीवन के किसी भी क्षेत्र में कामयाबी पाने के लिए मेहनत करने के साथ-साथ प्रोडक्टिव होना जरूरी है। इसके लिए रोजाना कुछ नया सीखना या नया करते रहना जरूरी है। यह प्रक्रिया जीवनपर्यंत चलती रहती है। देखा जाए तो हर किसी को काम करने के लिए दिन के वही 24 घंटे ही मिलते हैं। कुछ लोगों की शिकायत रहती है कि उन्हें कुछ नया करने या सीखने का टाइम ही नहीं मिलता। 24 घंटे का दिन उनको छोटा लगता है। दूसरी तरफ कामयाब लोग इसी समय में अपनी प्रोडक्टिविटी को लगातार बढ़ाते रहते हैं, क्योंकि वे जानते हैं कि काम टाइम के हिसाब से कैसे करना है और वो कम समय में बेहतर तरीके से काम कर लेते हैं। आप अपनी प्रोडक्टिविटी ऐसे बढ़ा सकते हैं-

**लक्ष्य निर्धारित करें :** यह सबसे जरूरी है कि आपको अपने लक्ष्य के बारे में पता होना चाहिए। उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आपका पूरा फोकस उस पर होना चाहिए, जबकि अधिकतर लोग ऐसा नहीं कर पाते। इसके पीछे मूलतः दो कारण होते हैं। पहला, उन्हें अपने रुझान का पता नहीं होता कि क्या करना उन्हें मोटिवेट करता है और काम के प्रति संजीदा



बनाए रखता है। दूसरा, टाइम मैनेजमेंट न होना, यानी वे नियत टाइम पर काम कर ही नहीं पाते। इससे उनकी प्रोडक्टिविटी कम होती जाती है। अगर आप आगे बढ़ना चाहते हैं तो सबसे पहले इस बात का पता लगाएं कि आपका रुझान किस काम को करने में हैं, जिसे आप रेग्युलरली कर सकते हैं। तभी आप उस काम पर फोकस कर पाएंगे और बेहतरीन परिणाम के साथ नियत समय पर पूरा कर पाएंगे।

**मेडिटेशन करें :** मेडिटेशन न केवल हमें अपने काम पर कंसंट्रेशन और फोकस बढ़ाने में मदद करता है, ये मानसिक रूप से मजबूत भी बनाता है। इससे हम किसी भी समस्या का बेहतर समाधान ढूंढ़ पाते हैं और काम अच्छे तरीके से कर पाते हैं। हमारी प्रोडक्टिविटी खुद-ब-खुद बूस्ट हो जाती है। आजकल की भागम-भाग वाली जीवनशैली में खुद को कूल रखने के लिए मेडिटेशन बहुत कारगर है। सुबह 10 से 15 मिनट आप अपने लिए जरूर निकालें और शांत जगह पर मेडिटेशन करें।

**ब्रेक लेते रहें:** वैसे तो हम जितना ज्यादा प्रोडक्टिव होते जाते हैं, उतना अच्छे तरीके से अपना टाइम मैनेज करना सीख पाते हैं। कई जरूरी कामों के लिए टाइम भी निकाल पाते हैं, लेकिन हमेशा ऐसा संभव नहीं होता है। कई बार हम अनप्रोडक्टिव महसूस करते हैं, जो हमें खुद को रिचार्ज करने का संकेत देता है। यानी अपने काम से थोड़ी देर के लिए ब्रेक लेना। ऐसा ब्रेक, काम को बेहतर तरीके से पूरा करने के लिए आपको बूस्ट और रिचार्ज कर देता है। इसलिए अपनी प्रोडक्टिविटी को बढ़ाने के लिए काम के बीच में ब्रेक लेते रहें। वैज्ञानिक भी मानते हैं कि 50 मिनट तक लगातार काम करने के बाद 10 मिनट का ब्रेक लेना चाहिए।

**कुछ नया सीखते रहें:** आज के दौर में अपनी वैल्यू को बनाए रखने के लिए समय के साथ खुद को बदलना बहुत जरूरी है। अपनी प्रोडक्टिविटी को बूस्ट करने के लिए नई सोच, नई दिशा और टेक्नोलॉजी से जुड़ना बेहद जरूरी है। इसलिए खुद को नियमित रूप से अपडेट और अपग्रेड करते रहें। लिहाजा अपनी स्किल्स बढ़ाने और खुद को ज्यादा प्रोडक्टिव बनाने के लिए कुछ नया सीखते रहना चाहिए। *

पॉपकॉर्न ब्रेन जनरेशन यानी ऐसी जनरेशन, जिसके दिमाग में हर समय कोई न कोई नया विचार, मकई के दाने (पॉपकॉर्न) की तरह पट-पट करके फूटता ही रहता है। हालांकि यह नई जनरेशन क्रिएटिविटी और एनर्जी के मामले में तो काफी एक्टिव दिखती है लेकिन किसी काम में देर तक ना टिकने के कारण उसे बेहतर परिणाम तक नहीं पहुंचा पाती है।



# पॉपकॉर्न ब्रेन जनरेशन
# दिमाग कहीं टिकता ही नहीं...

कवर स्टोरी
लोकमित्र गौतम

नई पीढ़ी से अधिकांश लोगों को यह शिकायत होती है कि वो एक जगह लंबे समय तक टिक ही नहीं सकती है। आप कितना ही अच्छा कोई वीडियो बना लें और चाहें कि आधे घंटे तक टिककर उसे आज की जनरेशन देख ले तो यह मुश्किल है। वजह है, इनका-पॉपकॉर्न ब्रेन। जी हां, आजकल यह टर्म बहुत चलन में है। यह पीढ़ी लगातार एक के बाद दूसरे, दूसरे के बाद तीसरे, विचारों की तरफ भागम-भाग में लगी रहती है। इस पीढ़ी का दिमाग वाकई उर्वर है, इसे लगातार नए-नए विचार सूझते भी हैं। लेकिन अफसोस कि यह किसी विचार के साथ देर तक टिक नहीं पाते। इसलिए मनोवैज्ञानिक इन्हें पॉपकॉर्न ब्रेन जनरेशन कहते हैं। 'पॉपकॉर्न ब्रेन' शब्द का यूज 2011 में वाशिंगटन यूनिवर्सिटी के एक शोधकर्ता डेविड लेवी ने सबसे पहले किया था।

## पॉपकॉर्न ब्रेन के कारण

अब सवाल उठता है, नई जनरेशन के पॉपकॉर्न ब्रेन के क्या कारण हैं, इसके लिए जिम्मेदार कौन है? इसके लिए काफी हद तक इनके पैरेंट्स जिम्मेदार हैं। इसका कारण जानने के लिए हिस्ट्री पर नजर डालनी होगी। दरअसल, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यूरोप और अमेरिका में जब स्थिरता बढ़ी और तेज विकास के कारण खुशहाली आने लगी तो अचानक उस दौर के पैरेंट्स को लगा कि उन्होंने जैसी अभावों और कष्टों वाली जिंदगी जी है, अपनी संतान को वे वैसी जिंदगी नहीं जीने देंगे। वे उन्हें तमाम खूबियां सिखाएंगे, सुख-सुविधाएं देंगे, जो उन्हें नहीं मिल सकीं।

यही वजह है कि पिछली सदी के 50-60 के दशक में अमेरिका और यूरोप के देशों में पैरेंट्स अपने बच्चों को वह सब कुछ बनाने की होड़ में जुट गए, जो कभी वो खुद बनना चाहते थे, लेकिन बन नहीं सके। उस दौर के पैरेंट्स ने अपने बच्चों को कंप्यूटर सिखाया, हेल्थ कॉन्शस बनाया, कम से कम एक या दो म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट्स सिखाया, फाइन आर्ट, डांस, स्पोर्ट्स सिखवाया, थिएटर में हिस्सेदारी कराई।

## भारत में भी पनपा ट्रेंड

पिछली सदी में भारत का मध्यवर्ग अपने बच्चों में इस तरह के प्रयोग कर पाने की हैसियत में नहीं था, क्योंकि न तो इसके लिए उनके पास संसाधन थे, न सपने। साथ ही तब अपने यहां व्यावहारिक रूप में कोई प्रतिस्पर्धा भी नहीं थी। लेकिन पिछली सदी के अंत में भारत में भी पैरेंट्स की वह पीढ़ी उभरने लगी।

प्राइवेट और गवर्नमेंट सेक्टर के कर्मचारियों की सैलरीज में बूम आया तो अपनी संतानों को सब कुछ बनाने वाली पश्चिमी बीमारी, यहां के पैरेंट्स को भी लग गई। भारतीय पैरेंट्स भी अपने बच्चों में डिजायनर बेबी देखने लगे। जो हड़बड़ी, जो अंधी दौड़ अमेरिका और यूरोप ने पिछली सदी के 50 और 60 के दशक में देख ली थी, भारत में वह दौड़ पिछली सदी के आखिरी दशक में आई, जब महानगरीय मां-बाप अपने बच्चों में कूट-कूटकर सारी खूबियां भर देने को उतावले हो गए। अपने बहुत कम उम्र के बच्चों को भी वे स्पोर्ट, एक्टिंग, म्यूजिक, पेंटिंग या अन्य फील्ड के स्टार की तरह देखने लगे।

इसी चाहत में कॉन्वेंट स्कूलों से पढ़कर दोपहर में घर लौटने वाले मासूम रात 10 बजे तक चकरघिन्नी की तरह घूमने लगे। उनके मां-बाप उनको ना केवल अच्छा पौष्टिक खिलाने की कोशिश करने लगे। साथ ही रिलैक्स के बाद उन्हें मैथ्स-साइंस के साथ स्विमिंग, क्रिकेट, गिटार, पेंटिंग या डांस सिखाने तक की कई क्लासेस में भेज देते। नतीजा यह निकला कि वे सही मायने में न अच्छे प्लेयर बन सके, न अच्छे पढ़ाकू बन सके। सब कुछ थोड़ा-थोड़ा बनने में ज्यादा और कंप्लीट कुछ न बन सके। सब कुछ बनने या बनाने के दबाव में इस दौर में बड़े हुए ज्यादातर नौजवान पॉपकॉर्न ब्रेन वाले नौजवान बनकर रह गए।

## नहीं रह पाते कहीं स्थिर

हमेशा एक आधी-अधूरी रेस में रहने वाली इस जनरेशन का न तो कहीं पूरी तरह से ध्यान लगता है, न किसी एक शेड्यूल पर ये कायम रह पाते हैं, न किसी एक काम को प्राथमिकता दे पाते हैं। यही वजह है कि यह जनरेशन हर चीज करना चाहती है, कुछ भी नहीं छोड़ना चाहती। यही नहीं ये नियमित ब्रेक भी लेना चाहती है। इन्हें मालूम नहीं कि इन्हें किस तरह के शौक हैं और क्यों हैं? दरअसल, ये माइंडलेस स्क्रॉलिंग का शिकार हैं। ये लगातार चीजों में घूमते रहते हैं।

स्थायी आकर्षण से रहित यह पीढ़ी हर दो साल बाद पुराने मोबाइल को फेंककर नया मोबाइल लेना चाहती है। यह चीजों के यूज एंड थ्रो पर विश्वास करती है। डिजाइनर ड्रेसेस की पिछले 20-22 सालों में जो कई हजार गुना मांग बढ़ी है, वह कभी न बढ़ती अगर दुनिया में एक ताकतवर पॉपकॉर्न ब्रेन पीढ़ी न पैदा हो गई होती। आज मध्यवर्ग में भी ऐसे लाखों यंगस्टर्स हैं, जो ड्रेसेस अपनी जरूरत, अपनी इच्छा के लिए नहीं पहनते बल्कि वो लगातार नए से नए ड्रेस इसलिए पहनते हैं, ताकि अपटुडेट बने रहें। यही ट्रेंड कारों, मोटरसाइकिलों, मोबाइल फोन, लैपटॉप, म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट जैसी कई चीजों में पिछले दो दशकों में देखने को मिल रहा है। मुट्ठीभर ग्राहकों के बावजूद इन सबकी मांग पिछले दो दशकों से लगातार उपलब्धता से पांच से 10 फीसदी ज्यादा बनी हुई है। ये सब इसलिए हो रहा है, क्योंकि नई पीढ़ी अस्थिर है, इसे क्या चाहिए, इसे खुद नहीं पता, बस चाहिए।

कहने का सार यही है कि पॉपकॉर्न ब्रेन जनरेशन का जो नेचर है, उसके लिए वो स्वयं जिम्मेदार तो नहीं है, लेकिन इसका परिणाम उसे ही झेलना पड़ता है। *

अचीवमेंट / निनाद गौतम

बीते कुछ वर्षों में भारत और भारतीयों का रुतबा दुनिया में बढ़ रहा है। इसको प्रमाणित करती है 'टाइम' मैगजीन में शामिल प्रतिभाशाली भारतीयों की नई सूची।

# दुनिया में परचम फहराते प्रतिभाशाली भारतीय

हर साल की तरह न्यूयॉर्क से प्रकाशित अमेरिकी साप्ताहिक समाचार पत्रिका 'टाइम' ने इस साल भी 'द हंड्रेड मोस्ट इंफ्लूएंशियल पीपुल ऑफ द ईयर 2024 की सूची कुछ समय पूर्व जारी की। इसमें दुनिया के प्रभावशाली आर्टिस्ट, आइकंस, लीडर्स, इनोवेटर्स और पायनियर्स को जगह मिली है। हाल के कई सालों की तरह इस साल भी प्रभावशाली लोगों की इस सूची में अच्छी-खासी संख्या भारतीयों की भी है।

**टॉप 100 में शामिल भारतीय :** इस बार दुनिया के 100 महत्वपूर्ण लोगों की टाइम मैगजीन की लिस्ट में जिन भारतीयों ने अपनी जगह बनाई है, उनमें विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा, बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट, माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला, पूर्व ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक, अभिनेता देव पटेल, अमेरिकी ऊर्जा विभाग के लोन प्रोग्राम ऑफिस के निदेशक जिगर शाह, येल यूनिवर्सिटी में खगोल भौतिकी की प्रोफेसर और 'मैपिंग द हेवेंस : द रेडिकल साइंटिफिक आइडियाज दैट रिवील द कॉसमॉस' की लेखिका प्रियंवदा नटराजन और भारतीय मूल की रेस्त्रां मालकिन असमा खान शामिल हैं।

**मिलता है ग्लोबल फेम :** 'टाइम' पत्रिका की सालाना प्रकाशित होने वाली इस सूची में अपनी जगह बनाना कोई छोटी बात नहीं होती। इस सूची में होने का मतलब है कि प्रभाव के ग्लोब में व्यक्ति की एक सुनिश्चित जगह और पहचान है। इसमें शामिल होने के लिए अलग-अलग क्षेत्रों की नामचीन हस्तियों और 'टाइम' पत्रिका के अंतरराष्ट्रीय लेखन स्टाफ से नामांकन मंगाए जाते हैं। इस तरह प्रभाव आकलन की कई कसौटियों से गुजरकर किसी शख्स का 'टाइम' मैगजीन के



अजय बंगा, आसमा खान , सत्या नडेला, साक्षी मलिक, देव पटेल आलिया भट्ट, ,जिगर शाह, प्रयंवदा नटराजन (बाएं से दाएं)

प्रभावशाली लोगों की सूची में शामिल होना, अपने आपमें महत्वपूर्ण है। प्रभावशाली लोगों की यह सालाना सूची हर साल मैनहटन में आयोजित एक समारोह में जारी की जाती है। इस सूची में शामिल ये 100 लोग वास्तव में दुनिया के इंप्रेसिव अंबेसडर माने जाते हैं।

**पहले भी हुए कई भारतीय शामिल :** वर्ष 1923 से प्रकाशित 'टाइम' मैगजीन की अब तक की प्रभावशाली सूचियों में सैकड़ों भारतीय अपनी जगह बना चुके हैं। अमिताभ बच्चन, शाहरुख खान, इंदिरा नूई और राजामौली जैसी शख्सियतें इसकी सूची में कई बार जगह पाती रही हैं। एक बार इस सूची में किसी का नाम आ जाता है तो फिर वह पूरी दुनिया में अपनी पहचान का मोहताज नहीं रहता।

**शामिल करने का होता है ठोस आधार :** माना जाता है कि इस लिस्ट में शामिल लोगों के काम, मानवता के हित में होंगे और भविष्य की पीढ़ियों के लिए शानदार और सकारात्मक राह बनाएंगे। स्वास्थ्य, व्यवसाय, मनोरंजन, विज्ञान, राजनीति या कोई भी क्षेत्र, जिससे लोग या लोगों का समूह प्रभावित होता हो, उन सब क्षेत्रों से इस सूची के लिए महत्वपूर्ण शख्सियतें चुनी जाती हैं। इसलिए इस सूची के लिए निश्चित विषय नहीं हैं, यह चयन ऐसे लोगों द्वारा किया जाता है, जिनका चयनित लोगों से कोई दूर-दूर तक का रिश्ता नहीं होता।

**भारत के बढ़ते वर्चस्व का प्रमाण:** टाइम पत्रिका की प्रभावशाली लोगों की सालाना सूची में शामिल होना प्रतिष्ठा की बात है। हालांकि भारत में हमेशा से कुछ प्रभावशाली लोग होते रहे हैं। लेकिन अब के पहले इतने बड़े पैमाने पर एक साथ भारतीयों का नाम इस सूची में शामिल नहीं होता था। इससे दुनिया में बढ़ता भारत का रुतबा, साबित होता है। *

कविता / रेखा शाह आरबी



## गौरैया खोजती है

गौरैया द्वार-द्वार खोजती है
नाद, चरनी, सहृदय घरनी,
जो उसके लिए बिखेर देती थी
मुट्ठी भर चावल के दाने।

गौरैया कुलबुला रही है,
गौरैया अकुला रही है,
गौरैया बिलबिला रही है,
चिलचिलाती धूप में बौखला रही है,
खोज रही है एक मुट्ठी छांव
जहां ना जलें उसके बच्चों के पांव।

सोच रही है कहां उतरूं
नदारद है आंगन, नदारद अलंगनी,
गुम हुए बगीचे, गुम हुई पेड़ों की शाखें,
सूखी हुई टहनियां देखकर
नम हो रही, गौरैया की आंखें।

छोटी कहानी / यशोधरा भटनागर

# आशीर्वाद



सुबह-सुबह के ढेरों काम और ये फोन फिर बजने लगा। दिन भर मुआ बजता ही रहे है। जरा काम न करने दे। अपने आप से यह कहते हुए वह फोन उठा लेती हैं, 'हेलो!'

'हेलो जिज्जी!' उधर से भाभी की घबराई-रुआंसी आवाज सुनाई देती है। वह भी घबरा जाती हैं, 'क्या हुआ सब ठीक तो है, अम्मा...!' 'अम्मा ठीक हैं जिज्जी। बहू गई थी अपने मायके।' वह बीच में बोल पड़ती हैं, 'तो क्या हुआ, आ जाएगी।' 'वही तो जिज्जी! शादी के बाद पहली होली थी, सो उसका भाई लिवा ले गया। आज शीतला सप्तमी है, सो तुमाए भैया उसे लिवाने गए थे। पर उन लोगों ने बाहर से ही लौटा दिया बोले- 'हमें नहीं भेजना अपनी बिटिया को ऐसे घर में।' और फिर 'भड़ाक!' से दरवाजा बंद कर दिया। ये अपना सा मुंह लेकर लौट आए।' भाभी चिंता से बताती हैं। 'हम्म! ये तो बहुत बुरा हुआ भाभी। अब...।' वह भी चिंतित हो जाती हैं। 'जिज्जी सारा घर हैरान परेशान है। अड़ोस-पड़ोस, समाज में तो हमारी भद्द पिट गई। बहू काहे घर छोड़कर चली गई? सोच-सोच कर इनका बीपी सोई हाई हो गया है और मेरा भी सिर दर्द से फटा जा रहा है।' भाभी रोने लगती हैं।

फोन कट जाता है। चारों ओर शांति छा गई पर उनका मन बहुत अशांत हो गया। फोन की घंटी फिर बजती है। वह उठा लेती हैं। उधर से भाभी और ज्यादा चिंता में बोलती हैं, 'जिज्जी क्या करें? कुछ सूझ नहीं रहा। मंटू के ब्याह में भी तो सारे पूजा-पाठ, सारे विधान, पुरखों की पूजा सब ही कुछ तो किया था। पता नहीं क्या कसर रह गई?' 'पुरखों को तो आपने मनाया भाभी पर...।' कहते-कहते उनके गले में कुछ क्या, बहुत कुछ फंस कर रह गया। उन्हें याद है, उनकी अम्मा कैसे दरवाजे की ओट से दूर से ही अपने पोते को सेहरा बांधे, घोड़ी चढ़ते, नम आंखों से देखती रहीं पर सिर पर प्यार भरा हाथ रख, आशीर्वाद न दे सकीं। बाऊजी क्या गए, भाभी के लिए अम्मा अपशगुनी हो गईं। अपनी विधवा सास का मुंह सुबह-सुबह न देखतीं, हर वार-त्योहार, पूजा-पाठ में अम्मा को दूर रखतीं। पर्व-त्योहार को अम्मा कितने उत्साह से मनाती थीं पर अब अपने कमरे में पड़ी रहतीं। बाऊजी के जाने के बाद कुछ ही महीनों में अम्मा सूखकर कांटा हो गईं पर उनके प्रति भाभी का रवैया बद से बदतर होता चला गया। 'जिज्जी! जिज्जी सुन रही हो न। बात तलाक तक पहुंच गई है।' कांपती आवाज में भाभी बताती हैं। 'तलाक..!' वह दंग रह जाती हैं। 'हां जिज्जी! ईश्वर न जाने किस पाप की सजा दे रहे हैं मुझे!' 'पाप...भाभी! अम्मा कहां हैं?' वह पूछती हैं। 'अपने कमरे में ही हैं। आज शीतला सप्तमी की पूजा है न! सब ध्यान रखना पड़ता है जिज्जी। जब तक पूजा न हो तब तक अम्मा...।' भाभी बिना संकोच किए कह देती हैं। 'भाभी... भाभी!' उनका गला रुंध गया, शब्द गले में फंस गए। शायद फोन भी कट गया था। अम्मा का शांत चेहरा उनके सामने था। फिर फोन की घंटी बज उठती है। अबकी बिट्टू का फोन है। वह उठा लेती हैं, 'हेलो!'

बेटा चहकता हुआ बताता है, 'हेलो मां! एक खुश खबरी है। एक नहीं दो... मेरा प्रमोशन हो गया है, मैनेजर बन गया हूं और आप दादी बनने वाली हैं।' 'वाह! मेरे बच्चे! खूब सारा आशीर्वाद! खूब खुश रहो!' वह भी खुशी से खिल उठती हैं। वह सोचती हैं, 'हां बिट्टू के साथ अम्मा का भी आशीर्वाद है...।' मंटू की शादी के आठ दिन बाद ही तो बिट्टू की शादी थी। शादी से आठ-दस दिन पूर्व ही समीर, अम्मा को हमारे घर ले आए थे। 'मैं क्या करूंगी वहां? ब्याह का घर है।' अम्मा आने को तैयार ना थीं। बहुत समझाने के बाद बड़ी मुश्किल से अम्मा उनके घर आई थीं।

'अम्मा कहां हो बिट्टू का टीका तो कर दो।' उन्हें जबरदस्ती कमरे से निकाल वह बाहर ले आई थीं। ढोल की थाप पर अम्मा चकरी सी घूमीं तो अम्मा की आंखों संग उनका दिल भी भर आया। अम्मा ने बिट्टू के सिर पर हाथ रख खूब प्यार किया और ढेर सारा आशीर्वाद दिया था। उनकी आंखें बरसने लगीं। वह मन ही मन बोलीं, 'अम्मा तुम हमेशा आशीर्वाद देती रहना।' *

लघुकथा / गोविंद भारद्वाज


# भूख



उस दिन स्वाति एक बड़े-से थैले में ढेर सारे खिलौने लेकर शहर के बाहर बनी झुग्गियों में पहुंची। बड़ी-सी कार देखकर छोटे-छोटे बच्चे वहां आकर जमा हो गए। स्वाति कार से उतरी और थैले को जमीन पर रखते हुए बोली, 'आओ बच्चों, मैं तुम्हारे लिए ढेर सारे खिलौने लाई हूं।' कुछ पल बच्चे खिलौनों को एक-टक देखते रहे। 'अरे बच्चों, ये सब मैं तुम्हारे लिए लाई हूं... और वो भी मुफ्त में।' यह सुनकर कुछ बच्चे स्वाति की तरफ खिलौने लेने दौड़ पड़े।

एक बच्ची चुपचाप खड़ी थी। 'आओ बेटा... तुम भी आओ... देखो, कितना बढ़िया किचन-सेट है... सिलेंडर है, स्टोव है और कितने सुंदर-सुंदर चकले-बेलन हैं।' स्वाति बच्ची को खिलौने दिखाते हुए बोली। वह बच्ची उसके पास आई और धीरे-से बोली, 'आंटी... खाने के लिए भी कुछ लाई हो क्या... बहुत भूख लगी है। कल से कुछ नहीं खाया है।' यह सुनकर स्वाति जड़वत खड़ी रह गई। *

पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण




# निराश की कविताएं

**कश्मीर** के प्रमुख हिंदी रचनाकारों में मोहन निराश का नाम भी शामिल है। उनके पांच कविता संग्रहों में से चुनी हुई कविताओं का संकलन उनके पुत्र उपेंद्र नाथ रैणा के संपादन में 'ऋचाएं नीलकंठी' शीर्षक से प्रकाशित होकर आया है। इन प्रतिनिधि कविताओं को पढ़ते हुए सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि इसके रचनाकार के मन में जीवन, समाज और दुनिया की विडंबनाओं को लेकर कितनी बेचैनी मौजूद थी। 'मैं क्या करूं, उस मकान में रहता हूं/ जिसके लोगों में घर मर चुका है।' बावजूद इन विडंबनाओं के कविता की सामर्थ्य पर कवि का भरोसा कम नहीं होता है। इसीलिए वे यह भी लिखते हैं, 'कविता की आग जंगल की आग से कहीं खतरनाक और/निर्भीक होती है।' निराशाओं में भी बेहतर होने की आशा रखने वाले एक समर्थ रचनाकार की यही पहचान है। *

**पुस्तकः** ऋचाएं नीलकंठी (प्रतिनिधि कविता संग्रह), **कविः** मोहन निराश, **संपादकः** उपेंद्र नाथ रैणा, **मूल्यः** 450 रुपए, **प्रकाशकः** अयन प्रकाशन, नई दिल्ली




*नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव 2024 कई मायनों में खास है। इस बार संसद में कई युवा सांसद देखने को मिलेंगे। उत्तर प्रदेश के कौशांबी, मछलीशहर और बिहार के समस्तीपुर में सबसे युवा सांसदों को जनता ने चुना है। राजस्थान की भरतपुर सीट पर 26 साल की संजना जाटव ने सीएम भजनलाल शर्मा के गढ़ में भाजपा प्रत्याशी को शिकस्त दी है। वैसे तो हर लोकसभा में सबसे उम्रदराज व सबसे युवा सांसदों की गणना होती ही है लेकिन इस बार युवा सांसदों की संख्या से यह सिद्ध हो रहा है कि देश के लोग अब युवाओं को राजनीति में आगे लाना चाहते हैं और उन्हें पूरा सपोर्ट भी कर रहे हैं।*

# युवा सांसदों में पुष्पेंद्र-प्रिया, शांभवी 25 की, संजना, प्रियंका, इकरा 30 के अंदर

## देश के कम उम्र के वो युवा सांसद जिन्हें लोगों ने सौंपी है अपने-अपने क्षेत्र की बागडोर

### कौशांबी सांसद पुष्पेंद सरोज

उत्तर प्रदेश की कौशांबी लोकसभा सीट पर 25 साल के पुष्पेंद्र सरोज ने कमाल कर दिया। उन्होंने कौशांबी से दो बार के भाजपा सांसद विनोद सोनकर को करारी शिकस्त दी है। पुष्पेंद सरोज ने 1,03,944 मतों से बड़ी जीत दर्ज की है। पुष्पेंद्र ने अपनी 12वीं तक की शिक्षा देहरादून से की है। इसके बाद स्नातक की पढ़ाई लंदन के क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी से की। पुष्पेंद्र सरोज चार बार के विधायक और पूर्व मंत्री इंद्रजीत सरोज के बेटे हैं।

### मछली शहर सांसद प्रिया सरोज

उत्तर प्रदेश की मछलीशहर लोकसभा सीट पर सपा की 25 वर्षीय प्रत्याशी प्रिया सरोज ने भाजपा के मौजूदा सांसद बीपी सरोज (भोलानाथ) को हरा दिया है। प्रिया सरोज ने 35,850 मतों से जीत दर्ज की है। भाजपा के बीपी सरोज को 4,15,442 मत मिले थे। खास बात यह है कि 2019 लोकसभा चुनाव में बीपी सरोज ने सिर्फ 181 मतों से चुनाव जीता था।


पुष्पेंद सरोज | प्रिया सरोज | शांभवी चौधरी | संजना जाटव | आदित्य यादव | करण भूषण सिंह | तेजस्वी सूर्या | सागर ईश्वर खांद्रे | इकरा हसन | प्रियंका जारकीहोली

***समस्तीपुर सांसद शांभवी चौधरी***

*बिहार की समस्तीपुर लोकसभा सीट पर शांभवी चौधरी ने 25 साल की उम्र में लोकसभा चुनाव जीतकर नया कीर्तिमान रच दिया है। शांभवी नीतीश सरकार में मंत्री अशोक चौधरी की बेटी हैं। लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) की टिकट पर चुनाव लड़ीं शांभवी को 5,79,786 मत मिले। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस प्रत्याशी सन्नी हजारी को 1,87,251 मतों से शिकस्त दी।*

***भरतपुर सांसद संजना जाटव***

*राजस्थान की भरतपुर लोकसभा सीट पर 26 साल की संजना जाटव ने कमाल कर दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल के गढ़ में भाजपा प्रत्याशी को करारी शिकस्त दी। संजना को कुल 5,79,890 वोट मिले। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी रामस्वरुप कोली को 51,983 मतों से पराजित किया है।*

***बदायूं सांसद आदित्य यादव :*** *उत्तर प्रदेश की बदायूं लोकसभा सीट से चुनाव जीतने वाले सपा प्रत्याशी आदित्य यादव का नाम भी युवा सांसदों की सूची में आ गया है। उन्होंने 35 वर्ष की उम्र में लोकसभा चुनाव जीता। आदित्य सपा नेता शिवपाल यादव के बेटे हैं। आदित्य यादव को कुल 5,01,855 मत मिले। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य को 34,991 मतों से पराजित किया है।*

***कैसरगंज सांसद करण भूषण सिंह***

*उत्तर प्रदेश की कैसरगंज लोकसभा सीट पर ब्रजभूषण शरण सिंह का दबदबा कायम है। उनके 33 वर्षीय बेटे करण भूषण सिंह ने 1,48,843 मतों से कांग्रेस प्रत्याशी भगत राम को हराया है। करण भूषण सिंह को कुल 5,71,263 मत मिले। बता दें कि ब्रजभूशण शरण सिंह छह बार लोकसभा सांसद रह चुके हैं।*

***बेंगलुरु दक्षिण सांसद तेजस्वी सूर्या***

*बेंगलुरु दक्षिण लोकसभा सीट से भाजपा की टिकट पर तेजस्वी सूर्या ने दूसरी बार लोकसभा चुनाव जीता है। 33 वर्षीय सूर्या को कुल 7,50,830 मत मिले हैं। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी सौम्या रेड्डी को 2,77,083 मतों से हराया है।*

### बीदर सांसद सागर ईश्वर खांद्रे

कर्नाटक की बीदर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी सागर ईश्वर खांद्रे ने भाजपा प्रत्याशी भगवंत खुबा को 1,28,875 मतों से हराया है। सागर को कुल 6,66,317 मत मिले। सागर ईश्वर खांद्रे की उम्र 26 साल है।

### कैराना सांसद इकरा हसन

कैराना लोकसभा सीट से सपा की टिकट पर चुनाव जीतने वालीं इकरा हसन का नाम भी युवा सांसदों की सूची में शामिल है। 29 वर्षीय इकरा ने भाजपा प्रत्याशी प्रदीप कुमार को 69,116 मतों से हराया है। इकरा ने लंदन से पढ़ाई की है।

### चिकोडी सांसद प्रियंका जारकीहोली

कर्नाटक की चिकोडी लोकसभा सीट से 27 वर्षीय कांग्रेस प्रत्याशी प्रियंका सतीश जारकीहोली ने 90,834 मतों से जीत दर्ज की है। प्रियंका ने भाजपा प्रत्याशी अन्नासाहेब शंकर जोले को शिकस्त दी है।

## सोशल मीडिया

### कंगना सांसद ही नहीं, महिला भी हैं इस तरह की घटना बिल्कुल गलत



**मुंबई।** हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से नवनिर्वाचित सांसद और बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत के साथ बदसलूकी का मामला सामने आया था। कंगना के साथ हुई बदसलूकी पर कई बॉलीवुड सितारों ने नाराजगी जाहिर की है और एक्शन की मांग की है। अनुपम खेर ने कहा- मुझे बहुत अफसोस हुआ। एक महिला के साथ एक दूसरी महिला ने अपनी पोजिशन का फायदा उठाकर, जो इस तरह की हरकत की है, वो बिल्कुल गलत है। इस पर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। अनुपम ने कहा कि अगर उनकी कोई भी नाराजगी थी, तब भी उन्हें अपनी पोजिशन का फायदा उठाकर ये सब नहीं करना चाहिए। अगर पास्ट की किसी चीज से आपको दुख हुआ है, तो उसे कहने के बहुत अलग तरीके होते हैं, लेकिन जो हुआ वो बहुत दुखद है।

### कांग्रेस ने हरियाणा में आप की भ्रूण हत्या करने की कोशिश की : ढांडा



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद अब इंडिया गठबंधन में ब्लेम गेम का दौड़ शुरू हो गया है। गठबंधन में शामिल आम आदमी पार्टी ने हरियाणा में निराशाजनक प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस पार्टी पर सवाल खड़े करते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। हरियाणा के कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट पर मिली हार के लिए कांग्रेस पार्टी को जिम्मेदार ठहराया है। हरियाणा आप के उपाध्यक्ष और वरिष्ठ पार्टी नेता अनुराग ढांडा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस पार्टी की हार में कांग्रेस की भूमिका बताते हुए कई गंभीर आरोप लगाए हैं। ढांडा ने दोनों कांग्रेस नेताओं पर भितरघात करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस नेताओं पर निशाना साधते हुए अनुराग ढांडा ने कहा हरियाणा में आप की भ्रूण की हत्या करने की कोशिश की गई।

# अभी बाकी है अखिलेश की अग्नि परीक्षा! इन 9 सीटों पर होंगे उपचुनाव, फिर मचेगी एनडीए और इंडिया में खींचतान

*लोकसभा चुनाव के बाद अब छह महीने में एनडीए व विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए की फिर से परीक्षा होगी। इनकी परीक्षा उन नौ विधानसभा सीटों के उपचुनाव में होगी जहां के विधायक अब सांसद बन चुके हैं। हालांकि इस परीक्षा में पास-फेल होने से सरकार की सेहत पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा, किंतु दोनों ही गठबंधन एक-दूसरे को हराकर बड़ा राजनीतिक संदेश जरूर देना चाहेंगे।*

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| लखनऊ**

उपचुनाव के लिए जो सीटें रिक्त होने वाली हैं, उनमें चार सपा, तीन भाजपा, एक रालोद व एक निषाद पार्टी की हैं। इसके साथ ही भारतीय निर्वाचन आयोग ने जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया आधिकारिक रूप से शुरू कर दी है।

यूपी सहित कई जगह उपचुनाव की सुगबुगाहट के बाद मुख्य विपक्षी दल इंडिया गठबंधन व एनडीए के बीच एक बार फिर जोड़तोड़ की राजनीति शुरू हो जाएगी। लोकसभा चुनाव में माकूल तवज्जोह न मिलने से बिफरे दोनों ही पार्टी के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं में समन्वय बनाना काफी टेढ़ी खीर है।

### ये विधायक बन गए सांसद

फूलपुर के भाजपा विधायक प्रवीण पटेल, अलीगढ़ की खैर सीट से भाजपा विधायक व प्रदेश सरकार के मंत्री अनूप प्रधान वाल्मीकि, गाजियाबाद से भाजपा विधायक डॉ. अतुल गर्ग, निषाद पार्टी के मझवां से विधायक डॉ. विनोद कुमार बिंद, रालोद के मीरापुर के विधायक चंदन चौहान, सपा के मिल्कीपुर से विधायक अवधेश प्रसाद, करहल के विधायक व नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव, कटेहरी से सपा विधायक लालजी वर्मा, कुंदरकी के विधायक जियाउर्रहमान बर्क ने संभल से जीत दर्ज की है।

## भारतीय निर्वाचन आयोग ने जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया की शुरू

### इन सीटों पर होगा विधानसभा उपचुनाव



ऐसे में अब फूलपुर, खैर, गाजियाबाद, मझवां, मीरापुर, मिल्कीपुर, करहल, कटेहरी व कुंदरकी विधानसभा का उपचुनाव होना है। यदि अखिलेश विधानसभा से त्याग पत्र न देकर नेता प्रतिपक्ष बने रहते हैं तो फिर कन्नौज लोकसभा सीट का उपचुनाव होगा। इस उपचुनाव में अब विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए व एनडीए दोनों ही जुटेंगे।

### करहल विधानसभा सीट छोड़ेंगे अखिलेश

सपा मुखिया अखिलेश यादव कन्नौज से सांसद बनने के बाद करहल विधानसभा सीट छोड़ने जा रहे हैं जिस कारण वहां उपचुनाव होगा। शनिवार को अखिलेश यादव के संसदीय दल का नेता चुने जाने के बाद यह स्पष्ट हो गया है। वर्ष 2022 में अखिलेश यादव ने अपना पहला विधानसभा चुनाव करहल विधानसभा सीट से लड़ा था। सपा की टिकट के दावेदारों की दौड़ में पूर्व सांसद तेज प्रताप यादव का नाम सबसे आगे है। तेज प्रताप यादव को अखिलेश यादव ने इस लोकसभा चुनाव में कन्नौज सीट से प्रत्याशी बनाया था। बाद में कार्यकर्ताओं के अनुरोध पर उन्होंने तेज प्रताप को हटाकर खुद चुनाव लड़ने का फैसला किया था।

### जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव प्रक्रिया शुरू



भारतीय निर्वाचन आयोग ने जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया आधिकारिक रूप से शुरू कर दी है। चुनाव आयोग के सचिव जयदेव लाहिड़ी ने एक प्रेस नोट में कहा आयोग ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की विधानसभा के आम चुनाव के लिए चुनाव चिह्न (आरक्षण और आवंटन) आदेश 1968 के पैरा 10बी के तहत कॉमन चिह्न के आवंटन के लिए आवेदनों को तत्काल प्रभाव से स्वीकार करने का फैसला किया है। मालूम हो कि इससे पहले मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा था कि जम्मू-कश्मीर के लोगों को जल्द ही "लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार" मिलेगी। यहां पिछला विधानसभा चुनाव 2014 में हुआ था, जिसके बाद मुफ्ती मोहम्मद सईद के नेतृत्व में भाजपा और पीडीपी की गठबंधन सरकार सत्ता में आई थी। मुख्यमंत्री सईद की 2016 में मृत्यु के बाद गठबंधन का नेतृत्व उनकी बेटी महबूबा मुफ्ती ने किया। भाजपा ने 18 जून 2019 को गठबंधन सरकार से समर्थन वापस ले लिया था। जिसके बाद महबूबा मुफ्ती ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। जम्मू-कश्मीर में राज्यपाल शासन लगाया गया था। तब से जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश का प्रशासन उपराज्यपाल के हाथों में है।

## 80 प्रतिशत सांसदों ने ग्रेजुएशन तक की पढ़ाई की है

# 18वीं लोकसभा में एक भी सांसद निरक्षर नहीं जानिए जीत कर पहुंचे सांसद कितने पढ़े लिखे हैं?

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली**

देश की हालिया चुनी गई 18वीं लोकसभा में एक भी सांसद निरक्षर नहीं है। नवनिर्वाचित 543 सांसदों में से ज्यादातर उच्च शिक्षित हैं। करीब 80 प्रतिशत सांसदों ने कम से कम ग्रेजुएशन तक की पढ़ाई कर रखी है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ये जानकारी दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, लोकसभा चुनावों में जिन 121 उम्मीदवारों ने खुद को निरक्षर घोषित किया था, वे सभी चुनाव हार गए हैं।

### नए सांसदों के पास शिक्षा की योग्यता

रिपोर्ट के मुताबिक, जीतने वाले उम्मीदवारों में से लगभग 105 (19 प्रतिशत) ने अपनी शैक्षिक योग्यता कक्षा 5वीं और कक्षा 12वीं के बीच घोषित की है। 147 उम्मीदवार ग्रेजुएट और इतने ही उम्मीदवार पोस्ट ग्रेजुएट किए हुए हैं। 28 ने डॉक्ट्रेट तक की पढ़ाई कर रखी है। 34 सांसद 10वीं पास और 65 सांसद 12वीं पास हैं। 4 सांसदों ने 8वीं तक और 2 सांसदों ने 5वीं तक पढ़ाई की है।



### भाजपा के सबसे ज्यादा सांसद पढ़े-लिखे

भाजपा के 240 सांसदों में से 64 ग्रेजुएट और 69 पोस्ट ग्रेजुएट हैं। केवल एक सांसद 5वीं पास है और 15 ने डॉक्ट्रेट की पढ़ाई की है। कांग्रेस के 6 सांसद 10वीं पास, 24 ग्रेजुएट, 27 पोस्ट ग्रेजुएट और 4 डॉक्ट्रेट हैं। कांग्रेस का कोई भी सांसद 10वीं से कम पढ़ा हुई नहीं है। जो 7 उम्मीदवार निर्दलीय जीते हैं, उनमें से 4 ने ग्रेजुएट तक की पढ़ाई की है।

### कौन हैं सबसे अमीर सांसद?



अमीर सांसदों में पहले नंबर पर आंध्र प्रदेश की गुंटूर सीट से जीत दर्ज करने वाले तेलुगु देशम पार्टी के सांसद डॉक्टर चंद्र शेखर पेम्मासानी हैं। उनकी संपत्ति करीब 5,705 करोड़ रुपये है। दूसरे नंबर पर तेलंगाना की चेवेला सीट से भाजपा के कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी हैं, जिनकी संपत्ति करीब 4,568 करोड़ रुपये है। तीसरे पायदान पर हरियाणा की कुरुक्षेत्र सीट से भाजपा के सांसद नवीन जिंदल हैं, जिनकी संपत्ति करीब 1,241 करोड़ रुपये है।

### पिछली लोकसभा से कितने अलग हैं आंकड़े

17वीं लोकसभा में ग्रेजुएट और उससे अधिक पढ़े-लिखे सांसदों की संख्या 396 थी। वहीं डॉक्ट्रेट डिग्री वाले सांसद करीब 21 थे। लोकसभा में इस बार सिर्फ 22 प्रतिशत यानी 119 सांसद ऐसे होंगे, जिनकी शिक्षा हायर सेकेंडरी या उससे कम होगी। पिछली लोकसभा में ऐसे सांसदों की संख्या 147 (27 प्रतिशत) थी। हालांकि, 17वीं लोकसभा में ग्रेजुएट सांसदों की संख्या 27 प्रतिशत थी, जो अब घटकर 18वीं लोकसभा में 22 प्रतिशत रह गई है।

## लोकसभा चुनाव में दिखा बाहुबलियों का दमखम, कई सांसदों पर गंभीर मामले, एक पर तो 42 केस दर्ज

लोकसभा चुनाव का परिणाम आने के बाद एक आंकड़ा बेहद चौंकाने वाला सामने आया है। बिहार में बाहुबली का जोर फिर से देखने को मिला है। बिहार के 48 प्रतिशत नव-निर्वाचित सांसदों पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। एक सांसद तो ऐसे हैं जिन पर 42 मामले दर्ज हैं। देश में 170 सांसदों के विरुद्ध गंभीर श्रेणी के आपराधिक मामले हैं। इस बार भी बाहुबलियों का जोर चुनाव पर रहा इसकी पुष्टि चुने गए सांसदों पर दर्ज आपराधिक मामले कर रहे। ऐसे सांसदों की संख्या 53 प्रतिशत है। बिहार से अधिक इसे कौन समझेगा, जिसके नव-निर्वाचित 48 प्रतिशत सांसदों के विरुद्ध गंभीर श्रेणी के आपराधिक मामले दर्ज हैं। देश में 170 सांसदों के विरुद्ध गंभीर श्रेणी के आपराधिक मामले हैं। कुल सांसदों में यह संख्या 31 प्रतिशत होती है।



### किस पार्टी के कितने सांसद दागी

बिहार के लिए यह दाग अधिक गहरा है। राष्ट्रीय औसत से यहां 17 प्रतिशत अधिक सांसद जघन्य केस में आरोपित हैं। राजद के चार सांसदों पर गंभीर आपराधिक मामले हैं। भाजपा में ऐसे 26 प्रतिशत सांसद हैं, जदयू में 17 प्रतिशत।

### हर चुनाव में बढ़े दागी जन-प्रतिनिधि

सर्वाधिक क्षोभजनक हर चुनाव में दागी जन-प्रतिनिधियों की संख्या अपेक्षाकृत बढ़ते जाना है। 2009 की तुलना में 2014 में गंभीर आपराधिक मामलों में आरोपित सांसदों की संख्या में दोगुनी से अधिक की वृद्धि हुई है। 2009 में ऐसे 14 प्रतिशत सांसद थे, जो बढ़कर 2014 में 21 प्रतिशत हो गए।

### 2019 लोकसभा चुनाव में हुई 29 प्रश वृद्धि

वर्ष 2019 में आठ प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ यह संख्या 29 प्रतिशत हो गई और इस बार 31 प्रतिशत। बंगाल को छोड़ इस पैमाने पर दूसरे राज्यों की छवि बिहार से बेहतर नहीं। बंगाल के नए 38 प्रतिशत सांसद जघन्य मामलों में आरोपित हैं। उत्तर प्रदेश और झारखंड में यह संख्या क्रमशः 43 और 50 प्रतिशत है।

## नवनिर्वाचित सांसद भोजराज नाग



छत्तीसगढ़ के कांकेर लोकसभा क्षेत्र से चुने गए नवनिर्वाचित सांसद भोजराज नाग ने शनिवार को संसद में पंजीयन कराया।

## पाकिस्तान ने नहीं दी मोदी को बधाई, जम्मू-कश्मीर की वकालत की

- भारत ने साफ कहा- आतंकवाद के मुद्दे पर समझौता नहीं

**एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली**



पाकिस्तान ने शनिवार को कहा कि वह भारत समेत अपने सभी पड़ोसियों के साथ सौहार्दपूर्ण और अच्छे संबंध चाहता है और कश्मीर समेत सभी दूसरे मसलों को बातचीत के जरिए विवादों को सुलझाना चाहता है। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए शपथ लेने से एक दिन पहले यह बयान दिया। साथ ही, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शपथ ग्रहण से पहले बधाई नहीं देने पर अपना पक्ष रखा है। पाक ने कहा कि भारत के साथ वह जम्मू-कश्मीर मसले को बातचीत के जरिए हल करना चाहता है वहीं भारत ने दो टूक कहा है कि पाक पहले आतंकवाद को पनाह देना बंद करे उसके बाद ही कोई हल निकल सकता है।

**जयशंकर ने कहा था- पाकिस्तान से वार्ता के द्वार खुले हैं**

दूसरी ओर, भारत भी पाकिस्तान को सशर्त बातचीत के लिए तैयार है। कुछ महीने पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान के साथ बातचीत के लिए भारत के द्वार कभी बंद नहीं होने की बात कही थी। लेकिन आतंकवाद के मुद्दे पर सबसे पहले विचार विमर्श होना चाहिए। उन्होंने कहा था- हमने पाकिस्तान के साथ बातचीत के लिए अपने दरवाजे कभी बंद नहीं किए हैं। सवाल यह है कि किस मुद्दे पर बात की जाए। अगर किसी व्यक्ति के पास इतने सारे आतंकी कैंप हैं, तो यह डिस्कशन के सेंटर में होना चाहिए।

# शाह ने फडणवीस का इस्तीफा किया खारिज, बोले- अपना काम जारी रखें

**एजेंसी ▶▶| मुंबई**

गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार 8 जून को महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस के इस्तीफे की पेशकश ठुकरा दी। फडणवीस ने 5 जून को महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव के दौरान राज्य में एनडीए के खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की पेशकश की थी। अब गृह मंत्री अमित शाह ने इस पेशकश को खारिज करते हुए फडणवीस से पद पर बने रहने का आग्रह किया है।

***अपना काम जारी रखें फडणवीस :*** *अमित शाह ने फडणवीस से कहा कि राज्य सरकार में अपना काम जारी रखें और भाजपा को महाराष्ट्र में पुनर्जीवित करने की योजना तैयार करें। फडणवीस ने 2019 के लोकसभा चुनावों में शिवसेना के एकनाथ शिंदे गुट और अजीत पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के साथ गठबंधन करके 41 सीटें जीती थीं। इस बार, महायुति गठबंधन केवल 17 सीटें ही जीत पाया।*





***शाह का फडणवीस को निर्देश :*** *फडणवीस से मुलाकात पर शाह ने उनसे कहा कि अभी इस्तीफा देने से महाराष्ट्र में बीजेपी कार्यकर्ताओं के मनोबल पर असर पड़ेगा। उन्होंने यह भी बताया कि नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण के बाद इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।*

### अक्टूबर-नवंबर में होना हैं विस चुनाव

ज्ञात हो कि महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव इस साल अक्टूबर के आसपास होने की संभावना है। महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ गठबंधन, जिसमें शिवसेना, भाजपा और एनसीपी शामिल हैं, ने राज्य की 48 लोकसभा सीटों में से केवल 17 पर जीत हासिल की है। वहीं, कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) से मिलकर बनी महा विकास अघाड़ी ने 30 सीटों पर जीत हासिल की है।

# फैक्ट्री में लगी भीषण आग, 3 की मौत, 6 बुरी तरह झुलसे

**एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली**

एक बार फिर राजधानी से आग की घटना सामने आई है। दिल्ली के नरेला स्थित एक फैक्ट्री में गैस लीक होने के कारण आग लग गई। जानकारी के मुताबिक, इस हादसे में अब तक तीन लोगों की मौत हो गई है। वहीं 6 मजदूर आग की चपेट में आने के कारण झुलस गए हैं। यह घटना आज शनिवार तड़के सुबह साढ़े तीन बजे के करीब की बताई जा रही है।

**गैस लीक होने से लगी आग**

समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक गैस लीक होने के कारण फैक्ट्री में आग लग गई। एजेंसी ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला कि कच्चे मूंग को गैस बर्नर पर भूना गया था और एक पाइपलाइन में गैस रिसाव के कारण आग फैल गई, जिससे कंप्रेसर गर्म हो गया, जिसके परिणामस्वरूप विस्फोट हो गया।

**मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियां :** घटना की जानकारी मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची।

टीम ने फैक्ट्री में फंसे लोगों को रेस्क्यू कर एसएचआरी अस्पताल में भर्ती करवाया। अस्पताल में डॉक्टर ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया। वहीं अन्य घायलों को सफदरगंज अस्पताल इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि उचित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

### फायर विभाग ने क्या कहा?

दिल्ली फायर विभाग ने बताया कि नरेला के श्याम कृपा फूड्स प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में आज सुबह करीब साढ़े तीन बजे आग लगने की जानकारी मिली। जिसके बाद मौके पर पहुंच कर टीम ने आग पर काबू पाने की कोशिश की। फैक्ट्री के अंदर फंसे 9 मजदूरों को रेस्क्यू किया गया जिसमें से तीन को अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया।

# निवेश के लिए जब जागो, तभी सवेरा

## रिटायरमेंट प्लानिंग में हो गई है देर, तो घबराएं नहीं, प्लान बनाएं

*आप सही ढंग से योजना बनाकर चलेंगे, तो देर से शुरूआत करने के बावजूद रिटायरमेंट के लिए पर्याप्त कॉर्पस बना सकते हैं। अगले दस साल में आपकी आमदनी में जो भी बढ़ोतरी होती है, उसे अगर आप एसआईपी को स्टेप-अप करके निवेश करते रहेंगे, तो आप अपने रिटायरमेंट फंड को और भी बेहतर बना सकते हैं। हमने रिटायरमेंट कॉर्पस का अनुमान 8 फीसदी के सालाना रिटर्न के आधार पर लगाया है, जो फिक्स्ड रिटर्न वाले एसेट्स में निवेश पर आधारिक है। अगर आप इसका एक हिस्सा इक्विटी फंड में लगा देते हैं, तो महंगाई को मात दे पाएंगे। हर महीने 35 हजार रुपयों का निवेश करने के लिए हो सकता है आपको अपने खर्चों में कुछ कटौती करनी पड़े, लेकिन रिटायरमेंट के बाद सुरक्षित और आरामदेह जिंदगी बिताने के लिए ऐसा करना जरूरी है।*

निवेश मंत्रा
विनोद कौशिक

अगर आप भी अपने रिटायरमेंट की प्लानिंग कर रहे हैं तो घबराना नहीं चाहिए। क्योंकि कहा गया है कि निवेश के लिए कोई देरी नहीं 'जब जागे, तभी सवेरा' होता है। अगर आपने भी रिटायरमेंट की प्लानिंग में देर कर दी है और अब घबरा रहे हैं कि जब अगले कुछ वर्षों में हर महीने वेतन मिलना बंद हो जाएगा तो आपका खर्च कैसे चलेगा? ये बात सही है कि रिटायरमेंट के लिए बचत और निवेश का काम जितनी जल्दी शुरू कर दिया जाए, उतना ही अच्छा रहता है। इससे न सिर्फ आपको ज्यादा पैसे जमा करने का वक्त मिलता है, बल्कि आपकी निवेश की गई रकम भी कंपाउंडिंग की मदद से तेजी बढ़ती रहती है, लेकिन अगर आप किसी भी वजह से ऐसा नहीं कर पाए, तो अब सिर्फ पछताने से कुछ नहीं होगा। इसके लिए जल्द तैयारी करें और लक्ष्य तय कर निवेश करने से आप बड़ी आसानी से कुछ दिनों में अपनी रिटायरमेंट प्लानिंग को बेहतर बना सकते हैं।

### सिर्फ 33 प्रतिशत ही कर पाते हैं प्लानिंग

वैसे रिटायरमेंट की तैयारी में देर करने वाले आप अकेले नहीं हैं। एक सर्वे के मुताबिक भारत के सिर्फ 33% कामकाजी लोग ही रिटायरमेंट के लिए पर्याप्त बचत और निवेश करते हैं, लेकिन अब इस बात पर अफसोस करने की बजाय, समझदारी इसमें है कि 'जब जागे, तभी सवेरा' वाली कहावत पर अमल करते हुए आगे की ओर देखें और अपने रिटायरमेंट के लिए फौरन बचत और निवेश करना शुरू कर दें, ताकि वक्त रहते पर्याप्त रिटायरमेंट फंड जा कर सकें। तो आइए समझते हैं कि यह जरूरी काम देर से शुरू करने वालों को रिटायरमेंट की तैयारी के लिए बचत और निवेश की कौन सी रणनीति अपनानी चाहिए। इसके लिए आपको सही योजना पर स्टेप-बाय-स्टेप अमल करना होगा।



### मौजूदा आर्थिक स्थिति का हिसाब लगाएं

भविष्य की जरूरतों का अनुमान लगाने के बाद आपको यह देखना चाहिए कि आपके पास अभी बचत और निवेश के तौर पर कितना फंड उपलब्ध है। इसके लिए आपको अपने सेविंग्स अकाउंट यानी बचत खाते, बैंक एफडी, एंप्लाईज प्रॉविडेंट फंड (ईपीएफ), बीमा पॉलिसी, पीपीएफ अकाउंट और शेयर-बॉन्ड वगैरह में निवेश किए गए पैसों का हिसाब लगाकर देखना होगा। सारी बचत और निवेश को जोड़कर देख लें कि अभी आपकी नेटवर्थ कितनी है। मान लीजिए, अगर आपको पास अभी करीब 50 लाख रुपये की ऐसी बचत मौजूद है, जिसका इस्तेमाल आप रिटायरमेंट फंड के लिए कर सकते हैं, तो आपको अभी कम से 1.70 करोड़ रुपये और जुटाने होंगे।

### मौजूदा खर्च का हिसाब लगाएं

सबसे पहले यह चेक करें कि आपका हर महीने का खर्च यानी आर्थिक जरूरतें क्या और कितनी हैं। इसके लिए खाने-पीने, कपड़े, बिजली, इंटरनेट, दवाओं और स्थानीय ट्रांसपोर्ट समेत हर तरह के रेगुलर खर्च का हिसाब लगाने के साथ ही घर के रख-रखाव और जरूरी यात्राओं का बजट भी बनाएं। हर तरह के मौजूदा खर्च को जोड़कर आपका हर महीने का बजट निकल आएगा। यह भी ध्यान में रखें कि रिटायरमेंट के बाद अगर आपके कुछ खर्च कम होंगे, तो उम्र बढ़ने के कारण मेडिकल ट्रीटमेंट का खर्च बढ़ भी सकता है।

### भविष्य के खर्च का अनुमान

अपने मौजूदा बजट को जोड़ने के बाद उसी आधार पर आपको अपने रिटायरमेंट के बाद की जरूरतों का अनुमान लगाना होगा। इसके लिए आपको अपने मौजूदा खर्च को इंफ्लेशन यानी महंगाई दर के हिसाब से एडजस्ट करके जोड़कर भविष्य की लागत का कैलकुलेशन करना होगा। मिसाल के तौर पर अगर अभी आपका महीने का खर्च 50 हजार रुपये आ रहा है और सालाना महंगाई दर 6 फीसदी रहने का अनुमान है, तो 10 साल बाद आपको उतनी ही चीजों के लिए करीब 90 हजार रुपयों की जरूरत पड़ेगी।

### इमरजेंसी फंड का अंदाजा लगाएं

रेगुलर खर्चों का अनुमान लगाने के बाद आपको अपने करीब 6 महीने के खर्च के बराबर रकम इमरजेंसी फंड के तौर पर भी रखनी होगी। यह रकम आप किसी ऐसे इंस्ट्रूमेंट में निवेश कर सकते हैं, जिसे कम समय में निकाला जा सकता है। इस रकम को आप बैंक के शॉर्ट टर्म एफडी, लिक्विड फंड्स, डेट म्यूचुअल फंड जैसे एसेट्स में बांटकर रख सकते हैं। अगर आपका महीने का खर्च 90 हजार रुपये आता है, तो आपको इमरजेंसी फंड के रूप में करीब 5.5 लाख रुपये रखने होंगे।

### कितना रखें रिटायरमेंट कॉर्पस

अपने मंथली बजट का अनुमान लगाने के बाद आपको यह कैलकुलेट करना होगा कि हर महीने इतनी रेगुलर इनकम के लिए आपको कितने बड़े रिटायरमेंट कॉर्पस की जरूरत होगी। अगर आपका रिटायरमेंट के बाद का हर महीने का खर्च 90 हजार रुपये आता है, तो इतनी रेगुलर इनकम के लिए आपको 8 फीसदी रिटर्न के हिसाब से करीब 2.14 करोड़ रुपयों के रिटायरमेंट कॉर्पस की जरूरत पड़ेगी। इसमें इमरजेंसी फंड को भी जोड़ दें तो यह रकम करीब 2.20 करोड़ रुपये निकलती है।

### हर महीने कितना करना होगा निवेश

10 साल में करीब 1.70 करोड़ रुपये का कॉर्पस जमा करने के लिए आप इस रणनीति पर अमल कर सकते हैं। आपकी मौजूदा 50 लाख रुपये की बचत को अगर फिक्स्ड रिटर्न वाले इंस्ट्रूमेंट्स में लगाते हैं, जहां करीब 8 फीसदी सालाना रिटर्न मिलता है, तो 10 साल में यह रकम करीब 1.07 करोड़ रुपये हो जाएगी। इसके अलावा अगर आप हर महीने 35 हजार रुपये एसआईपी के रूप में निवेश करते हैं, तो 10 फीसदी के सालाना कंजर्वेटिव रिटर्न के हिसाब से 72 लाख रुपये का कॉर्पस जमा हो जाएगा। सालाना रिटर्न अगर 12 फीसदी रहा, तो आप करीब 81 लाख रुपये का रिटायरमेंट कॉर्पस जमा कर पाएंगे। एसआईपी पर इतना औसत रिटर्न पाने के लिए आपको अधिकांश निवेश ईएलएसएस और दूसरे इक्विटी फंड में करना होगा। ईएलएसएस में निवेश पर आप टैक्स की बचत भी कर पाएंगे। अगर आप अपनी मौजूदा 50 लाख रुपये की बचत फिक्स्ड रिटर्न वाले एसेट्स में लगाते हैं, तो आपका रिस्क भी बैलेंस हो जाएगा।



# घर की 'लक्ष्मी' बचत में पुरुषों से कई गुना आगे

बचत
बिजनेस डेस्क

- कंजूस पति से भी खींच लेती हैं पैसा और कर देती है निवेश
- बाजार में मोलभाव करने में भी महिलाओं का कोई सानी नहीं
- महिलाएं अक्सर कम जोखिम वाले निवेश को देती प्राथमिकता
- लांग टर्म के लिए निवेश करने में सक्षम, कर रहीं मालामाल
- घर का बजट संभालना भी महिलाओं के बाएं हाथ का खेल

महिलाएं (मां, बहन, बेटी और पत्नी) यानी घर की 'लक्ष्मी' हर काम में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही हैं। चाहे वह कोई भी क्षेत्र हो। हर मामले में महिलाएं कही भी पीछे नहीं दिखती। भारतीय संस्कृति में भी महिलाओं को घर की 'लक्ष्मी' कहा जाता है। वैसे तो इसके पीछे कई तर्क दिए जाते हैं, लेकिन अगर हम निवेश और बचत के नजरिये से देखें तो भी यह बात सोलह आने सच ही नजर आती है। महिलाओं के कई ऐसे गुण हैं, जिनमें वे पुरुषों से कहीं उन्नीस नहीं ठहरती। बात चाहे बचत करने की हो या फिर मोलभाव करने की, उनका कोई सानी नहीं है। महिलाएं अक्सर बाजार में भी पुरुषों से कम दामों में सामान खरीदने की क्षमता रखती हैं। महिलाएं घर का बजट बनाने में भी पुरुषों से कहीं आगे हैं। कहा जाता है कि घर महिलाओं से स्वर्ग बनता है। वह घर के हर व्यक्ति की पसंद नापसंद और अच्छे बुरे का ख्याल रखती हैं। बात जब बचत की आती है तो महिलाएं अक्सर अपने कंजूस पति से भी पैसे खींच लेती हैं। इस पैसे को बचाकर रखती हैं। पहले तो महिलाएं अक्सर इस पैसे को गुल्लक या अपने संदूक में रखती थी, लेकिन आज की महिला पहले के मुकाबले काफी जागरुक है। इस महिलाएं पैसे बैंक में एफडी के रूप में, किसी को ब्याज पर देकर या म्यूचुअल फंड में भी निवेश कर रही हैं। इसके अलावा भी निवेश के कई विकल्प मौजूद हैं। महिलाएं अक्सर कम जोखिम वाले निवेश को प्राथमिकता देती हैं। वे लांग टर्म के लिए निवेश करने में सक्षम हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे कि महिलाएं निवेश या बचत के मामले में पुरुष से क्यों बेहतर हैं।

### लंबा जीवन-लंबा निवेश

महिलाओं को लेकर विश्व स्वास्थ्य सांख्यिकी की रिपोर्ट बताती है कि भारत में औसत जीवनकाल 70.8 वर्ष का होता है, जबकि महिलाओं का जीवनकाल पुरुषों की तुलना में 2.7 साल ज्यादा होता है। यह आंकड़े साफ बताते हैं कि महिलाओं को रिटायरमेंट के बाद ज्यादा फंड की जरूरत होगी और वे लांग टर्म के लिए ज्यादा निवेश भी कर सकती हैं। चूंकि, उनके सामने समय भी ज्यादा रहता है तो लांग टर्म का रिटर्न भी अधिक होगा।

### कमाई कम, लेकिन ज्यादा बचत

भारत में महिला-पुरुष के बीच कमाई का अंतर भी ज्यादा है। एक ऑफिशियल आंकड़े के मुताबिक, महिलाओं को देश में पुरुषों के मुकाबले समान काम के लिए 21 फीसदी कम वेतन मिलता है। यानी उनकी कमाई पुरुषों के मुकाबले कम हो जाती तो उनमें खर्च करने की आदत भी कम रहती है। इसीलिए मोलभाव में महिलाओं को अव्वल माना जाता है और वे किसी उत्पाद के पुरुषों के मुकाबले कम कीमत देती हैं।

### महिलाएं ऐसे करती हैं निवेश

महिलाओं को कम जोखिम उठाने वाला निवेशक माना जाता है। ज्यादातर महिलाएं अपने पैसे कम जोखिम वाले विकल्पों में ही लगाती हैं। उनके ज्यादातर पैसे एफडी और अन्य सरकारी बचत योजनाओं में लगते हैं, जबकि रियल एस्टेट और शेयर बाजार जैसे जोखिम वाले रास्तों से वे दूर रहती हैं। जाहिर है उन्हें कम रिटर्न भी मिलता होगा, जिससे उनके अंदर ज्यादा बचत की आदत और बढ़ती जाती है.।

### जिम्मेदारी निभाने में भी महिलाएं आगे

परिवार चलाने की जिम्मेदारी ज्यादातर महिलाओं पर होती है। घर के हर सामान और हर व्यक्ति का ख्याल रखना उन्हें काफी जिम्मेदार बनाती हैं। यही बात धीरे-धीरे उनमें बचत की आदत भी पैदा करती है। महिलाएं अपने निवेश और बचत के प्रति पुरुषों से कहीं ज्यादा जिम्मेदार होती हैं। यही कारण है कि वे हमेशा जोखिम वाले विकल्पों से दूर रहना पसंद करती हैं।

### प्राथमिकता तय करने में आगे

घर का बजट संभालना महिलाओं के बाएं हाथ का खेल होता है। जाहिर है कि वे निवेश का बजट भी बेहतर बना लेती हैं और लांग टर्म के लिए पैसे लगाने में कम जोखिम के साथ ज्यादा रिटर्न कमा सकती हैं। उनका ध्यान भी अपने निवेश और बचत पर ज्यादा केंद्रित रहता है।

# छोटे शेयर दे सकते हैं बड़ा मुनाफा, तो फिर क्यों घबराना

**छोटे शेयरों ने पिछले वर्षों में जबरदस्त रिटर्न दिया | आपकी पूंजी कछुआ चाल से बढ़ेगी लेकिन डूबेगी नहीं | थोड़े से लॉन्ग टर्म में आपको अच्छा मुनाफा दे जाएगी | सरकार चाहे किसी की भी रहे इक्विटी अच्छा ग्रोथ देगी**

बिजनेस डेस्क

यदि आप निवेश करने जा रहे हैं या निवेशक हैं और आपके पास कम पूंजी है तो निवेश करने से घबराएं नहीं। चूंकि इस समय जो छोटे शेयर हैं, एक दिन वे भी बड़ा मुनाफा दे सकते हैं। इसलिए घबराएं नहीं और अपने लक्ष्य तय कर सही दिशा में निवेश करें। इससे आपकी पूंजी कछुआ चाल से बढ़ेगी, लेकिन डूबेगी नहीं और थोड़े से लॉन्ग टर्म में अच्छा मुनाफा दे जाएगी। अक्सर कहा भी जाता है कि सहज पके सो मीठा होय। इसलिए आप अपने गोल तय कर निवेश करें। निवेश चाहे छोटा हो या बड़ा लेकिन उसे रोकें नहीं। इस समय जो छोटे शेयर हैं, यानी कम कीमत पर हैं। उनकी कंपनी की प्रोफाइल और मार्केट कैप देखकर निवेश करें। चाहें तो एसआईपी के जरिये भी निवेश कर सकते हैं। लेकिन निवेश का लक्ष्य लंबा लेकर चलें। इससे आपको कंपाउंडिंग का भी लाभ मिलता है और आपकी पूंजी बिना किसी रिस्क के बढ़ती जाती है। शेयर मार्केट के दिग्गजों का भी कहना है कि आने वाले कुछ दिन बाजार के लिए बहुत बेहतर नहीं रहने वाले हैं। बाजार काफी नर्वस रहेगा। हालांकि, इस उथल-पुथल के बीच उन्होंने स्मॉल कैप के शेयरों में निवेश की सलाह दी है। उनका कहना है कि ये शेयर बहुत ज्यादा नीचे नहीं जाएंगे। अच्छे स्मॉल कैप शेयर में अगर बहुत गिरावट भी हुई तो भी 20-30 फीसदी से ज्यादा नहीं होगी। लार्ज कैप शेयर अर्थव्यवस्था के साइज के लिहाज से काफी बड़े हैं। ये नुकसान करवा सकते हैं, लेकिन लंबी अवधि के लिए इनमें भी ज्यादा नुकसान नहीं होगा।



### स्मॉलकैप में दम

जानकारों का कहना है कि जो आपको सबसे ज्यादा सुख देता है, वही आपको सबसे ज्यादा दर्द भी देता है। स्मॉल कैप स्टॉक्स ने पिछले 2-3 साल में बहुत अच्छा रिटर्न दिया है। आगे भी अच्छा रिटर्न देते रहेंगे। इस बिना घबराए प्लान बनाएं और स्मॉल कैप में निवेश की अपनी पूंजी को बढ़ा सकते हैं। अगर आपको पास कैश पड़ा है तो यह सही समय है कम कीमत पर अच्छे शेयरों में पैसा लगाने का। स्मॉल कैप भारत में शेयर बाजार का फ्यूचर हैं।

लार्ज कैप शेयर इकोनॉमी के साइज के हिसाब से बहुत बड़े हैं। अनिश्चितता के बावजूद स्मॉल कैप ही वह शेयर हैं, जिनमें संभावना दिखती है। लार्ज-कैप (जिसे कभी-कभी बिग कैपस भी कहा जाता है) से तात्पर्य ऐसी कंपनी से है जिसका बाजार पूंजीकरण मूल्य 10 बिलियन डॉलर से अधिक है। लार्ज कैप ₹लार्ज मार्केट कैपिटलाइज़ेशन₹ शब्द का संक्षिप्त रूप है। बाजार पूंजीकरण की गणना किसी कंपनी के बकाया शेयरों की संख्या को उसके प्रति शेयर स्टॉक मूल्य से गुणा करके की जाती है। जानकारों का कहना है कि अभी लॉर्ज कैंप में ज्यादा मुनाफा मिलने के चांस नहीं हैं, लेकिन ये सुरक्षित हैं। इनमें निवेशकों को भले ही रिटर्न कम मिले, लेकिन नुकसान नहीं होता।



### मिड कैप फंड

मिड कैप फंड एक पूल्ड निवेश है जो सूचीबद्ध शेयरों की मध्य-सीमा में बाजार पूंजीकरण वाली कंपनियों पर केंद्रित है। इस स्टॉक की अंतर्निहित कंपनियाँ (मध्यम आकार की कंपनियां) बड़ी-कैप कंपनियों की तुलना में अपेक्षाकृत अधिक रिटर्न देती हैं, जिसमें स्मॉल-कैप फंड की तुलना में कम जोखिम कारक होता है। यह उन निवेशकों के लिए उपयुक्त हैं जो अपने निवेश में मध्यम जोखिम के लिए तैयार हैं। मिड कैप फंड, लार्ज-कैप फंड के विपरीत, कम जोखिम अनुपात नहीं रखते हैं। न ही उनमें स्मॉल कैप फंड की तरह उच्च जोखिम होता है। इसलिए, यह कहीं बीच में है। यह उन निवेशकों के लिए सबसे उपयुक्त हो सकता है जो मध्यम जोखिम लेने की क्षमता रखते हैं।

### इसलिए स्मॉल कैप खरीदें

जानकारों का कहना है कि सत्ता में जो भी पार्टी रहे, भारत की ग्रोथ जारी रहेगी। यहां तक पिछली गठबंधन सरकारों ने भी इक्विटी मार्केट के रिटर्न, फिस्कल मैनेजमेंट और जीडीपी ग्रोथ के मामले में शानदार नतीजे दिए हैं। लिहाजा, यहां निराश होने की जरूरत नहीं है। इसलिए आपके पास पैसा है तो स्मॉल कैप फंडों में लगाएं और अच्छा मुनाफा प्राप्त करें। बाजार के जानकारों का कहना है कि निवेशक छोटे शेयरों में पैसा लगाकर अच्छा पैसा कमा सकते हैं। इसलिए एक बेहतर प्लानिंग के साथ निवेश किया जाए तो कोई बाजार से पैसा कमा सकता है और अपना भविष्य सुरक्षित कर सकता है। इसलिए पहले अपना प्लान बना लें।

बिजनेस साइट

# सा.बा. इंफ्रावेंचर्स के मेगा प्रोजेक्ट एसबी सेंट्रम में एक्सक्लूसिव बंगले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रियल एस्टेट की अग्रणी कंपनी सा.बा. इंफ्रावेंचर्स के मेगा रेसीडेंशियल प्रोजेक्ट एस.बी सेंट्रम का निर्माण विश्वस्तरीय मानक को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। यह प्रोजेक्ट रायपुर और भिलाई के मध्य चरोदा कुम्हारी में स्थित है। जहां न केवल विश्वस्तरीय कॉलोनी का निर्माण किया जा रहा है बल्कि विश्वस्तरीय बंगले का भी निर्माण किया जा चुका है। आधुनिक जीवन शैली के अनुरूप और सभी मॉडर्न एमिनिटीज को ध्यान में रखते हुए सुसज्जित डेमो हाउस तैयार किया जा चुका है। जिसके तहत इलेक्ट्रिसिटी, सीवरेज एवं स्ट्रोम वाटर का काम अंडरग्राउंड किया जा रहा है। साथ ही यहां बच्चों के लिए चिल्ड्रन थीम पार्क, बड़ो के लिए सर्वसुविधायुक्त क्लब, जिम,



मल्टीपर्पस हॉल, स्क्वाश कोर्ट, इंडोर गेम्स, स्विमिंग पूल, लॉन टेनिस कोर्ट, गार्डन आदि की सुविधा है। परिसर के अंदर एक 8000 वर्गफीट एरिया पर भव्य मंदिर भी प्रस्तावित है। कॉलोनी के सुरक्षा के लिए 24/7 सर्विलेंस कैमरे को भी लगाया गया है। जहां आप विजिट कर अपने सपनो के बंगले की बुकिंग करा सकते है।

सा.बा. इंफ्रावेंचर्स के डायरेक्टर संजय बघेल के अनुसार यह कॉलोनी उनके 35 वर्ष के अनुभव का परिणाम है, समय-समय पर वह कॉलोनी में क्या बेहतर हो सकता है इस विषय पर भी वैश्विक स्तर के मानकों व कौन-सी ऐसी तकनीक जो कॉलोनी के लिए बेहतर हो सकती है इस पर निरंतर सजग रहते है। संजय बघेल ने यह स्पष्ट किया की कॉलोनी के लिए जो सुविधा की बात कही है उसे सही समय पर पूरा करना उनकी गारंटी है। कंपनी की अन्य डायरेक्टर संजना बघेल ने कहा कि संजय बघेल के अनुभव व उनकी अपनी आधुनिकता इस कॉलोनी को बाकियों से अलग बनाता है यह कॉलोनी निश्चित रूप से सारी सुविधाओं से परिपूर्ण रहेगा। उन्होंने आगे कहा कि एस.बी सेंट्रम के नजदीक डीपीएस का भी निर्माण हो रहा है और आने वाले समय में यह एजुकेशनल हब बनेगा।

# रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल की अंगदान मुहिम ने दिया 10 लोगों को जीवनदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विगत कई दिनों से रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल ने प्रदेश में अंगदान के लिए विशेष मुहिम चला रखी थी। इस मुहिम के तहत ब्रेन डेड मरीजों के परिजनों की काउंसलिंग कर उन्हें अंगदान कर दूसरों को जीवनदान देने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा था। इस मुहिम के तहत रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के डॉक्टर्स एवं स्टाफ ने भी विगत दिनों अंगदान के लिए संकल्प पत्र भरा था।

RAMKRISHNA CARE HOSPITALS

इस विषय पर चर्चा करते हुए रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. संदीप दवे ने बताया कि मेडिकल क्षेत्र में हुए नवाचारो के कारण अब बहुत से अंगों का प्रत्यारोपण संभव है जैसे कि किडनी, लिवर, हार्ट इत्यादि। इन प्रत्यारोपणों की सफलता का प्रतिशत भी लगातार बेहतर होता चला जा रहा है जिससे कि कई कम उम्र के लोगों को नया जीवन प्राप्त हो रहा है। परंतु समस्या यह है कि हमारे देश में इस विषय पर जागरूकता कम होने के कारण अंगों की आवश्यकता लाखों में है जबकि दानदाता सिर्फ कुछ हजार ही आगे आते है। इन परिस्थितियों में ऐसे मरीज, जिन्हें अंग प्राप्त होने पर वे लंबा जीवनयापन कर सकते हैं। इसी उद्देश्य से हमने इस विषय पर जागरूकता फैलाने के लिए अभियान चलाया है।

बिजनेस डेस्क : प्राइवेट सेक्टर में काम करने वाले वर्कर्स की बेसिक सैलरी पर 12% की कटौती ईपीएफ अकाउंट के लिए की जाती है। साथ ही कंपनी भी इतना ही पैसा कर्मचारी के पीएफ खाते में जमा करती है। एम्प्लॉयर की तरफ से जमा किए जाने वाले पैसों में से 8.33% हिस्सा ईपीएस (कर्मचारी पेंशन योजना) में जाता है, जबकि बचा हुआ 3.67% हिस्सा ईपीएफ में जाता है। अमूमन ईपीएफओ अपने सब्सक्राइबर के 58 साल की उम्र पूरी कर लेने पर पेंशन देना शुरू कर देता है।



# वर्ल्ड कप : चिर प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान के बीच टी20 जंग आज, खराब पिच से बढ़ी चिंता

## नासाउ काउंटी स्टेडियम पर रात 8 बजे से खेला जाएगा मुकाबला

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

आत्मविश्वास से ओतप्रोत और हालात के अनुकूल ढल चुकी भारतीय टीम नासाउ काउंटी की पेचीदा पिच पर टी20 विश्व कप के बहुचर्चित मुकाबले में रविवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगी जिसका मनोबल पहले ही मैच में मिली अप्रत्याशित हार ने तोड़ दिया है। टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा भीड़ खींचने वाला मुकाबला 34000 दर्शक क्षमता वाले नासाउ काउंटी इंटरनेशनल स्टेडियम पर खेला जाएगा। इस मैदान की पिच लगातार चर्चा का विषय बनी हुई है। इसकी भारी आलोचना के बाद आईसीसी ने आधिकारिक रूप से इसे स्वीकार किया। अब तक इस स्टेडियम पर हुए तीन मैचों की छह पारियों में दो बार ही टीमें सौ रन के पार पहुंच सकी हैं।

### 'ड्रॉप इन' पिचें हुईं खतरनाक

पूर्व क्रिकेटरों को तो यह भी लगता है कि कम स्कोर वाले मैचों से कैसे अमेरिकी बाजार में क्रिकेट का प्रचार प्रसार किया जाएगा। एडीलेड ओवल के मैदानकर्मी डेमियन हाउज के मार्गदर्शन में अप्रैल में यहां चार 'ड्रॉप इन' पिचें बिछाई गई जो अभी तक जम नहीं पाई हैं। पिच से मिल रहा असमान उछाल बल्लेबाजों की सुरक्षा पर सवालिया ऊंगली उठा रहा है।





### रोहित को लगी थी पहले मैच में चोट

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को आयरलैंड के खिलाफ मैच में कंधे में चोट लगी थी जिससे उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। रोहित ने मैच के बाद कहा था, 'ईमानदारी से कहूं तो मुझे नहीं पता कि पिच से क्या अपेक्षा की जाए। हम हालात के अनुरुप तैयारी करेंगे। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में हर खिलाड़ी को योगदान देना होगा।'

### इस पिच पर अब तक नहीं खेली पाक

पाकिस्तान टीम ने अभी तक नासाउ स्टेडियम पर खेला नहीं है। पहले मैच में अमेरिका से हारने वाली पाकिस्तानी टीम गुरुवार की रात ही यहां पहुंची है। उन्हें हालात के अनुरुप ढलने का मौका नहीं मिल सका है जिसका उन्हें नुकसान हो सकता है। भारत से हारने पर सुपर आठ चरण में उसके प्रवेश की राह लगभग असंभव हो जाएगी।

### सुरक्षा व्यवस्था कड़ी

*टूर्नामेंट की शुरुआत में आईएसआईएस से मिली आतंकी धमकी के बाद मैच की सुरक्षा के चाक चौबंद उपाय किए गए हैं। नासाउ काउंटी के पुलिस कमिश्नर पैट्रिक राइडर ने हाल ही में सुरक्षा इंतजामात की जानकारी दी थी। उन्होंने कहा था, 'भारत पाकिस्तान मैच के लिए सुरक्षा इंतजाम उसी तरह के हैं जब कुछ साल पहले तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा के स्वागत के लिए किए गए थे।'*

### कप्तान रोहित ने कोहली और सूर्या के साथ किया अभ्यास

रोहित शर्मा ने थ्रोडाउन से अंगूठे में गेंद लगने के बावजूद अन्य भारतीय बल्लेबाजों के साथ नेट्स पर अतिरिक्त अभ्यास किया ताकि रविवार को टी20 विश्व कप के मुकाबले में असमान उछाल वाली पिच पर पाकिस्तान के तेज आक्रमण का सामना बखूबी कर सकें। इसके बाद वह पिच के दूसरे छोर पर थ्रोडाउन का सामना करने चले गए। नासाउ काउंटी क्रिकेट मैदान की 'ड्रॉप इन' पिच की असमान उछाल के लिए काफी आलोचना हो रही है। पहले मैच में भारतीय गेंदबाजों ने आयरलैंड को 96 रन पर आउट कर दिया था लेकिन रोहित और बाकी सीनियर बल्लेबाजों को बखूबी पता है कि शाहीन शाह अफरीदी, मोहम्मद आमिर, हारिस रऊफ और नसीम शाह से मिलने वाली चुनौती बिल्कुल अलग होगी।

## खबर संक्षेप



### अंशु मलिक ने बुडापेस्ट में जीता रजत पदक

**बुडापेस्ट।** भारतीय महिला पहलवान अंशु मलिक फाइनल में अपनी 21 वर्षीय चीनी प्रतिद्वंद्वी केक्सिन होंग की चुनौती से पार पाने में नाकाम रही और उन्हें यहां बुडापेस्ट रैंकिंग सीरीज कुश्ती टूर्नामेंट के 57 किग्रा वर्ग में रजत पदक से संतोष करना पड़ा। विश्व की नंबर एक खिलाड़ी के खिलाफ अंशु मलिक को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 1-12 से हार झेलनी पड़ी। भारत की अंतिम पंघाल ने इससे पहले 53 किग्रा वर्ग में रजत पदक हासिल किया जबकि स्टार पहलवान विनेश फोगट 50 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में चीन की जियांग झू से 0-5 से हार गईं थी। अंशु ने मोल्दोवा की अनास्तासिया निचिता के खिलाफ 6-5 से जीत हासिल कर सेमीफाइनल में जगह पक्की की। इसके बाद उन्होंने विश्व चैंपियन झांग क्यूई की चुनौती को 2-1 से पार करके एक और चीनी खिलाड़ी के साथ खिताबी भिड़ंत सुनिश्चित की। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले भारत के एकमात्र पुरुष पहलवान अमन सहरावत ने प्रतियोगिता के पहले दिन रजत पदक जीता था।

## टेनिस : फाइनल में पाओलिनी को 6-2, 6-1 से हराया

# स्वियाटेक बनीं क्ले कोर्ट की क्वीन फ्रेंच ओपन में 21 मैचों से अजेय

एजेंसी ▶▶| पेरिस

विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियाटेक ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शनिवार को यहां फाइनल में जैस्मीन पाओलिनी को सीधे सेटों में हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में लगातार तीसरी बार महिला एकल का खिताब जीता। यह उनका चौथा फ्रेंच ओपन खिताब रहा। वह 2020, 2022 और 2023 में चैंपियन बनी थीं।

पोलैंड की स्वियाटेक ने पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने वाली पाओलिनी को आसानी से 6-2, 6-1 से पराजित किया।स्वियाटेक पहले सेट में एक समय 1-2 से पीछे चल रही थी लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार 10 गेम जीते। इससे वह दूसरे सेट में 5-0 से आगे हो गई। पाओलिनी ने दूसरे सेट के छठे गेम में अपनी सर्विस बचाई लेकिन स्वियाटेक ने इसके बाद अपनी सर्विस पर आसानी से मैच अपने नाम किया।



### रोला गैरां में 35-2 का रिकॉर्ड

शीर्ष वरीयता प्राप्त स्वियाटेक ने इस तरह से फ्रेंच ओपन में अपने विजय अभियान को 21 मैच तक पहुंचा दिया है। रोला गैरां में अब उनका रिकॉर्ड 35-2 हो गया है। जस्टिन हेनिन के बाद पोलैंड की 23 वर्षीय स्वियातेक पहली ऐसी खिलाड़ी हैं जिन्होंने फ्रेंच ओपन में लगातार तीन खिताब जीते। हेनिन ने 2005 से 2007 तक यह कारनामा किया था। स्वियाटेक ने 2020 में भी फ्रेंच ओपन का खिताब जीता था। इसके अलावा उन्होंने 2022 में अमेरिकी ओपन में भी जीत हासिल की थी। इस तरह से ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में उनका रिकॉर्ड 5-0 हो गया है।

### पाओलिनी के पास युगल खिताब जीतने का मौका

इटली की 12वीं वरीयता प्राप्त पाओलिनी पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची थी। वह इस साल जनवरी में ऑस्ट्रेलिया ओपन के चौथे दौर में पहुंचने से पहले किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाई थी। पाओलिनी के पास हालांकि महिला युगल का खिताब जीतने का मौका है जिसमें उन्होंने सारा ईरानी के साथ जोड़ी बनाई है। रविवार को होने वाले फाइनल में उनका सामना 2023 की अमेरिकी ओपन चैंपियन कोको गॉफ और कैटरीना सिनियाकोवा की जोड़ी से होगा।

### अल्काराज-ज्वेरेव में जो जीता वो बनेगा चैंपियन

स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने चार घंटे नौ मिनट तक चले मैराथन सेमीफाइनल मुकाबले में इटली के यानिक सिनेर को हराकर फ्रेंच ओपन फाइनल में जगह बना ली जहां उनका सामना अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा। अल्काराज ने 2-6, 6-3, 3-6, 6-4, 6-3 से मुकाबला जीतकर पहली बार रोलां गैरो पर फाइनल में जगह बनाई। स्पेन के 21 वर्ष के अल्काराज तीन तरह के कोर्ट पर ग्रैंडस्लैम फाइनल में पहुंचने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। उन्होंने हार्डकोर्ट पर 2022 अमेरिकी ओपन और ग्रासकोर्ट पर 2023 विम्बलडन जीता था। अब वह क्लेकोर्ट पर फ्रेंच ओपन फाइनल खेलेंगे। तीसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज का सामना चौथी वरीयता प्राप्त जर्मनी के ज्वेरेव से होगा जिन्होंने नॉर्वे के कैस्पर रूड को सेमीफाइनल में 2-6, 6-2, 6-4, 6-2 से मात दी।

## टी20 विश्व कप

# अफगानिस्तान का बड़ा उलटफेर न्यूजीलैंड को 84 रन से हराया



एजेंसी ▶▶| जार्जटाउन

कप्तान राशिद खान और फजलहक फारुकी की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद रहमानुल्लाह गुरबाज की आक्रामक बल्लेबाजी के दम पर अफगानिस्तान ने टी20 विश्व कप ग्रुप सी के मैच में न्यूजीलैंड को 84 रन से हराकर सुपर आठ चरण में प्रवेश का दावा पुख्ता कर दिया। जीत के लिए 160 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की टीम 15.2 ओवर में 75 रन पर आउट हो गई जो टी20 क्रिकेट में उसका चौथा न्यूनतम स्कोर है। फारुकी और राशिद दोनों ने 17-17 रन देकर चार-चार विकेट लिए। पहले बल्लेबाजी के लिये भेजी गई अफगानिस्तान ने गुरबाज और इब्राहिम जदरान के बीच पहले विकेट के लिए 103 रन की साझेदारी के दम पर छह विकेट पर 159 रन बनाए। आईपीएल चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलने वाले गुरबाज ने 56 गेंद में पांच चौकों और पांच छक्कों की मदद से 80 रन बनाए। वहीं इब्राहिम 41 गेंद में 44 रन बनाकर आउट हुए।

### द.अफ्रीका ने नीदरलैंड को चार विकेट से जीता

**न्यूयॉर्क।** दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी टी20 विश्व कप ग्रुप डी मैच में शनिवार को यहां नीदरलैंड को चार विकेट से शिकस्त दी। नीदरलैंड को नौ विकेट पर 103 रन पर रोकने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने 18.5 ओवर में छह विकेट गवां पर लक्ष्य हासिल कर लिया। दक्षिण अफ्रीका के लिए डेविड मिलर ने नाबाद 59 और ट्रिस्टन स्टब्स ने 33 रन का योगदान दिया। नीदरलैंड के लिए विवियन किंगमा और लोगन वैन बीक ने दो-दो विकेट लिए।

### बांग्लादेश ने रोमांचक मैच में श्रीलंका को 2 विकेट से हराया

**डलास।** युवा लेग स्पिनर रिशाद हुसैन के तीन विकेट और महमूदुल्लाह रियाद की संयमित पारी के दम पर बांग्लादेश ने टी20 विश्व कप के रोमांचक मुकाबले में श्रीलंका को दो विकेट से हरा दिया। डलास की अच्छी पिच पर रिशाद की गुगली और लेग ब्रेक ने श्रीलंकाई पारी की कमर तोड़ दी। रिशाद ने सात गेंद के भीतर तीन विकेट लेकर श्रीलंका को नौ विकेट पर 124 रन पर रोक दिया। उन्होंने चार ओवरों में 22 रन देकर तीन विकेट लिए। मुस्ताफिजूर रहमान ने 17 रन देकर तीन विकेट लिए।

# नॉर्वे शतरंज : प्रज्ञाननंदा जीते कार्लसन ने जीता खिताब



एजेंसी ▶▶| स्टावेंजर

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के अंतिम दौर में अमेरिका के हिकारू नाकामुरा को हराकर अपने अभियान का सकारात्मक अंत किया और तीसरे स्थान पर रहे। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने अपनी ख्याति के अनुरुप प्रदर्शन करके खिताब जीता। कार्लसन ने 17.5 अंक लेकर अपने अभियान का अंत किया।

विजेता बनने पर उन्हें लगभग 65000 डॉलर की इनामी राशि मिली। उन्होंने प्रत्येक दौर में जीत दर्ज की। इनमें क्लासिकल टाइम कंट्रोल और आर्मगेडन दोनों शामिल हैं। नाकामुरा ने अंतिम दौर में हारने के बावजूद 15.5 अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया जबकि प्रज्ञाननंदा 14.5 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहे। प्रज्ञाननंदा के लिए यह राहत की बात रही कि उन्होंने इस टूर्नामेंट में विश्व के चोटी के तीन खिलाड़ियों को हराया। उन्होंने कार्लसन और फैबियानो कारुआना को क्लासिकल टाइम कंट्रोल में पराजित किया और अब नाकामुरा के खिलाफ उनकी जीत ने सुनिश्चित किया कि वे शीर्ष तीन खिलाड़ियों को हराने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं।

अलीरेजा फिरौजा (13.5 अंक) ने चौथा स्थान हासिल किया। उन्होंने चीन के मौजूदा विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को हराया जो छठे और अंतिम स्थान पर रहे। कारुआना ने 10 अंक के साथ पांचवा स्थान हासिल किया।

### जू ने जीता खिताब वैशाली को मिली हार

महिला वर्ग में चीन की वेनजुन जू ने हमवतन टिंगजी लेई को हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने क्लासिकल टाइम कंट्रोल के तहत तीन जीत से कुल 19 अंक हासिल किए। अन्ना मुजीचुक 16 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही। उनके बाद लेई (14.5 अंक), भारत की आर वैशाली (12.5 अंक) और कोनेरू हम्पी (10 अंक) तथा पिया क्रैमलिंग (आठ अंक) का नंबर आता है। वैशाली को अंतिम दौर में क्रैमलिंग जबकि हम्पी को मुजीचुक से हार का सामना करना पड़ा।

### आज ओमान के खिलाफ स्कॉटलैंड का पलड़ा भारी

**नॉर्थ साउंड।** पहली बार टी20 विश्व कप के मैच की मेजबानी कर रहे सर विवियन रिचर्डस स्टेडियम पर ग्रुप बी के मुकाबले में स्कॉटलैंड का पलड़ा ओमान पर भारी रहने की उम्मीद है। इंग्लैंड के खिलाफ पहला मैच रद्द होने से स्कॉटलैंड को एक अंक मिला। इसके बाद नामीबिया पर दूसरे मैच में स्कॉटलैंड ने पांच विकेट से जीत दर्ज की। अब उसके पास पांच अंक लेने का सुनहरा मौका है जिससे सुपर आठ की दौड़ रोचक हो जाएगी। इस ग्रुप के दो दिग्गज इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया शनिवार की रात एक दूसरे से खेलेंगे।

बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
20 वर्षों से प्रसिद्ध
सुखौना टेबलेट
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

घमंडी - दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
मो. 9039050422
मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508133



श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने एवं शपथ ग्रहण समारोह की हार्दिक बधाई... शुभकामनाएं...
मान. बृजमोहन अग्रवाल
रायपुर - लोकसभा क्षेत्र
मान. चिंतामणी महाराज
सरगुजा - लोकसभा क्षेत्र
मान. महेश कश्यप
बस्तर - लोकसभा क्षेत्र
मान. संतोष पाण्डेय
राजनांदगांव - लोकसभा क्षेत्र
मान. भोजराज नाग
कांकेर लोकसभा क्षेत्र
मान. विजय बघेल
दुर्ग - लोकसभा क्षेत्र
मान. तोखन साहू
बिलासपुर - लोकसभा क्षेत्र
मान. राधेश्याम राठिया
रायगढ़ - लोकसभा क्षेत्र
मान. रूपकुमारी चौधरी
महासमुंद- लोकसभा क्षेत्र
मान. कमलेश जांगड़े
जांजगीर चांपा - लोकसभा क्षेत्र
आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की नीति,
नेतृत्व और निर्णयों पर देश की जनता के विश्वास की मुहर
छत्तीसगढ़ के नवनिर्वाचित सांसदों की ऐतिहासिक जीत की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
विक्रम उसेंडी
पूर्व प्रदेशाध्यक्ष भाजपा / विधायक अंतागढ़ विधानसभा
महेश गागड़ा
पूर्व वन मंत्री छ.ग.
रमेश पटेल
जिलाध्यक्ष भाजपा राजनांदगांव
आलोक ठाकुर
प्रदेश महामंत्री भाजपा किसान मोर्चा छ.ग.
हेमंत माला
अध्यक्ष नगर पंचायत आमदी
दीपक यादव
उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद बागबहरा, पार्षद वार्ड 13
राजेन्द्र शर्मा
पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा बेमेतरा
महेश अग्रवाल
पूर्व नगरपालिका तिल्दा-नेवरा, भाजपा नेता
राजीव चौबे
वैशाली नगर भिलाई बेमेतरा लोकसभा व्यवस्था प्रभारी
विजय सिन्हा
पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बेमेतरा
श्रीमती अल्का नरेश चन्द्राकर
प्रत्याशी भाजपा खल्लारी 2023
अवनेंद्र साहू
जिलाध्यक्ष जिला साहू संघ धमतरी छ.ग.
पुष्पेन्द्र चन्द्राकर
सदस्य जिला पंचायत बालोद
हितेश महेश सिन्हा
युवा भाजपा नेता छ.ग.
शिव साहू
भाजपा नेता बेमेतरा
सौरभ निर्वाणी
भाजपा बेमेतरा
घनश्याम अग्रवाल
समाजसेवी / भाजपा नेता तिल्दा-नेवरा
मिलिन्द चन्द्राकर
भाजपा युवा नेता महासमुंद
कोमल निषाद
कार्यकारिणी प्रदेशाध्यक्ष, छ.ग. प्रदेश पंचायत समिति संघ रायपुर
रमेश अग्रवाल (रिंकू)
उद्योगपति / समाजसेवी तिल्दा-नेवरा

कठिन समस्याएं अब न होंगी
क्यूंकि सच्ची सहेली में हैं 67 खास आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियां जो मुश्किल तकलीफों को अंदर से ठीक करने में मदद करें।
24x7 Helpline: 77106 44444 • www.sachisaheli.in
67 दुर्लभ प्राकृतिक जड़ी-बूटियों से बना 'सच्ची सहेली' आयुर्वेदिक टॉनिक एवं टेबलेट्स
Helps in: कठिन दर्द, चिड़चिड़ापन, थकान, कमजोरी, कमर कटना, इम्यूनिटी
सच्ची सहेली®

# पीएचसी में प्रसूता ने जमीन पर दिया बच्चे को जन्म

हरिभूमि न्यूज:अंबिकापुर



जिले के ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सुविधाओं का बुरा हाल हो गया है। आलम यह है कि पीएचसी, सीएचसी में नर्सिंग स्टाफ व चिकित्सक नदारद रहते हैं और मरीजों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा ही एक मामला आज दरिमा के नवानगर पीएचसी में सामने आया है जहां प्रसव के लिए अस्पताल पहुंची महिला का प्रसव अस्पताल के अंदर जमीन पर ही हो गया। इस दौरान लगभग एक घंटे तक प्रसूता व नजवात की जान खतरे में पड़ी रही, लेकिन ना ही कोई चिकित्सक मौके पर पहुंच पाया और ना ही नर्सिंग स्टाफ। शिकायत के बाद नर्सिंग टीम अस्पताल पहुंची जिसके बाद दोनों को अस्पताल में भर्ती कर नाभी नाल अलग किया गया। फिलहाल जच्चा बच्चा ही हालत सामान्य बताई जा रही है।

बताया जा रहा है कि ग्राम पंचायत नवानगर निवासी 25 वर्षीया प्रियावती पैकरा पति राजकुमार पैकरा को आज सुबह प्रसव पीड़ा होने पर प्रसव के लिए मितानिन राजकुमारी सिंह द्वारा नवानगर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया था। दर्द से तपड़ती प्रसूता को लेकर मितानिन सुबह लगभग 9 बजे अस्पताल पहुंची तो अस्पताल खुला हुआ था लेकिन पूरा अस्पताल परिसर खाली था। अस्पताल में ना ही कोई नर्सिंग स्टाफ मौजूद था और ना ही चिकित्सक। ऐसे में मितानिन द्वारा चिकित्सक व नर्सिंग स्टाफ को प्रसूता की जानकारी दी गई लेकिन सूचना देने के बाद भी अस्पताल में कोई नर्सिंग स्टाफ नहीं पहुंची और ना ही अस्पताल में चिकित्सक आया। इस दौरान महिला प्रसव पीड़ा से तड़पती रही। महिला को अस्पताल के वार्ड या ऑपरेशन थियेटर तक भी नहीं ले जाया जा सकता था। इस दौरान लगभग साढ़े नोउ बजे महिला ने अस्पताल के जमीन पर ही बच्चे को जन्म दिया। मितानिन व परिजन द्वारा ही महिला का सामान्य प्रसव कराया। हैरानी की बात तो यह है कि प्रसव के बाद भी अस्पताल में कोई चिकित्सक व नर्स नहीं पहुंची जबकि बच्चा जन्म के बाद नाभी नाल से जुड़ा हुआ था और दोनों की जान खतरे में पड़ गई। लगातार सूचना देने के बाद भी कोई नहीं आया और महिला एक घंटे तक दर्द से तड़पती रही। ऐसे में परिजन ने गांव से दाई को बुलाकर नाभी नाल कटवाया ।

**सुबह 10 बजे तक अस्पताल खाली, खतरे में पड़ी प्रसूता व नवजात की जान, पीएचसी, सीएचसी में चल रही मनमानी**

### खाली था पूरा हॉस्पिटल

आम तौर पर पीएचसी, सीएचसी में नर्सिंग स्टाफ व चिकित्सकों की 24 घंटे की ड्यूटी रहती है। शिफ्ट की ड्यूटी में जब तक दूसरी नर्सिंग टीम ना आ जाए तब तक पहले नर्सिंग स्टाफ को अस्पताल से नहीं जाना है। घटना के दौरान पूरा अस्पताल खाली पड़ा हुआ था और अंदर कोई भी चिकित्सक या नर्सिंग स्टाफ मौजूद नहीं था। 10 बजे के बाद भी कर्मचारी अस्पताल नहीं पहुंचे। अधिकारियों का कहना है कि नर्सिंग स्टाफ अस्पताल जाने निकली थी लेकिन एक्सीडेंट होने के कारण वह लेट हो गई लेकिन नियम तो यह है कि अस्पताल में 24 घंटे किसी न किसी स्टाफ को मौजूद रहना है और शिफ्ट खत्म होने पर दूसरी नर्सिंग स्टाफ के आने तक पहली स्टाफ को अस्पताल नहीं छोड़ना है लेकिन पीएचसी-सीएचसी में इन नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है और चिकित्सक व नर्सिंग स्टाफ जमकर मनमानी कर रहे है। अस्पताल में एक आरएमए की भी ड्यूटी लगाई गई है लेकिन आज आरएमए चिकित्सक भी अस्पताल में नहीं थे जबकि उन्हें आपातकालीन सुविधा के लिए मुख्यालय में ही रहना है।

# मुठभेड़ में मारे गए 8 लाख के 4, पांच लाख के एक और एक लाख का एक ईनामी नक्सली

**पत्रवार्ता में आईजी ने कहा, मारे गए 6 नक्सलियों की हुई शिनाख्त**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों में 8 लाख के 4, पांच लाख का एक एवं एक लाख रुपए का एक इनामी था। मौके से दो 303 रायफल, एक 315 बोर रायफल, एक बीजीएल लांचर, तीन 12 बोर रायफल सहित भारी मात्रा में विस्फोटक सामान सहित अन्य दैनिक उपयोगी सामग्री बरामद हुए हैं। मुठभेड़ में बड़ी संख्या में अन्य नक्सलियों के भी घायल होने एवं मारे जाने की संभावना है। यह बातें बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने शनिवार को त्रिवेणी परिसर में पत्रवार्ता में कही।

उन्होंने बताया कि बस्तर संभाग अंतर्गत विगत महीनों में प्रभावी रूप से नक्सल विरोधी अभियान संचालित किया जा रहा है। इस सिलसिला में 6 जून को जिला नारायणपुर, दन्तेवाड़ा, बस्तर एवं कोन्डागांव के सीमावर्ती क्षेत्र में पूर्वी बस्तर डिविजन के माओवादी कैडर एवं पीएलजीए कंपनी नंम्बर 6 के माओवादी कैडरों की उपस्थिति की सूचना पर संयुक्त बल रवाना किया गया था। पुलिस को पूर्व बस्तर डिविजन के आमदई एरिया कमेटी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मुंगोडी, गोबेल, गूबुम, आदेरबेडा, वट्टेकाल और छोटे टोंडेबेड़ा क्षेत्र में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना प्राप्त हुई थी। 6 एवं 7 जून की मध्य रात्रि में नारायणपुर डीआरजी की 9 टीम, दंतेवाड़ा की 8 डीआरजी टीम, जिला बस्तर डीआरजी की 4 टीम, जिला कोडांगाव से डीआरजी की 2 टीम तथा आईटीबीपी 45 वीं वाहिनी, सीआरपीएफ 195 वाहिनी का संयुक्त बल नक्सल विरोधी अभियान हेतु ग्राम मुंगाड़ी, गोबेल, आदेरबेडा, इरपानार, वट्टेकाल क्षेत्र में रवाना हुई थी। अभियान के दौरान 7 जून की दोपहर लगभग 3 बजे भटबेड़ा बट्टेकाल और छोटेटोंडेबेड़ा के जंगल में माओवादियों द्वारा सुरक्षा बलों को जान से मारने व हथियार लूटने की नियत से अंधाधुंध फायरिंग किया गया।

### 71 मुठभेड़ में 123 मारे गए


आईजी ने बताया कि बस्तर संभाग में वर्ष-2024 में अभी तक 71 मुठभेड़ हुए तथा 123 माओवादियों के शव एवं 136 हथियार बरामद की गई। इसी प्रकार अब तक 399 माओवादियों द्वारा शासन के समक्ष समाज की मुख्यधारा मे जुड़ने के लिए आत्मसमर्पण किया गया है।

### नक्सलियों में भय

नारायणपुर के पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि इस ऑपरेशन के उपरांत नक्सलियों के कंपनी नम्बर-6 के गढ़ रहे पूर्व बस्तर डिविजन के नक्सलियों में भय का माहौल है। साथ ही नारायणपुर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा और जगदलपुर के सीमान्त क्षेत्रों में रहने नक्सली नेतृत्व इस ऑपरेशन उपरांत ग्रामीणों एवं अपने निचले कैडर को दोषारोपण कर रहे हैं। पूर्वी बस्तर डिवीजन में नक्सलियों के अटैकिंग फोर्स के स्तम्भ रहे कंपनी नम्बर 6, बयानार एरिया कमिटी, अमदई एरिया कमिटी के ऊपर यह अब तक सबसे कड़ा प्रहार है।

# युवक को सांप ने डंसा तो उसने सांप के सिर को काटकर खा गया, दोनों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| प्रतापपुर



जहरीले सांप के काटने की खबर आए दिन सुनने को मिलती है, लेकिन सांप के डसने पर उसके सिर को धड़ से अलग कर उसे चबाकर खाने की घटना शायद ही किसी ने सुनी होगी। बीती रात रेवटी थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत भेड़िया निवासी कोमा नेताम (32 वर्ष) आंगन में चटाई बिछा कर सो रहा था। इस दौरान शरीर में अचानक तेज जलन होने पर युवक की नींद खुली तो पास ही डंडा करैत को रेंगते देखा। विषधर द्वारा स्वयं को डसने से नाराज युवक ने सांप को अपने हाथों से पकड़ लिया तथा दांतों से काटकर उसके सिर को धड़ से अलग कर चबाने लगा। विषधर के सिर को चबाते ही युवक छटपटाने लगा तथा आधे घंटे में ही दम तोड़ दिया। युवक को छटपटाते देख परिजन ने शोर मचाया तो बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए लेकिन युवक को नहीं बचाया जा सका। परिजन की सूचना पर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है तथा पीएम पीएम उपरांत युवक का शव परिजन को सौंप दिया है। चिकित्सक ने मृतक के अंदरूनी अंगों का नमूना लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजा है। बताया जा रहा है कि विषधर का सिर चबाने के कारण शरीर में जहर फैलने के कारण युवक की कुछ देर में ही मौत हो गई।

### अस्पताल नहीं लाया गया

प्रतापपुर बीएमओ विजय सिंह ने बताया कि ग्रामीण झाड़ फूंक के चक्कर में न पड़ें। किसी को भी सांप काटा तो तत्काल चिकित्सालय में लाकर उपचार कराएं। शासन द्वारा निशुल्क एंटी वेनम पीड़ित को लगाने के लिए उपलब्ध है। युवक की घर में ही मौत हो गई थी उसे अस्पताल में नहीं लाया था।

# पति की मौत के बाद तलाकशुदा पत्नी पेंशन, अनुकंपा नियुक्ति की हकदार नहीं

## हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर



हाईकोर्ट ने एक बड़ा फैसला देते हुए कहा है कि तलाकशुदा पत्नी मृत पति की पारिवारिक पेंशन व अनुकंपा नियुक्ति की हकदार नहीं हो सकती। दरअसल कानूनी रूप से अलग हुई पत्नी ने पति की आकस्मिक मौत के बाद लाभ पाने यह याचिका पेश की थी। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि तलाक की डिक्री से पति-पत्नी के मध्य कानूनी बंधन भंग होने से मृतक के पारिवारिक पेंशन का लाभ पाने का हक समाप्त हो जाता है। कोर्ट ने कहा है कि वसीयतनामा जरूर अलग से मृतक की संपत्ति का निपटान का अधिकार देती है।

रायपुर निवासी याचिकाकर्ता महिला की वर्ष 2005 में चर्च में शादी हुई थी। उसने पारिवारिक विवाद पर परिवार न्यायालय में पति से तलाक लेने आवेदन दिया। जून 2008 में न्यायालय ने पत्नी के पक्ष में तलाक का डिक्री पारित कर पति को प्रति माह दो हजार रुपए मेंटेनेंस व्यय देने का आदेश दिया। पति-पत्नी स्थाई रूप से अलग रह रहे थे। दिसंबर 2012 में तलाकशुदा पति की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पति की मौत के तुरंत बाद तलाकशुदा पत्नी ने पारिवारिक पेंशन व अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन कर दिया। विभाग ने उसके तलाकशुदा होने व मृतक द्वारा सेवा पुस्तिका में भाई को नामिनी किए जाने पर महिला के आवेदन को खारिज कर दिया। इसके खिलाफ उसने याचिका पेश की थी। मामला पेचीदा होने पर कोर्ट ने न्याय मित्र की सहायता ली। 10 वर्ष की लंबी सुनवाई व सुप्रीम कोर्ट के विभिन्न न्यायदृष्टांत को देखते हुए कोर्ट ने महिला की याचिका को खारिज कर दिया है।

### तलाक के बाद अधिकार और दायित्व समाप्त

कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि एलआईसी पेंशन विनियमन, 1995 का नियम 2(के) भी परिवार को परिभाषित करता है। इसमें न्यायिक रूप से अलग हुई पत्नी या पति भी शामिल है। कोर्ट ने कहा है कि न्यायिक अलगाव और तलाक यह कानून की स्थापित स्थिति है। तलाक की डिक्री पति और पत्नी के बीच के कानूनी बंधन को निर्णायक रूप से भंग कर देती है। पत्नी को उनके वैवाहिक कर्तव्यों और दायित्वों से मुक्ति करता है। तलाक के मामले में अलग होने से पत्नी की स्थिति में बदलाव आने के साथ ही विवाह और सभी पारस्परिक अधिकार और दायित्व समाप्त हो जाते हैं। हालांकि वे दोबारा शादी करने के लिए स्वतंत्र होते हैं।

24x7 Helpline: 85568 09999
Dr. Juneja's ACCUMASS®
वज़न बढ़ाए आत्मविश्वास जगाए
एक्यूमॉस आयुर्वेदिक ग्रेन्यूल्स

राइनोप्लास्टी
नाक को सही (रिशेपिंग) करना
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कास्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

आयुष्मान कार्ड से कीमोथेरेपी, रेडियोथेरेपी एवं सर्जरी की सुविधा
मित्तल हॉस्पिटल
कैंसर विभाग
भिलाई: सूर्या मॉल के पास, फोन: 77228 80844, 0788 2294440
रायपुर: अवंति बाई चौक, पंडरी, फोन: 93430 79151, 91313 99570
• कैंसर सर्जरी • कीमोथेरेपी • रेडियोथेरेपी
द्वारा अनुबंधित: ESIC, RAILWAY, SECL, CGHS, TPA
Deepak Advts

खूनी हो या बादी बवासीर से राहत पाएं
एग्रो अर्श कल्याण कैप्सूल
20 सालों से भरोसेमंद औषधि
सभी मेडिकल स्टोर्स पर उपलब्ध
HELPLINE NO. 8899 500 500

(NABH से मान्यता प्राप्त) सुयश हॉस्पिटल
24 घंटे आपात चिकित्सा
• एक्सीडेंट • जहर का सेवन • लीवर फेलयर • किडनी फेलयर • हार्ट अटैक • ब्रेन हेमरेज़ • पीलिया • लकवा
24 Hours Helpline 9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

किडनी ट्रांसप्लांट के लिये एकमात्र विश्वसनीय स्थान
श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल ॥ हर एक जीवन अनमोल ॥
आयुष्मान कार्ड एवं बिजु कार्ड से किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा उपलब्ध
अनुभवी एवं उच्च स्तरीय चिकित्सकों की टीम
OUR EXPERTS
डॉ. करण सराफ MD, DM (Nephrology) किडनी रोग विशेषज्ञ (500 से अधिक किडनी प्रत्यारोपण के अनुभवी)
डॉ. राहुल कपूर MS, Mch (Urosurgery) मूत्र एवं गुर्दा रोग विशेषज्ञ
न्यू राजेन्द्र नगर, अमलीडीह, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4222999, हेल्पलाइन नंबर- 7880003497
Khanna

ओम हॉस्पिटल NABH Entry Level
डॉ. विजय अग्रवाल एम.डी.एस. ओरल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जन
उपलब्ध सुविधाएं
• चेहरे की चोट एवं टूटे हुए जबड़ों का इलाज
• चेहरे की जन्मजात विकृतियों का इलाज
• गुटखा खाने के कारण मुंह के कम खुलने का इलाज
• लार के ग्रंथियों की विभिन्न बीमारीयों का इलाज
• छोटे - बड़े एवं जबड़ों के टेढ़ेपन का इलाज
• मुंह एवं चेहरे के कैंसर का इलाज
शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, BSKY, ESIC, CSEB, TPA एवं INSURANCE से फ्री में ईलाज
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.) मो. 8370008551
खरोरा रोड़, तिल्दा (छ.ग.) मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड,सरायपाली (छ.ग.) मो. 8370008558
#Rajesh

कैंसर के अत्याधुनिक इलाज, कीमोथेरपी, इम्यूनोथेरेपी, बोन मैरो ट्रांसप्लांट एवं पैलिएटिव केयर हेतु कुशल एवं विश्वसनीय टीम
डॉ विकास गोयल MD, DM रक्त रोग एवं ब्लड कैंसर विशेषज्ञ
डॉ अनिकेत ठोके MD, DNB, ESMO कीमोथेरेपी एवं इम्यूनोथेरेपी विशेषज्ञ
डॉ राकेश मिश्रा MD, DM कीमोथेरेपी एवं इम्यूनोथेरेपी विशेषज्ञ
डॉ अविनाश तिवारी MBBS, MD पेन एवं पैलिएटिव मेडिसिन विशेषज्ञ
NABH, छत्तीसगढ़ शासन, FCI, NMDC, SECL, CSEB, NTPC, Railway, SAIL, BSP, ESIC, BSKY (बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना, ओडिशा), आयुष्मान भारत, खूबचंद बघेल एवं सभी इंश्योरेन्स संस्थाओं से मान्यता प्राप्त।
संजीवनी कैंसर हॉस्पिटल
मरीजों के सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण इलाज के लिए NABH से पूर्ण मान्यता प्राप्त
दावड़ा कॉलोनी, पचपेड़ी नाका, रायपुर (छ. ग.)
7389905010, 7389904010, +91 7714081010, 4061010

कब्ज का काल कब्ज नाल
कब्जनाल चूर्ण
आप ने बहुत से कब्जीयत की दवा ली परंतु बात नहीं बनी स्नेह कब्जनाल चूर्ण के पहले खुराक से पेट खुश तो आप भी खुश पेट के संपूर्ण रोगों के लिए आर्शीवाद यह नये-पुराने चिपके हुए मल को शोधन कर आँतों को साफ रखता है। बवासीर को ठीक करता है।
पेशाब से जाने वाले चिपचिपे पदार्थ को तुरंत रोकता है।
सभी मेडिकल व जनरल स्टोर में उपलब्ध एक बार अवश्य प्रयोग करें
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें Mob. : 93032-42200

VY HOSPITAL We care for your Health ॥ मंगल भवन,अमंगलहारी ॥
Pre Accredited by NABH
लेप्रोस्कोपी एवं लेजर सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. विष्णु गुप्ता MBBS, MS, General, Laser & Laparoscopy Surgery Specialist, Proctologist
सुविधाएं
• दूरबीन पद्धति से सभी प्रकार के हर्निया का ऑपरेशन।
• दूरबीन पद्धति से पित्त की थैली, अपेंडिक्स का इलाज।
• दूरबीन पद्धति से बच्चेदानी की गाँठ एवं ऑपरेशन की सुविधा।
• छोटी एवं बड़ी आँत की बिमारियों का ईलाज व ऑपरेशन।
• सभी प्रकार की स्तन के गाँठ का ऑपरेशन।
• लेज़र मशीन द्वारा पाईल्स (बवासीर), फ़िशर्स (नासूर), फिस्टुला (भगंदर) ऑपरेशन की सुविधा।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
वी वाय हॉस्पिटल कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) Ph.: 0771-4622222 Toll Free 1800-1234-775
AdPRAYAS

पेट सफा टेबलेट्स
Dr. Juneja's पेट सफा
Natural Laxative TABLETS
EFFECTIVE RELIEF FROM CONSTIPATION
Ayurvedic Proprietary Medicine
Safe for daily use
Net Qty.: 30 Tabs.
पेट सफा...तो हर रोग दफा

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com